CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, शुक्रवार 13 जून 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 310 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00




shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 16 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**ट्रम्प ने मस्क की माफी स्वीकार की**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**हर गेंद पर चुनौती पेश करें भारतीय क्रिकेटर: गंभीर**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# आग का गोला बना एयर इंडिया ड्रीमलाइनर, 241 की मौत

## एक ब्रिटिश नागरिक जिंदा बचा, पांच मेडिकल स्टूडेंट्स की भी मौत, एयर इंडिया की फ्लाइट जा रही थी लंदन

**169 भारतीय, 53 ब्रिटिश सवार थे, गुजरात के पूर्व सीएम रूपाणी का भी निधन**

**ज्यादातर शव इतनी बुरी तरह झुलसे, पहचान करना हुआ मुश्किल, डीएनए टेस्ट से होगी पहचान**

अहमदाबाद, वार्ता

**अहमदाबाद में गुरुवार** दोपहर एयर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन क्रैश हो गया। इसमें 12 क्रू मेंबर समेत 242 लोग सवार थे। अब तक हादसे में केवल एक यात्री के जिंदा बचने की बात सामने आई है। बाकी सभी लोगों की मौत हो गई है। एक न्यूज एजेंसी ने पुलिस कमिश्नर के हवाले से जानकारी दी कि प्लेन की सीट नंबर 11-ए पर बैठे हुए भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक रमेश विश्वास कुमार हादसे में जिंदा बच गए हैं। उनका वीडियो भी सामने आया है। इससे पहले एजेंसी ने कहा था कि विमान में सवार सभी लोगों की मौत हो गई है। वहीं जिस हॉस्टल पर विमान गिरा है, वहां बोइंग ड्रीमलाइनर विमान बीजे मेडिकल कॉलेज परिसर में गिर गया। विमान का एक हिस्सा इंटर्न डाक्टरों के हॉस्टल के मेस में घुस गया। इससे पांच मेडिकल स्टूडेंट की मौत की खबर है। मृतकों में चार अंडरग्रैजुएट स्टूडेंट्स और एक पीजी रेजिडेंट डाक्टर बताया जा रहा है।

एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई-171 अहमदाबाद से लंदन जा रही थी। इसमें 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक समेत कुल 230 यात्री सवार थे। बाकी 12 क्रू मेंबर्स थे। हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का भी निधन हो गया है। भाजपा के राज्यसभा सांसद परिमल नाथवानी ने एक्स पर यह जानकारी दी। प्लेन जिस बिल्डिंग से टकराया, वहां अहमदाबाद के सिविल हॉस्पिटल के डाक्टर्स रहते हैं। जानकारी के मुताबिक हादसे के समय इमारत में 50 से 60 डाक्टर मौजूद थे, इनमें 15 से ज्यादा घायल हो गए हैं। हादसे की जगह से मिले ज्यादातर शव इतनी बुरी तरह झुलस चुके हैं कि उनकी पहचान करने में बेहद मुश्किल आ रही है। उनकी पहचान डीएनए टेस्ट के बाद ही संभव होगी। केरल के कोझिकोड में 7 अगस्त 2020 को एयर इंडिया एक्सप्रेस का विमान रनवे से फिसलकर क्रैश हो गया था। इसमें 21 -शेष पृष्ठ दो पर



## चमत्कार: एक यात्री जिंदा बचा



विमान हादसे में एक शख्स के जिंदा बचने की खबर है। अहमदाबाद के पुलिस कमिश्नर जीएस मलिक ने बताया कि पुलिस को सीट 11ए पर एक जीवित व्यक्ति रमेश विश्वास कुमार मिला। व्यक्ति अस्पताल में पाया गया है और उसका इलाज चल रहा है। अभी तक मौतों की संख्या के बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि विमान आवासीय क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हुआ है।

## मोदी, शाह और खड़गे समेत अनेक नेताओं ने विमान हादसे पर जताया शोक



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत अनेक नेताओं ने गुजरात के अहमदाबाद में गुरुवार को हुए विमान हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है और प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना जताई है।

श्री मोदी ने इसे दिल दहलाने वाली घटना बताते हुए कहा कि प्रभावित लोगों की सहायता के लिए हरसंभव कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक पर एक पोस्ट में लिखा कि अहमदाबाद में हुई त्रासदी ने हमें स्तब्ध और दुखी कर दिया है। यह शब्दों से परे दिल दहला देने वाली घटना है। इस दुखद घड़ी में मेरी संवेदनाएं प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। मैं मंत्रियों और अधिकारियों के संपर्क में हूं, जो प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे हैं।

## टाटा ग्रुप ने किया एक-एक करोड़ के मुआवजे का ऐलान

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया के अध्यक्ष एन. चंद्रशेखरन अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया की उड़ान संख्या ए-171 के दुर्घटनाग्रस्त होने की पुष्टि करते हुए इस पर गहरा शोक जताया और पीड़ित परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। टाटा ग्रुप ने पीड़ितों के लिए एक-एक करोड़ रुपये मुआवजा देने का ऐलान किया है। साथ ही विमान दुर्घटना में ध्वस्त हुई हॉस्टल की बिल्डिंग के निर्माण में भी मदद का आश्वासन दिया है।

श्री चंद्रशेखरन ने कहा कि मैं बहुत दुख के साथ इसकी पुष्टि करता हूं कि अहमदाबाद से लंदन के गैटविक के लिए उड़ान भरने वाली एयर इंडिया की उड़ान संख्या ए-171 दुर्घटना का शिकार हो गई। हमारी शोक संवेदनाएं इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना से प्रभावित सभी लोगों के परिजनों के साथ है। इस समय, हमारा ध्यान प्रभावित लोगों और उनके परिवारों के लोगों को ढांढस बंधाने पर है। हम दुर्घटनास्थल पर आपातकालीन सेवा में जुटी टीमों की सहायता करने और प्रभावित लोगों को सभी आवश्यक सहायता देने का काम पूरी ताकत के साथ कर रहे हैं। इस बारे में आगे जैसे ही और अधिक जानकारी मिलेगी उसे तत्काल अपडेट कर साझा करेंगे। विमान दुर्घटना के बारे में लोगों को जरूरी सूचना देने के लिए एक आपातकालीन केंद्र खोला गया है।

## पूरा देश खड़ा है प्रभावित परिवारों के साथ: मुर्मू



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अहमदाबाद में हुए विमान हादसे को हृदय विदारक बताते हुए कहा है कि दुख की इस घड़ी में पूरा देश प्रभावित परिवारों के साथ खड़ा है।

श्रीमती मुर्मू ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह इस घटना के बारे में जानकर 'बहुत व्यथित' हैं और उन्होंने इसे 'हृदय विदारक आपदा' कहा। राष्ट्रपति ने कहा कि अहमदाबाद में हुए दुखद विमान दुर्घटना के बारे में जानकर मैं बहुत व्यथित हूं। यह एक हृदय विदारक आपदा है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं प्रभावित लोगों के साथ हैं। राष्ट्र इस अवर्णनीय दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ा है। एयर इंडिया के अमहदाबाद से लंदन जा रहे विमान में चालक दल के 12 सदस्यों समेत 242 लोग सवार थे। विमान उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## भारत की एयरलाइनों के कुछ बड़े हादसे

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में गुरुवार को एयर इंडिया की उड़ान संख्या ए-171 की दुर्घटना से पहले देश की एयरलाइनों के कुछ बड़े विमान हादसे इस प्रकार हैं-

- एक जनवरी 1978 को एयर इंडिया की उड़ान संख्या 855 का बोइंग 747 विमान मुंबई से उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद अरब सागर में गिर गया। विमान के सभी 213 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की मृत्यु हो गई।
- 23 जून 1985 को टोरंटो से दिल्ली आ रहे एयर इंडिया की उड़ान संख्या 182 के विमान सम्राट कनिष्क को खालिस्तानी आतंकवादियों ने आयरलैंड तट के पास बम विस्फोट से उड़ा दिया। इस हमले में विमान में सवार सभी 329 लोगों की मौत हो गई। यह भारत का सबसे घातक विमान हादसा माना जाता है।
- 14 फरवरी 1990 को बेंगलुरु में एयरबस ए320 विमान लैंडिंग के दौरान रनवे से आगे निकलकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में 92 लोगों की मृत्यु हो गई।
- 12 नवम्बर 1996 को हरियाणा के चरखी दादरी में दो विमान हवा में ही टकरा गए थे। इसमें एक विमान सऊदी एयरलाइंस की उड़ान संख्या 763 और दूसरा कज़ाकिस्तान एयरलाइंस की उड़ान संख्या 1907 था। इस हादसे में दोनों विमानों में सवार सभी 349 लोगों की मौत हो गई।
- 22 मई 2010 को दुबई से मैंगलोर लौट रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस का बोइंग 737 विमान के रनवे से फिसलकर दुर्घटनाग्रस्त होने से 158 लोगों की मौत हो गई।
- सात अगस्त 2020 को केरल के कोझिकोड एयरपोर्ट पर एयर इंडिया एक्सप्रेस का वंदे भारत मिशन पर गया विमान दुबई से लौट रहा विमान रनवे से फिसल का दो हिस्सों में टूट गया। इस हादसे में 21 लोगों की जान चली गई।
- 17 जुलाई 2000 को अलायंस एयर के विमान के पटना के रिहायशी इलाके में गिरने से 56 यात्रियों की मौत हो गई थी।

## एयर इंडिया बोइंग के 787 ड्रीमलाइनर की है यह पहली घातक दुर्घटना

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में गुरुवार को हुई भीषण विमान दुर्घटना अमेरिकी विमान विनिर्माता कंपनी बोइंग के किसी बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान का दुनिया में पहला भीषण हादसा है, जिसमें यात्रियों और चालक दल के सदस्यों सहित विमान पूरी तरह से नष्ट हो गया है। समाचारपत्र न्यूयॉर्क टाइम्स में प्रकाशित एक लेख के मुताबिक बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमानों में परिचालन संबंधी कई खामिया प्रकाश में आती रही हैं, जिनमें यात्रियों के घायल होने की भी सूचना है। इस लेख के अनुसार इस विमान के साथ अभी तक कोई जानलेवा हादसा नहीं हुआ है। ड्रीमलाइनर भारत में पहली बार एयर इंडिया विमानों में 2012 में शामिल किए गए थे। ये विमान अपनी उच्च तकनीक, ईंधन की बचत और यात्रियों के लिए अधिक आरामदायक होने के कारण ये विमान विश्वभर की एयरलाइनों की पसंद में ऊपर बने हुए हैं। एयर इंडिया के बेड़े में 2016 में शामिल एक ड्रीमलाइनर बोइंग 787 विमान गुरुवार अपराह्न अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरते ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस विमान में 230 यात्री, दो पायलट और चालक दल के 10 सदस्य सवार थे।

## पायलट ने आखिरी समय पर मे-डे कॉल किया था

**अहमदाबाद।** विमान के पायलट सुमित सुब्बरवाल ने आखिरी मौके पर मे-डे कॉल दिया था। यह एक अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन कॉल है, जिसे पायलट उस स्थिति में भेजता है जब विमान गंभीर संकट में हो और उसे इमरजेंसी हेल्प की जरूरत हो। मे-डे शब्द की उत्पत्ति फ्रेंच शब्द 'मैदे' से हुई है, जिसका अर्थ होता है मदद कीजिए (हेल्प मी)। इसे तीन बार दोहराया जाता है 'मे-डे, मे-डे, मे-डे' वहीं विमान हादसे के बाद एयर इंडिया ने एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। यह नंबर 1800-5691-444 है।

## विमान दुर्घटना: स्थानीय प्रशासन की मदद को आई सेना

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में गुरुवार को हुई भीषण विमान दुर्घटना के बाद भारतीय सेना भी मदद के लिए आगे आई है तथा सेना के जवान राहत और बचाव अभियान में नागरिक प्रशासन का सहयोग कर रहे हैं। विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद मानवीय सहायता और आपदा राहत प्रयासों में नागरिक प्रशासन की सहायता के लिए सेना की 130 कर्मियों वाली टीमों को तैनात किया गया है। इन टीमों में मलबा हटाने के लिए जेसीबी के साथ इंजीनियरिंग टीमें, डाक्टरों और पैरामेडिक्स मेडिकल टीमें, त्वरित कार्रवाई दल तथा अग्निशामक यंत्र शामिल हैं।

## सीजेआई गवई ने विमान हादसे से प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और उनके साथी अन्य न्यायाधीशों ने गुजरात के अहमदाबाद में गुरुवार को हुए दुखद विमान हादसे से प्रभावित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। शीर्ष अदालत की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि मुख्य न्यायाधीश और उनके साथी न्यायाधीशों ने रजिस्ट्री के अधिकारियों के साथ मिलकर हादसे से प्रभावित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

## कटरा-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस में रिकॉर्ड बुकिंग

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर को शेष देश से जोड़ने वाली कटरा-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस में पिछले छह दिनों में रिकॉर्ड बुकिंग दर्ज की गई है और आगामी दो हफ्तों के लिए सीटें भी एडवांस में बुक हो गई हैं।रेलवे सूत्रों के मुताबिक ट्रेन अगले दो हफ्तों के लिए पूरी तरह से भरी हुई है। कटरा-श्रीनगर-कटरा दोनों दिशाओं में चलने वाली दो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों में 26 जून तक कोई सीट उपलब्ध नहीं है। उन्होंने बताया कि जुलाई के लिए भी सीटें बुक हो गई हैं। तीन जुलाई से शुरू हो रही वार्षिक अमरनाथ यात्रा के मद्देनजर भारी भीड़ होने की उम्मीद है। पर्यटकों और तीर्थयात्रियों के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी इस ट्रेन से यात्रा कर रहे हैं।

## मणिपुर में दूसरे दिन भी पांच जिलों में कर्फ्यू में ढील

**इंफाल।** मणिपुर में पांच जिलों में गुरुवार को 12 घंटे के लिए कर्फ्यू में ढील दी गई। जिला मजिस्ट्रेट के आदेशानुसार इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, काकचिंग, थौबल और विष्णुपुर में सुबह पांच बजे से शाम पांच बजे तक कर्फ्यू में ढील दी गई। राज्य सरकार ने गुरुवार को इंफाल पश्चिम और इंफाल पूर्व में शैक्षणिक संस्थान खोलने की घोषणा की। स्थिति तनावपूर्ण रहने के कारण हालांकि अधिकांश संस्थान बंद रहे। इन पांचों जिलों में इंटरनेट सेवाओं पर प्रतिबंध बरकरार है। सामाजिक सांस्कृतिक संगठन अरामबाई टेंगोल (एटी) ने अपने एक नेता की गिरफ्तारी के विरोध में 10 दिवसीय बंद का आह्वान किया था, जिसे मंगलवार को वापस ले लिया गया। संगठन ने कहा कि बंद हिंसक हो रहा है।

## माउंट एवरेस्ट फतह करने वाले एनसीसी कैडेट सम्मानित

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने माउंट एवरेस्ट को फतह करने वाले राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के पर्वतारोहण अभियान दल को गुरुवार को यहां दस लाख रुपये की राशि प्रदान कर सम्मानित किया। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को यहां एक वक्तव्य जारी कर बताया कि अभियान दल के कैडेटों ने रक्षा मंत्री से मुलाकात की। अभियान दल के सदस्यों की औसत आयु 19 वर्ष है और इनमें पांच लड़कियां और पांच लड़के शामिल है। दल ने गत 18 मई को माउंट एवरेस्ट पर सफलतापूर्वक चढ़ाई की। रक्षा मंत्री ने कर्नल अमित बिष्ट के नेतृत्व में टीम के अदम्य साहस, धैर्य और देशभक्ति का सम्मान करते हुए कठिन परिस्थितियों में यह उपलब्धि हासिल करने के लिए उन्हें 10 लाख रुपये का चेक प्रदान किया।

## पंजाबी इनफ्लुएंसर कमल कौर का शव कार से बरामद



**बठिंडा।** पंजाब पुलिस ने बुधवार रात बठिंडा में आदेश मेडिकल यूनिवर्सिटी के पास खड़ी कार के अंदर पंजाबी इन्फ्लुएंसर कमल कौर 'भाभी' का शव मिलने के बाद हत्या के पहलू से जांच शुरू कर दी है।

लुधियाना की रहने वाली कौर के इंस्टाग्राम पर 3.83 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं और वह नियमित रूप से रील पोस्ट करने के लिए जानी जाती थीं और अक्सर रूढ़िवादी सामाजिक मानदंडों को चुनौती देने वाली बोल्ड तस्वीरें और वीडियो शेयर करने के लिए सुर्खियों में रहती थीं। लोगों ने बताया कि बठिंडा-चंडीगढ़ हाईवे पर यूनिवर्सिटी के पार्किंग में खड़ी कार से दुर्गंध आ रही थी। जब पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन की तलाशी ली, तो उन्हएक महिला का शव मिला।

## कोर्ट की सतर्कता ज्यूडिशियल टेररिज्म में न बदले: सीजेआई



**नई दिल्ली।** सीजेआई बीआर गवई ने कहा कि ज्यूडिशियल रिव्यू (न्यायिक समीक्षा) की शक्ति का इस्तेमाल संयम से करना चाहिए। ऐसा तभी हो, जब कोई कानून संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करता हो।

एक लीगल न्यूज पोर्टल के सवाल का जवाब देते हुए जस्टिस गवई ने कहा कि कई बार आप (कोर्ट) सीमाओं को पार करने की कोशिश करते हैं और वहां घुसने की कोशिश करते हैं, जहां आमतौर पर न्यायपालिका को प्रवेश नहीं करना चाहिए। जस्टिस गवई ने आगे कहा कि ज्यूडिशियल अलर्टनेस जरूरी है, लेकिन इसे ज्यूडिशियल टेररिज्म में नहीं बदलना चाहिए। जस्टिस बीआर गवई ने कहा कि जब विधायिका और कार्यपालिका नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने में असफल रहती हैं, तब न्यायपालिका को हस्तक्षेप करना पड़ता है।

## गर्मी का सितम जारी, यूपी-बिहार में लू से पांच की मौत

**नई दिल्ली।** देश में बुधवार को राजस्थान का श्रीगंगानगर सबसे गर्म शहर रहा। यहां सीजन का सबसे ज्यादा पारा 48 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। 6 साल पहले 2019 में शहर का तापमान 49 डिग्री दर्ज किया गया था। मौसम विभाग ने राजस्थान के 13 जिलों में गुरुवार को भीषण गर्मी की चेतावनी दी है। बिहार के शिवहर में बुधवार को घर की मरम्मत कर रहे एक युवक की लू लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान रवि राम (30 साल) के रूप में हुई है। मौसम विभाग ने राज्य के सभी जिलों में हीटवेव का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। तापमान भी 1-2 डिग्री बढ़ सकता है। यूपी के अधिकतर जिलों में तापमान 40 डिग्री के पार है। बीते 24 घंटे में लू (हीटस्ट्रोक) से 4 लोगों की मौत हुई है। गुरुवार को भी प्रदेश के कई जिलों में हीटवेव की चेतावनी है। मध्य प्रदेश में गुरुवार को लगातार छठे दिन भीषण गर्मी का असर रहेगा। ग्वालियर, चंबल-सागर संभाग के 12 जिलों में लू चलने की संभावना है। इधर, दिल्ली में पारा 45 डिग्री पहुंचने के कारण रेड अलर्ट है। बुधवार को दिल्ली का आया नगर 45.0 डिग्री के साथ सबसे गर्म रहा। मौसम विभाग ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश में गर्मी का अलर्ट जारी किया है।

### दिल्ली में भीषण गर्मी के मद्देनजर रेड अलर्ट जारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को भीषण गर्मी जारी रहने पर मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी किया। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने कहा कि राजधानी दिल्ली में गुरुवार को चौथे दिन प्रचंड गर्मी का प्रकोप जारी रहा। विभाग ने इसके मद्देनजर रेड अलर्ट जारी किया है। उन्होंने लोगों से बहुत जरूरी काम होने पर घर से बाहर निकलने की बात कही और निरंतर पेयजल लेने की अपील की। इन दिनों गर्मी और उमस का असर लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है। विशेष रूप से बुजुर्ग, बच्चे और बाहर काम करने वाले लोग इससे अधिक प्रभावित हो सकते हैं। विभाग के बुलेटिन के मुताबिक राजधानी में 13 जून तक प्रचंड गर्मी और लू जारी रहेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### कारीगरों को बाजार मुहैया कराना सरकार का उद्देश्य: रिजिजू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि देश भर के कारीगरों और दस्तकारों को बाजार उपलब्ध कराना के उद्देश्य से सरकार ने लोक संवर्धन पर्व मनाने का निर्णय लिया है। रिजिजू ने गुरुवार को यहां लोक संवर्धन पर्व का उद्घाटन करने के बाद कहा कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि गांवों में जो कारीगरों के द्वारा बनाए गए सामान को बाजार तक लाने के लिए एक प्लेटफार्म का काम करेगा। उन्होंने कहा कि देश के एक राज्य से दूसरे राज्य में सामान बेचने में आसानी होगी। कारीगरों के आर्थिक जीवन में उत्थान लाने में मददगार साबित होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले ग्यारह साल में इतने काम हुए हैं कि उससे गिनना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि पहले सपना देखा जाता था अब हकीकत में बदल गया है और अर्थव्यवस्था ग्यारहवें स्थान से चौथे स्थान पर आ गया है और जल्द ही दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने वाले हैं।

### प्लेन हादसे पर स्पष्टीकरण दे सरकार: सपा


**लखनऊ।** गुजरात स्थित अहमदाबाद में एअर इंडिया प्लेन क्रैश की घटना पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शोक व्यक्त किया है। हालांकि सपा चीफ ने तत्काल स्पष्टीकरण की मांग की है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर अखिलेश ने लिखा कि अहमदाबाद प्लेन क्रैश की दुर्घटना का तुंरत स्पष्टीकरण आए, जिससे आशंकाओं का उन्मूलन हो सके। उन्होंने लिखा कि यात्रियों और क्रू के सदस्यों, सभी के लिए प्रार्थनाएं. सर्वोच्च स्तरीय बचाव, राहत और उपचार उपलब्ध कराया जाए। इस हादसे पर सिराथू विधायक और अपना दल कमेरावादी की नेता पल्लवी पटेल ने भी दुख जताया। उन्होंने लिखा कि अहमदाबाद के सरदार वल्लभ भाई पटेल एयरपोर्ट के पास मेघाणी नगर में विमान हादसे की खबर प्राप्त हुई। मैं भगवान बुद्ध से सभी यात्रियों और क्रू मेंबर्स की सुरक्षा के लिए प्रार्थना करती हूं। मेरी कामना है कि जो भी हताहत हुए हैं, वे जल्द से जल्द स्वस्थ हों।

### इमरान मसूद के दावों पर भड़की सपा

**मऊ।** यूपी में कांग्रेस और सपा में रार बढ़ती नजर आ रही है। सहारनपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस सांसद इमरान मसूद की सपा के खिलाफ लगातार बयानबाजी पर अब प्रतिक्रिया आई है। सपा ने कहा है कि इमरान मसूद बीजेपी की मदद कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी को संज्ञान लेने की जरूरत है। मऊ स्थित घोसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से सपा सांसद राजीव राय ने कहा कि इमरान मसूद को न कांग्रेस ने अधिकृत किया है और न ही वो इंडिया गठबंधन के प्रवक्ता है और न ही उत्तर प्रदेश के प्रभारी हैं। वो खुद समाजवादी पार्टी के सहारे जीते हुए एक सांसद हैं। उनको ऐसी भाषा नहीं बोलनी चाहिए।

# देश में कोरोना के सक्रिय मामले 7154 पर पहुंचे

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ पिछले 24 घंटों में महाराष्ट्र में दो और मप्र में एक मौत, मृतक संख्या बढ़कर 77 हुई

देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना संक्रमण के सक्रिय मामलों में कमी आई है, गुरुवार सुबह आठ बजे तक 33 नए मामले सामने आने के साथ ही कुल सक्रिय मामलों की संख्या 7154 तक पहुंच गई।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से आज जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में कोरोना के संक्रमण से महाराष्ट्र में दो और मध्य प्रदेश में एक मरीज की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर 77 हो गई है।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार मामलों में वृद्धि इस संक्रमण के नए उभरते वेरिएंट, विशेष रूप से एलएफ-7, एक्सएफजी, जेएन-1 और हाल ही में पहचाने गए एनबी-1-8-1 सबवेरिएंट के कारण हो रही है। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं। देश के 27 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में कोरोना सक्रिय मामलों में वृद्धि हुई है। जिनमें से केरल, दिल्ली, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में भी मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। आज सुबह तक 58 सक्रिय मामलों में कमी आने के बावजूद इसका आंकड़ा 2165 पर बना हुआ है और दिल्ली में लगभग 26 मामले घटने से संक्रमितों की कुल संख्या 731 रह गई। गुजरात में भी इसके मामले तेजी से बढ़कर 1281 तक पहुंच गए हैं। इसके अलावा पश्चिम बंगाल में 747, महाराष्ट्र में 615, कर्नाटक में 467, तमिलनाडु में 231, यूपी में 227, राजस्थान में 141, हरियाणा में 83, आंध्र प्रदेश में 103, मध्य प्रदेश में 86, छत्तीसगढ़ में 45, बिहार में 40, ओडिशा में 42, सिक्किम में 39, पंजाब में 31, जम्मू-कश्मीर में 12, झारखंड में 19, असम में 13, तेलंगाना में 12, पुड्डुचेरी में आठ, उत्तराखंड में चार मामले पाए गए।

## पाक सेना प्रमुख मुनीर को अमेरिका सेना दिवस पर बुलाना

# भारत के लिए कूटनीतिक झटका: कांग्रेस

**नई दिल्ली।**

कांग्रेस ने कहा है कि पहलगाम आतंकवादी हमले से पहले भड़काऊ बयान देने वाले पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को अमेरिकी सेना दिवस पर शामिल होने के लिए बुलाना गंभीर चिंता का विषय और भारत की सामरिक विफलता का प्रतीक भी है।

पार्टी ने कहा कि अमेरिका से इस तरह की खबरें आना हमारी कूटनीतिक स्थिति को असहज बनता है और मजबूत कूटनीति को इस तरह कमजोर होते देखना चिंता पैदा करता है, इसलिए सरकार को इस मुद्दे पर तुरंत सर्वदलीय बैठक और संसद का विशेष सत्र बुलाना चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को यहां एक बयान में कहा कि खबर है कि पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को अमेरिका के सेना दिवस (14 जून) के मौके पर वॉशिंगटन डीसी में आयोजित कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। यह खबर भारत के लिए कूटनीतिक और सामरिक दृष्टि से एक बड़ा झटका है। उन्होंने कहा कि यह वही व्यक्ति हैं, जिसने पहलगाम आतंकी हमले से ठीक पहले भड़काऊ और उकसाने वाली भाषा का इस्तेमाल किया था, सवाल उठता है कि अमेरिका की मंशा क्या है। अभी अमेरिकी सेंट्रल कमांड के प्रमुख ने भी बयान दिया था कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में पाकिस्तान, अमेरिका का एक 'शानदार साझेदार' है। मोदी सरकार कह रही है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है, ऐसे में पाकिस्तानी सेना प्रमुख का अमेरिकी सेना दिवस में बतौर अतिथि शामिल होना निश्चित ही गंभीर चिंता का विषय है। कांग्रेस नेता ने कहा कि अमेरिका सहित पूरी दुनिया को पाक की आतंकवाद-समर्थक भूमिका से अवगत कराकर लौटे प्रतिनिधि मंडल का प्रधानमंत्री अभी स्वागत-सत्कार कर ही रहे हैं और उसी वक्त वाशिंगटन डीसी से इस तरह की खबरें आ रही हैं, जो भारत की कूटनीतिक स्थिति को और असहज बनाती हैं।



■ इस मुद्दे पर भारत सरकार को तुरंत सर्वदलीय बैठक और संसद का विशेष सत्र बुलाना चाहिए: जयराम रमेश

### अयोध्या को 'मदिरालय' बना रही योगी सरकार, कुंभ मृतकों का छिपा रही है आंकड़ा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने पैसा कमाने के लिए पवित्र नगरी अयोध्या को 'मदिरायल' में तब्दील कर दिया है और वहां प्रतिबंधित क्षेत्र में शराब बेची जा रही है। कांग्रेस के उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जिस अयोध्या को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, उसका सच अब सामने आ गया है। साफ़ है कि इस सरकार ने पैसे कमाने के लिए अयोध्या में शराब की दुकानें खोली हैं। भगवान राम की अयोध्या नगरी को मदिरामय कर दिया गया है। यह अयोध्या का अपमान है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में नगर निगम कार्यसमिति ने गत एक मई को राम पथ के 13 किलोमीटर के दायरे में शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन असलियत यह है कि रामजन्मभूमि के आसपास के कई इलाकों में शराब की दुकानें संचालित हो रही हैं।

### मोदी ने 11 वर्षों में तोड़ा हर वादा: राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर गुरुवार को सीधा हमला करते हुए हर वादा तोड़ाने का आरोप लगाया और कहा कि पिछले 11 वर्षों में उन्होंने देश की जनता से कई वादे किए, लेकिन कोई भी वादा निभाया नहीं। कांग्रेस नेता ने आज कहा कि मोदी लोगों को लुभाने के लिए खूब वादे करते हैं, लेकिन कोई वादा पूरा नहीं करते हैं। वह वादा तोड़ते हैं, इसलिए उनका हर वादा जुमला साबित हो जाता है। उन्होंने देश के युवाओं को राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनाने की बजाए सपने तोड़कर उन्हें बेरोजगार बनाया है। गांधी ने यहां जारी बयान में कहा कि प्रधानमंत्री ने 11 वर्षों में हर वादा तोड़ा। दो करोड़ नौकरियां देने का वादा जुमला बन गया। पकौड़े तलवाए, फॉर्म भरवाए, लेकिन कोई दिशा नहीं दी। डिग्री के बाद भी नौकरी नहीं, तैयारी के बाद भी भर्ती नहीं, मेहनत के बाद भी सम्मान नहीं। ये सिर्फ़ बेरोज़गारी नहीं- ये देश के युवाओं की उपेक्षा है। उन्हें एक सपना दो। उन्हें राष्ट्रनिर्माण में भागीदार बनाओ।

# अमरनाथ यात्रा में 125 लंगर लगाए जाएंगे

**जम्मू, वार्ता**

■ सामग्री और शेड लगाने के लिए ले जाने वाले ट्रक 15 जून से पहुंचना शुरू हो जाएंगे

केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में आगामी तीन जुलाई से शुरू होने वाली वार्षिक श्री अमरनाथ यात्रा में प्रदेश के प्रवेश द्वार लखनपुर से दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित पवित्र गुफा मंदिर तक करीब 125 लंगर लगाए जाएंगे।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि लखनपुर से बाबा बर्फानी के मंदिर तक करीब 125 लंगर लगाए जाएंगे, जिसमें पहलगाम और बालटाल मार्ग भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि लंगर सामग्री और शेड लगाने के लिए ढांचागत उपकरण ले जाने वाले ट्रक 15 जून से जम्मू-कश्मीर पहुंचना शुरू हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि लंगर लगाने की प्रक्रिया इस महीने के अंत तक पूरी हो जाएगी। इस वर्ष तीन जुलाई से शुरू होने वाली 38 दिवसीय यात्रा रक्षाबंधन के दिन नौ अगस्त को समाप्त होगी। पहला जत्था दो जुलाई को जम्मू से रवाना होगा। अधिकारियों ने बताया कि यात्रा मार्गों के अलावा अमरनाथ श्राइन बोर्ड द्वारा लंगर संगठनों को अनुमति दिए जाने के बाद लखनपुर से श्रीनगर और पहलगाम तथा बालटाल तक 50 से अधिक लंगर लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों के लंगर संगठन गुफा मंदिर के रास्ते में सामुदायिक रसोई स्थापित करेंगे। उन्होंने बताया कि कुल 25 लंगर बालटाल और दोमेल में, 13 लंगर पवित्र गुफा में, आठ शेषनाग में, पांच पिस्सूटॉप में, 12 पंचतरणी में, सात चंदनवाड़ी में, नौ नुनवान में और पांच जोजीबल में आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जम्मू आधार शिविर यात्री निवास भगवती नगर में पांच लंगर और जम्मू-पठानकोट तथा जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्गों पर करीब 50 लंगर लगाए जाएंगे। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने लंगर संगठनों के लिए भोजन मेनू को भी अंतिम रूप दिया है और उन्हें तैलीय वस्तुओं से बचने के लिए कहा है। श्राइन बोर्ड ने तीर्थयात्रियों को पौष्टिक और स्वस्थ भोजन खाने के लिए भी प्रोत्साहित किया है। श्री अमरनाथ की पवित्र गुफा अनंतनाग जिले के पहलगाम में स्थित है और हिंदुओं का एक प्रमुख तीर्थ स्थल है।जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को यात्रा मार्ग के रखरखाव, उन्नयन और चौड़ीकरण का भी निरीक्षण किया।

### किसानों का संबल बनी सीएम कृषक दुर्घटना कल्याण योजना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में दुर्घटना में किसी किसान की मृत्यृ-दिव्यांगता आदि होने पर आश्रितों/परिवारों के लिए मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना संबल बनी है। यह योजना 14 सितंबर 2019 से लागू हुई थी। योजना के अंतर्गत दुर्घटनावश मृत्यु-विकलांगता की दशा में अधिकतम पांच लाख रुपए दिए जाने का प्रावधान है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत शुक्रवार (13 जून) को अंबेडकर नगर के शिवबाबा मैदान में जनपद के 431 लोगों को सहायता राशि का चेक प्रदान करेंगे। इसमें 408 लोगों को पांच लाख रुपए की सहायता प्रदान की जाएगी।

# उत्तर प्रदेश में कल से शुरू होगा बारिश का दौर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ भीषण गर्मी के दौरान मिलेगी लू से राहत, 14 जून से मानसून की उम्मीद

**लखनऊ।** पूरा उत्तर भारत इन दिनों भीषण गर्मी और लू की चपेट में है, लेकिन 14 जून से मौसम में बदलाव आने की उम्मीद है। 14 जून के बाद प्रदेश में तीन से चार दिनों तक आंधी और बारिश की संभवना है, जिससे लू और गर्मी से राहत मिलने की संभावना है।

गर्मी के कारण लोगों का सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है। सभी लोग बेसब्री से बारिश का इंतजार कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में भी गर्मी से लोग काफी परेशान नजर आ रहे हैं। फिलहाल मौसम विभाग ने यहां शुक्रवार में कोई बड़ा बदलाव होने की संभवना जताई है। हालांकि इसके बाद प्रदेश में बारिश और आंधी की संभावना नजर आ रही है। इसके बाद ही प्रदेशवासियों को लू से राहत मिल सकेगी। यूपी को लेकर मौसम विभाग ने नाइट हीट वेव का अलर्ट जारी किया है। अब दिन के साथ-साथ रात में भी भीषण गर्मी का कहर जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, यूपी के कई जिलों में गुरुवार को आंशिक रूप से बादल छाए थे। इससे तापमान में गिरावट हो सकती है, लेकिन उमस और तपिश भरी गर्मी से राहत नहीं मिलेगी।

प्रदेश में सबसे ज्यादा तापमान आगरा का 45.4 डिग्री सेल्सियस किया गया है। दूसरा सबसे ज्यादा तापमान वाला जिला बांदा रहा। यहां पारा 44.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। अंचलिक विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया है कि फिलहाल प्रदेश में कोई असरदार मौसम प्रणाली सक्रिय नहीं है। इस वजह से मौसम शुष्क बना हुआ है और धरती की सतह से निकलने वाली गर्मी (विकिरणीय ऊष्मन) के कारण तापमान लगातार बढ़ रहा है। इसी कारण बीते कुछ दिनों से ज्यादातर जगहों पर तापमान सामान्य से काफी ज्यादा बना हुआ है। अगले 1-2 दिन तक इसमें कोई बड़ा बदलाव होने की फिलहाल कोई संभवना नही हैं।

## अर्थ व्यापार अर्थ व्यापार अर्थ व्यापार

# इजरायल-ईरान तनाव से बाजार में कोहराम

**मुंबई, वार्ता**



इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव से विश्व बाजार में आई गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा भारी बिकवाली से गुरुवार को शेयर बाजार में कोहराम मैच गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 823.16 अंक अर्थात 1.00 प्रतिशत का गोता लगाकर 81,691.98 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 253.20 अंक यानी 1.01 प्रतिशत लुढ़ककर 24888.20 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 45,827.04 अंक और स्मॉलकैप 1.38 अंक लुढ़ककर 53,531.47 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई में कुल 4151 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2729 में बिकवाली जबकि 1282 लिवाली वहीं 140 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2969 कंपनियों के शेयरों में से 2112 में गिरावट जबकि 783 में तेजी रही वहीं 74 में टिकाव रहा। बीएसई के 21 समूहों में जबरदस्त बिकवाली हुई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 57 अंक बढ़कर 82,571.67 अंक पर खुला और लिवाली के दम पर 82,661.04 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं बिकवाली शुरू होने से यह लगातार गिरता हुआ 81,523.16 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 82,515.14 अंक के मुकाबले 1.00 प्रतिशत टूटकर 81,691.98 अंक पर आ गया। इसी तरह निफ्टी 25,164.45 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 25,196.20 अंक के उच्चतम जबकि 24,825.90 अंक के निचले स्तर पर रहा।

### एनएसई को सेबी से मासिक बिजली वायदा अनुबंध

**मुंबई।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया ने कहा कि उसे मासिक बिजली वादा अनुबंध शुरू करने के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड से विनियामक अनुमोदन प्राप्त हो गया है। एनएसई द्वारा मासिक बिजली वायदा शुरू करने का उद्देश्य बाजार सहभागियों को बिजली की कीमतों में उतार-चढ़ाव के खिलाफ प्रभावी 'हेजिग' उपकरण प्रदान करना, अधिक सटीक मूल्य संकेतों को सक्षम करना और बिजली मूल्य श्रृंखला-उत्पादन, संचरण, वितरण और खुदरा में पूंजी निवेश को प्रोत्साहित करना है।

# चुनिंदा दालों में नरमी, खाद्य तेलों में उबाल

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर आज मांग निकलने से खाद्य तेलों में उबाल आ गया और इस दौरान चुनिंदा दाल दलहन में नरमी रही।

इस दौरान मीठे के बाजार में टिकाव रहा। तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 40 रिंगिट उतरकर 3880 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.15 सेंट की तेजी के साथ 47.53 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में सरसों तेल 182 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 330 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 512 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 365 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 1620 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 1318 रुपए प्रति क्विंटल उबल गया। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल- दलहन : दाल-दलहन के बाजार में चुनिंदा दाल दलहनों में तेजी रही। इस दौरान मूंग दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल, उड़द दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल और अरहर दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल टूट गई, जबकि चना, चना दाल और मसूर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे।

इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5700- 5900, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7500-7600, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8600-8700 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

### सिंधु जल संधि निलंबन का लाभ उठाया जाएगा: खट्टर

**श्रीनगर।** केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने गुरुवार को कहा कि सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) के वर्तमान निलंबन का पूरा लाभ देश के बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए उठाया जाएगा। खट्टर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ समीक्षा बैठक के बाद श्रीनगर में मीडिया के साथ बातचीत कर रहे थे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**आग का गोला..**

यात्रियों की मौत हुई थी, जबकि 110 लोग घायल हुए थे। इसमें कोरोना के दौरान वंदे भारत मिशन के तहत दुबई से भारतीयों को लाया जा रहा था। एयर इंडिया की फ्लाइट नंबर एआई-171 ने दोपहर 1:38 बजे उड़ान भरी थी। दोपहर 1:40 बजे यह क्रैश हो गई। जानकारी के मुताबिक विमान एयरपोर्ट की दीवार और एयर कस्टम कार्गो ऑफिस के पास क्रैश हुआ। विमान के गिरते ही पूरे इलाके में धुएं का गुबार दिखाई दिया। अहमदाबाद सिविल अस्पताल में स्ट्रेचर कम पड़े, तो हाथ ठेले से लेकर पहुंचे शव, अस्पताल में ओ निगेटिव ब्लड की कमी अहमदाबाद प्लेन क्रैश होने के बाद हादसे के शिकार लोगों को इलाज के लिए सिविल अस्पताल लाया गया। अस्पताल में स्ट्रेचर कम पड़े तो हाथ ठेले से शवों को ले जाया गया। अस्पताल में ओ निगेटिव ब्लड की कमी होने के बाद ब्लड डोनेशन की अपील की है। अहमदाबाद में एयर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन सिविल हास्पिटल के हॉस्टल की 4 बिल्डिंग से टकराया था। जिनमें रेजिडेंट डाक्टर रहते थे। घटना के दौरान हॉस्टल में 50 से 60 इंटर्न डाक्टर्स मौजूद थे। ज्यादातर मेस में लंच कर रहे थे। बोइंग 787.8 ड्रीमलाइनर विमान की बैट्री से बनावट तक विवाद बोइंग का 787.8 ड्रीमलाइनर विमान अपनी फ्यूल एफिशिएंसी और आरामदायक सफर के लिए जाना जाता है। हालांकि इसकी सेफ्टी को लेकर लगातार सवाल उठते रहे हैं। इसमें खामियां सामने आने के बाद दुनियाभर में इसकी फ्लीट के उड़ान भरने पर 3 महीने के लिए रोक लगा दी गई थी। अहमदाबाद में क्रैश हुए एयर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन में पंजाब भाजपा के प्रभारी एवं गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी का निधन हो गया। वह 3 साल से पंजाब और चंडीगढ़ भाजपा के प्रभारी थे। उन्होंने 3 दिन पहले लुधियाना में वेस्ट हलका के उपचुनाव में पार्टी उम्मीदवार जीवन गुप्ता के लिए प्रचार किया था। एयर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन में सवार एक यात्री आकाश वत्स ने कहा कि मैंने इसी विमान में कुछ गड़बड़ियां देखी थीं। सीट का टच स्क्रीन नहीं चल रहा था, बटन खराब थे। मैं यह वीडियो एयर इंडिया को भेजना चाहता था। मैं और ज्यादा जानकारी देना चाहता था। कृपया मुझसे संपर्क करें।

# भाजपा ने टैगोर के मकान पर हमले के लिए यूनुस की भर्त्सना की

**नई दिल्ली, वार्ता**



भारतीय जनता पार्टी ने बंगलादेश में नोबेल पुरस्कार से अलंकृत गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के पैतृक घर पर इस्लामिक कट्टरपंथियों के हमले और दोषियों पर मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किए जाने की कड़ी निंदा की है और वैश्विक समुदाय से इस कृत्य के खिलाफ एकजुट होने की अपील की है।

भाजपा के प्रवक्ता डा. संबित पात्रा ने यहां पार्टी के मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में बंगलादेश की अंतरिम सरकार की भर्त्सना करने के साथ ही पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार की इस घटना पर चुप्पी की आलोचना की और कहा कि सुश्री बनर्जी वोटबैंक की राजनीति के कारण चुप्पी साधे हैं, जबकि भाजपा सभ्यतागत मूल्यों की राजनीति के कारण मुखर हुई है। डा. संबित पात्रा ने कहा कि आप सबको विदित है कि मंगलवार को गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर जी के बंगलादेश में स्थित पैतृक घर पर हमला हुआ और उसको काफी क्षति पहुंचाई गई। गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर कोई आम शख्सियत नहीं थे। वे असाधारण विविधता वाले व्यक्ति थे। उन्होंने अपने साहित्य, दर्शन और दृष्टि के माध्यम से दुनिया को बहुत योगदान दिया। टैगोर सीमाओं तक सीमित नहीं थे, उनकी विरासत राष्ट्रों से परे थी। उन्होंने 2 राष्ट्र के राष्ट्रगान को लिखा। भारत के राष्ट्रगान 'जन-गण-मन' को रबिन्द्रनाथ जी की कलम ने ही संजोया और बंगलादेश के राष्ट्रगान को भी उन्होंने ही लिखा था। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस घर पर हाल ही में हुआ हमला हिंसा की एक पूर्व नियोजित घटना में किया गया था। रवीन्द्रनाथ टैगोर के दादा जी द्वारकानाथ टैगोर ने 1840 में ढाका से लगभग 125 किमी दूर सिराजगंज में एक दोमंजिला घर बनाया था। मीडिया के माध्यम से पता चल रहा है कि उनके घर पर ये जो हमला हुआ है ये 'जमात-ए-इस्लामी' और 'हिफाजत- ए-इस्लाम' संगठन के लोगों ने योजनाबद्ध तरीके से किया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## वन्यजीव बोर्ड की 21वीं बैठक में मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

# वन संपदाओं को आजीविका से जोड़ने के हों विशेष प्रयास: धामी



■ ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए बनेगा 10 वर्ष का प्लान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** वन्यजीव बोर्ड की 21वीं बैठक के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वन विभाग के अधिकारियों को वनों के संरक्षण के साथ ही वन संपदाओं को लोगों की आजीविका से जोड़ने की दिशा में विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए।

गुरूवार को सचिवालय में हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि ईकोलॉजी और ईकोनॉमी में संतुलन बनाते हुए आगामी 10 सालों के लिए विस्तृत प्लान करते हुए वन क्षेत्रों के आस-पास ईको-टूरिज्म की गतिविधयों को बढ़ावा दिया जाए। साथ ही मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को कम करने के साथ ही ऐसी घटनाओं में त्वरित मुआवजा वितरण के लिए डिजिटल ट्रैकिंग सिस्टम लागू किया जाए।

### हल्द्वानी जू एंड सफारी निर्माण में तेजी के निर्देश

मुख्यमंत्री ने बैठक में निर्देश दिये कि हल्द्वानी में जू एण्ड सफारी के निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि वन विश्राम भवनों का रख-रखाव पर्यटकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए राजस्व बढ़ाने के प्रयास किये जाएं। मुख्यमंत्री ने चौरासी कुटिया के जीर्णोधार से संबंधित कार्यों में भी तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने नवाचार पर जोर देते हुए कहा कि उत्तराखण्ड वनों की बहुलता वाला प्रदेश है, इसलिए वन संपदाओं को आर्थिकी से जोड़ने के प्रयास किये जाए, इसके लिए वन विभाग और वित्त विभाग बैठक करें। महासीर के संरक्षण के लिए विशेष प्रयास किये जाएं।

### नए डेस्टिनेशन पर करना है काम: सुबोध उनियाल

वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि उत्तराखंड जैव विविधता की दृष्टि से महत्वपूर्ण राज्य है।

वन संपदाओं के सही उपयोग और इसे लोगों की आजीविका से जोड़ने की दिशा में निरंतर कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमें नये डेस्टिनेशन विकसित करने की दिशा में कार्य करने होंगे। बैठक में विधायक बंशीधर भगत, दीवान सिंह बिष्ट, प्रमुख सचिव वन आर. के सुधांशु, पुलिस महानिद. ेशक दीपम सेठ, प्रमुख वन संरक्षक डॉ. धनंजय मोहन, प्रमुख वन संरक्षक वन्यजीव आर.के.मिश्रा, सचिव बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम, नीरज खैरवाल और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## गुप्तकाशी व ज्योतिर्मठ में बैंक की नई शाखाओं का सीएम ने किया शुभारंभ

**देहरादून (शाह टाइम्स)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को गुप्तकाशी एवं ज्योतिर्मठ में एक्सिस बैंक की नई शाखाओं का वर्चुअल शुभारंभ किया। गुप्तकाशी और ज्योतिर्मठ दोनों ही चार धाम यात्रा के महत्वपूर्ण पड़ाव हैं। इन स्थानों पर बैंक की शाखाएं खुलने से स्थानीय लोगों के साथ श्रद्धालुओं को भी सहायता मिलेगी। मुख्यमंत्री ने गुप्तकाशी एवं ज्योतिर्मठ में एक्सिस बैंक की नई शाखाओं के शुभारंभ पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इससे सीमांत क्षेत्रों में आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं का विस्तार होगा। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, विधायक बंशीधर भगत, डॉ. मोहन सिंह बिष्ट, आशा नौटियाल, एक्सिस बैंक के प्रबंध निदेशक अमिताभ चौधरी, अपर सचिव मनमोहन मैनाली मौजूद थे।

# टिहरी झील बनेगी विश्वस्तरीय टूरिस्ट डेस्टिनेशन



■ मुख्य सचिव ने विस्तृत कार्य योजना बनाने के दिए निर्देश ■ टिहरी झील डेवलपमेंट के कार्यों की मुख्य सचिव ने की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्य सचिव ने सचिव पर्यटन को टिहरी झील और उसके आसपास के क्षेत्र को वर्ल्ड लेवल का टूरिस्ट हब डेस्टिनेशन बनाने के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाते हुए अगली बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

एशियाई विकास बैंक सहायतित टिहरी झील एरिया डेवलपमेंट प्रोजेक्ट उच्चाधिकार प्राप्त समिति की मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में सचिवालय सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में परियोजना निदेशक द्वारा टिहरी झील एरिया डेवलपमेंट प्रोजेक्ट से संबंधित चौथी एचपीसी की बैठक के निर्देशों की अनुपालन आख्या प्रस्तुत की गई, साथ ही वर्तमान में गतिमान 19 उप प्रोजेक्ट की स्टेटस रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई। मुख्य सचिव ने गतिमान निविदा प्रक्रिया से संबंधित प्रकरणों एवं उनकी वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने टिहरी लेक एरिया डेवलपमेंट के कार्यों टूरिज्म रोड, डेवलपमेंट आफ डोबरा चांटी पार्क, अपग्रेडेशन ऑफ तिवाड़ गांव, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट इत्यादि की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए संतोष व्यक्त किया और तेजी से कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में किसी भी प्रोजेक्ट का कंपलीट ग्राउंड सर्वे करने के पश्चात ही डीपीआर तैयार करें ताकि प्रोजेक्ट के सभी पहलू सम्मिलित हो जाए और प्रोजेक्ट की बाद में लागत में बढ़ोतरी की संभावना भी ना रहे। इस दौरान बैठक में प्रमुख सचिव आर मीनाक्षी सुंद. रम, सचिव पर्यटन सचिन कुर्वे, सचिव वी. षणमुगम, परियोजना निदेशक-अपर सचिव अभिषेक रोहेला, वित्त निदेशक जगत सिंह चौहान, सहायक प्रोजेक्ट निदेशक राजेश पंत, सिविल इंजीनियर भवन एवं अवसंरचना कपिल कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना सिविल सेवकों का मूल उद्देश्य होना चाहिए: बिरला



■ एलबीएस आईएएस एकेडमी मसूरी में बोले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ■ सिविल सेवकों को करुणा, निष्पक्षता और कर्तव्यनिष्ठा के साथ समाज के कल्याण में योगदान देना चाहिए ■ एलबीएस आईएएस एकेडमी के 127 वें इंडक्शन प्रशिक्षण समापन समारोह को किया संबोधित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मसूरी।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि जनजीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना ही सिविल सेवकों का मार्ग दर्शक उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि वे शासन में नवाचार और पारदर्शिता को प्रभावी उपकरण के रूप में अपनाएं, ताकि समाज की बेहतरी सुनिश्चित हो सके और आमजन की अपेक्षाओं की पूर्ति की जा सके।

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए), मसूरी में 127 वें इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित करते हुए श्री बिरला ने कहा कि विशेषकर वंचित और हाशिए पर खड़े लोग प्रशासन से आशा रखते हैं और अधिकारियों का दायित्व है कि वे करुणा, निष्पक्षता और कर्तव्यबोध के साथ उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरें।

ओम बिरला ने एलबीएसएनएए को लोकतांत्रिक मूल्यों, सादगी और ईमानदारी का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह संस्था राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों को ष्कर्मयोगीष संबोधित करते हुए उनसे आग्रह किया कि वे देश की प्रगति और जनकल्याण के लिए सक्रिय और संवेदनशील भूमिका निभाएं। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र के तीन प्रमुख स्तंभों में कार्यपालिका की भूमिका बेहद अहम है। नीतियों के निर्माण के बाद उन्हें जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका जीवन, सादगी और विचार आज भी लोकसेवकों को प्रेरित करते हैं। भारत की विविधता का उल्लेख करते हुए ख्र भाषाई, सांस्कृतिक, भौगोलिक और सामाजिक ख्र उन्होंने कहा कि देश ने इन विविधताओं के बावजूद सामूहिक भागीदारी पर आधारित एक मजबूत लोकतांत्रिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था विकसित की है, जो विश्व भर में एक उदाहरण है।

## बीकेटीसी वित्त अधिकारी की छुट्टी पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने बदरी-केदार मंदिर समिति (बीकेटीसी) में वित्त अधिकारी की छुट्टी को लेकर सरकार से सवाल किए हैं। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान वरिष्ठ वित्त अधिकारी आनंद सिंह को हटाना हैरानीजनक है, जबकि उन्होंने मंदिर समिति में वित्तीय अनियमितताओं पर सख्ती दिखाई थी।

दसौनी ने आरोप लगाया कि नए अध्यक्ष के आने के बाद समिति को खोखला कर रहे तंत्र ने पहले उन्हीं को निशाना बनाया। उन्होंने यह भी बताया कि समिति में सेवा नियमावली के मुताबिक मुख्य कार्यपालक अधिकारी का पद वरिष्ठ पीसीएस या जूनियर आईएएस अधिकारी के लिए था, मगर वर्तमान सीईओ द्वितीय श्रेणी के भी अधिकारी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सीईओ ने नियमों से बाहर जाकर 40 कर्मियों को एसीपी का लाभ दिया और वित्त अधिकारी को नजरअंदाज कर आदेश जारी किए, जबकि शिकायतों के बावजूद उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। दसौनी ने कहा, ष्वित्तीय गड़बड़ियों को उजागर करने वाले अधिकारी को हटाना और नियमविरुद्ध काम करने वालों को संरक्षण देना बताता है कि दाल में काला नहीं, पूरी दाल ही काली है।

# नकली सीबीआई अधिकारी बनकर ऑनलाइन ठगी करने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** नकली सीबीआई और ईडी अधिकारी बनकर फर्जी आदेशो,



■ एसटीएफ ने छत्तीसगढ़ से पकड़ा आरोपी, करोड़ों की कर चुका था ऑनलाइन साइबर ठगी

गिरफ्तारी वांरट व अन्य कागजातों का बात बोलकर लोगों को चूना लगाने वाले साइबर ठग को आपरेशन प्रहार अभियान के चलते एसटीएफ ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। एसटीएफ एसएसपी नवनीत भुल्लर ने बताया कि पीड़ित से व्हटसअप वीडियो कॉल के माध्यम से आनलाईन जोड़कर फर्जी सीबीआई और ईडी का अधिकारी बनकर डरा धमकाकर तथा गिरफ्तारी का भय दिखाकर 1.3 करोड रूपये की धनराशी को अलग-अलग तारीखो में विभिन्न बैक खातो मे लेकर उनसे आरोपियों ने आनलाईन धोखाधडी की थी।

जिसके चलते साईबर धोखाधड़ी प्रकरण जनपद चम्पावत के थाना लोहाधाट से स्थानान्तरित होकर साईबर क्राईम पुलिस स्टेशन कुमाँयू परिक्षेत्र को प्राप्त हुआ था एसटीएफ ने ऑनलाइन धोखाप्रकरण का खुलासा करते हुए एक साइबर ठग पिंकू वर्मा पुत्र महेन्द्र प्रसाद वर्मा निवासी अम्बिका विहार सी रोड महावीरपारा थाना अम्बिका विहार जिला सरगुजा छत्तीसगढ को गिरफ्तार किया।

बताया गया है किसाईबर अपराधी पीड़ित को डिजिटली अरेस्ट बात बोलकर कर एजेन्सियों का भय दिखाने के लिये उनको आरबीआई, सीबीआई के नाम पर एप से ही नोटिस भेजे जाते थे जिससे पीडित में भय बना रहे । डिजिटल अरेस्ट की अवधि के दौरान पीडित को अपने किसी रिश्तेदार, सहकर्मी व परिवार. जनों के साथ सम्पर्क में नहीं रहने की हिदायत दी जाती थी । तथा गिरफ्तार करने की धमकी दी जाती थी । डिजिटल अरेस्टिंग के दौरान अभियुक्त द्वारा पीडित को बताये गये फर्जी खातों में धनराशि स्थानान्तरित करने को बोला जाता था तथा रजिस्टर्ड मनी लॉण्ड्रिंग के केस से बचा लेने व खातों में भेजी गयी धनरा. शि को रिफाईन करने के पश्चात वापस करने का झांसा दिया जाता था । जिससे पीडित साईबर अपराधियों के झांसे में आकर उनके बताये गये खातों में धनराशि जमा कर देते थे । परन्तु पीडित को स्वयं के साथ हो रही साईबर धोखाधड़ी का अंदेशा नही हो पाता था । अपराधियों द्वारा धोखाधडी से प्राप्त धनराशि को विभिन्न बैक खातों में प्राप्त कर उक्त धनराशि को अन्य खातों में स्थानान्तरण कर दिया जाता था ।

## अहमदाबाद विमान हादसे के कारण भाजपा के सभी कार्यक्रम स्थगित

■ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा के निर्देश पर किए गए स्थगित

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश पर अहमदाबाद विमान हादसे के चलते, पार्टी के सभी कार्यक्रमों को तत्काल प्रभाव से स्थगित किया गया है। प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने इस दुखद घटना पर संवेदना व्यक्त करते जान गंवाने वाले लोगों की आत्मा को प्रभु श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना की है। वहीं ईश्वर से पीड़ित परिजनों को इस असीम दुख सहने का सामर्थ्य प्रदान करने और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य होने की कामना की है।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने जानकारी दी कि देश की तरह राज्य में भी केंद्र सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। दुखद विमान हादसे को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्पष्ट निर्देश हैं कि सभी कार्यक्रम तत्काल प्रभाव से स्थगित किए जाएं। इनमें जो कार्यक्रम वर्तमान में संचालित हो रहे होंगे, उन्हें दुर्धटना के मृतकों को श्रद्धांजलि देने के साथ ही समाप्त कर दिया गया है। वहीं इसी क्रम में गुरुवार को जिला मुख्यालयों में होने वाले शेष इन्फ्लूएंसर मीट एवं अन्य कार्यक्रम को रद्द किया गया है। यह सभी सांगठनिक कार्यक्रम केंद्रीय नेतृत्व के अगले निर्देशों तक स्थगित रहेंगे।

# कैंची धाम में यात्रा प्रबंधन की व्यवस्थाएं होंगी मजबूत



■ श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश ■ तेजी से बढ़ रही श्रद्धालुओं की संख्या, एक वर्ष में पहुंचे 24 लाख श्रद्धालु

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** कैंचीधाम मेले की व्यापकता और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए तात्कालिक, मध्यकालिक और दीर्घकालिक योजनाएं तैयार करने के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास में उच्च स्तरीय बैठक के दौरान स्पष्ट किया कि तात्कालिक उपायों से मेले के वर्तमान संचालन को बेहतर बनाया जाए, वहीं मध्यकालिक और दीर्घकालिक योजनाओं के माध्यम से स्थायी एवं सुदृढ़ प्रबंधन प्रणाली विकसित की जाए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने सेनेटोरियम से भवाली पेट्रोल पंप से आगे तक लगभग 3 किलोमीटर मार्ग पर हो रही कटिंग कार्य को युद्धस्तर पर पूर्ण करने के निर्देश भी दिए, ताकि यातायात व्यवस्था को और बेहतर किया जा सके। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर. के सुधांशु, आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव शैलेश बगौली, विनय शंकर पांडेय, अपर पुलिस महानिद. ेशक ए.पी अंशुमान, वर्चुअल माध्यम से आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल, एस.एस.पी नैनीताल पी. एस. मीना उपस्थित थे।

### धारण क्षमता से कई गुना अधिाक आते हैं श्रद्धालु: जिलाधिकारी

जिलाधिकारी नैनीताल वंदना सिंह ने बताया कि कैंची धाम की धारण क्षमता



कम है, जबकि मेले के दौरान क्षमता से अधिक कई गुना श्रद्धालु आते है। इस वर्ष 2.5 लाख से 03 लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है, जिससे ट्रैफिक प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण के लिए व्यवस्थित प्लान तैयार किया गया है। उन्होंने भविष्य में कैंची धाम में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पंजीकरण व्यवस्था लागू करने एवं अधिकतम सीमा निर्धारित करने का सुझाव दिया, जिससे यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुगम बनाया जा सके।

## अहमदाबाद विमान हादसे पर जमीअत ने जताया गहरा शोक

**देहरादून( शाह टाइम्स )।** अहमदाबाद में हुए दर्दनाक विमान हादसे को लेकर जमीअत उलेमा-ए-हिंद उत्तराखण्ड ने गहरा दुख व्यक्त किया है। इस हादसे में कई लोगों की जान चली गई और कई गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जमीअत के प्रदेश अध्यक्ष मौलाना हुसैन अहमद और प्रदेश महासचिव मौलाना शराफत अली कासमी ने एक संयुक्त बयान जारी कर कहा कि यह घटना अत्यंत ही पीड़ादायक और दिल दहला देने वाली है। उलेमाओं ने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए खुदा से दुआ की और उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा कि 'हम इस मुश्किल घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ हैं।

# केस्ट्रल एविएशन पर रोक

## चारधाम हेलिकॉप्टर हादसों पर डीजीसीए की सख्ती

■ 35 फीसदी तक उड़ानों में कटौती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड में बीते एक महीने के भीतर हुए चार हेलिकॉप्टर हादसों ने सरकार और एविएशन एजेंसियों की चिंताओं को गहरा कर दिया है। चारधाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की हवाई यात्रा में आए इस असामान्य खतरे को देखते हुए नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने सख्त कदम उठाते हुए केस्ट्रल एविएशन की सभी सेवाओं पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है।

चारधाम यात्राख्रकेदारनाथ, बद्रीनाथ, यमुनोत्री और गंगोत्री के लिए हेलिकॉप्टर सेवा दे रही 9 कंपनियों में से केस्ट्रल एविएशन पर यह कार्रवाई हाल ही में हुई तकनीकी खामियों और सुरक्षा मानकों की अनदेखी के आरोपों के आधार पर की गई है।

डीजीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, वर्तमान में यात्रा पर लगी सभी एविएशन कंपनियों की उड़ानों में 25 से लेकर 35 प्रतिशत तक की कटौती की गई है। केदारनाथ रूट पर सबसे ज्यादा उड़ानों में कटौती की गई है, जहां हालिया दुर्घटनाएं देखने को मिली थीं। अब कंपनियां अपनी मनमर्जी से टेक-ऑफ नहीं कर सकेंगी। प्रत्येक उड़ान के लिए डीजीसीए और उत्तराखंड सिविल एविएशन डेवलपमेंट अथॉरिटीकी अनुमति लेना अनिवार्य कर दिया गया है। साथ ही, हर उड़ान से पहले पायलट

### मुख्यमंत्री धामी ने जताई चिंता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हेलिकॉप्टर हादसों पर गहरी चिंता जताते हुए कहा, चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। जो भी एजेंसियां लापरवाही कर रही हैं, उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीजीसीए द्वारा की गई कार्रवाई स्वागत योग्य है। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि यात्रा सुचारु और सुरक्षित रहे।

# डॉ. रश्मि पंत बनीं प्रभारी निदेशक एनएचएम

■ स्वास्थ्य विभाग में दूसरे दिन 51 चिकित्सकों के तबादले

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार ने चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में एक बार फिर बड़े स्तर पर चिकित्सकों के स्थानांतरण आदेश जारी किए हैं। विभाग में दूसरे दिन 51 चिकित्सकों के तबादले किए गए हैं। साथ ही डॉ. रश्मि पंत को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की प्रभारी निदेशक नियुक्त किया गया है। यह कार्यवाही उत्तराखण्ड लोक सेवकों के लिए वार्षिक स्थानांतरण अधिनियम, 2017 के अंतर्गत की गई है। स्थानांतरण की यह प्रक्रिया शासन स्तर पर गठित स्थानांतरण समिति की संस्तुति और विभागीय समीक्षा के आधार पर की गई, जिसमें समूह-क के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों (पीएमएचएस संवर्ग) को शामिल किया गया है।

स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने बताया चिकित्सकों के स्थानांतरण में पारदर्शिता, सेवा संत. ुलन और राज्यभर में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्तापूर्ण उपलब्धता को ध्यान में रखा गया है। हमारा प्रयास है कि दूरस्थ और दुर्गम क्षेत्रों में भी विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित हो, ताकि वहां की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। उन्होंने यह भी कहा कि स्थानांतरण केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि मानव संसाधन प्रबंधन का रणनीतिक हिस्सा है। जो चिकित्सक लंबे समय से एक ही स्थान पर कार्यरत थे, उन्हें अब ऐसे क्षेत्रों में भेजा गया है जहां उनकी सेवाओं की तत्काल आवश्यकता है। कुछ चिकित्सकों को उनकी विशेषज्ञता के अनुरूप स्थानों पर नियुक्त किया गया है ताकि अधिकतम स्वास्थ्य लाभ सुनिश्चित हो सके। तबादलों की सूची में जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी), प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) और राजकीय मेडिकल कॉलेजों में कार्यरत विशेषज्ञ चिकित्सक व जनरल फिजिशियन शामिल हैं। कई चिकित्सकों ने स्वयं स्थानांतरण हेतु आवेदन किया था, जिन्हें उनकी प्राथमिकता के अनुसार स्थान आवंटित किया गया है। वहीं कुछ स्थानांतरण सेवा अवधि और विभागीय आवश्यकता के अनुसार सुनिश्चित किए गए हैं। सभी तबादले तत्काल प्रभाव से लागू माने जाएंगे।

# संकट और आपदा के वक्त मिलेगी फौरन आर्थिक मदद : रेखा



■ मुख्यमंत्री महिला एवं बाल विकास बहुमुखी सहायता निधि नियमावली को कैबिनेट से मंजूरी ■ अंग्रेजी शराब पर सैस के जरिए जुटाया जाएगा फंड

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** आपदा या किसी आकस्मिक दुर्घटना में अनाथ बेसहारा हुए बच्चों, किशोरियों, आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं और वृद्ध महिलाओं को अब तुरंत आर्थिक मदद मिल सकेगी। इसके लिए कैबिनेट ने बीते दिवस मुख्यमंत्री महिला एवं बाल बहुमुखी सहायता निधि की नियमावली को मंजूरी दे दी है।

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि इस कॉरपस फंड के लिए पैसा शराब बिक्री पर सैस के जरिए जुटाया जाएगा। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि इसके तहत आपदा या दुर्घटना में अनाथ हुए बच्चों, महिलाओं, किशोरियों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, दिव्यांग किशोरियों और वृद्ध महिलाओं को आर्थिक मदद दी जाएगी। यह आर्थिक मदद जरूरत के अनुसार रहने, खाने की सुविधा जुटाने, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्किल डेवलपमेंट जैसे उद्देश्यों के लिए दी जाएगी। इसके अतिरिक्त आपदा या दुर्घटना के चलते अगर किसी पात्र का रोजगार संकट में आता है तो उसे भी इसके तहत मदद दी जा सकेगी। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि इस योजना की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें तुरंत मदद मिलेगी। नियमावली में इसके तहत आने वाले आवेदनों के निस्तारण की समय सीमा पहले ही निर्धारित कर दी गई है।

पात्र से आवेदन मिलने पर ब्लॉक स्तरीय संयुक्त टीम अधिकतम 5000 की धनराशि तुरंत जारी कर सकेगी। इसके बाद 10000 से 25000 तक की सहायता राशि पर जनपद स्तरीय कमेटी निर्धारित 15 कार्य दिवस के भीतर निर्णय लेगी और पीड़ित को डीबीटी के जरिए मदद दी जाएगी। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने बताया कि जिन मामलों में और ज्यादा आर्थिक मदद की जरूरत है उसके लिए राज्य स्तर पर कमेटी गठित की जाएगी और यह कमेटी 500000 तक की धनराशि के प्रस्ताव को स्वीकृत करेगी।

### यह भी मिलेगा लाभ

- पात्र महिलाओं, बच्चों के लिए फूड किट, न्यूट्रिशन किट, मेडिकल किट शौच संबंधी किट की व्यवस्था
- प्राकृतिक आपदा और दुर्घटना में घायल या गर्भवती महिला और बच्चों को हायर सेंटर ले जाने के लिए एंबुलेंस, भोजन, आवास की त्वरित व्यवस्था
- गर्भवती महिला और परिवार के सदस्य के लिए एक सप्ताह की आवासीय और ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था के लिए सहायता
- कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय हॉस्टल की आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी छात्राओं को कोचिंग के लिए सहायता
- मनरेगा में कार्य स्थल पर महिलाओं और उनके बच्चों को न्यूट्रिशन किट और टेंपरेरी शेल्टर की व्यवस्था
- कंस्ट्रक्शन साइट्स पर काम करने वाली माता और उनके 6 साल तक के बच्चों के लिए दुर्घटना के समय तुरंत नगद सहायता

# डीएम ने दिए संरक्षण व जनजागरूकता के निर्देश

■ सोंग नदी पुनर्जीवन परियोजना पर विशेष जोर, रोजगार और पर्यावरण संरक्षण का होगा समन्वय
टिहरी में नदी उत्सव को लेकर हुई महत्वपूर्ण बैठक, नदियों को लेकर जनसहभागिता बढ़ाने पर बल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** नदियों के संरक्षण और पुनर्जीवन को लेकर टिहरी प्रशासन ने व्यापक तैयारियों की रूपरेखा तैयार कर ली है। इसी क्रम में गुरुवार को जिला सभागार नई टिहरी में




जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल की अध्यक्षता में "नदी उत्सव कार्यक्रम" को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सोंग नदी पुनर्जीवन परियोजना, नदियों के महत्व पर जन-जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण और रोजगार सृजन जैसे अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर नदियों के किनारे स्वच्छता अभियान चलाएं और स्थानीय लोगों को नदी संरक्षण के प्रति जागरूक करें। साथ ही शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि विद्यालयों में बच्चों को नदियों के उद्गम स्थल, प्रवाह और संगम की जानकारी देकर उनके मन में पर्यावरणीय चेतना जागृत की जाए। नदी उत्सव कार्यक्रम को रोजगार से जोड़ने की दिशा में भी प्रयास तेज करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से समन्वय कर स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ट्राउट फार्मिंग और अन्य रोजगारपरक गतिविधियों के लिए विस्तृत प्रस्ताव तैयार करने को कहा।उप निदेशक जलागम एवं सोंग नदी परियोजना के सदस्य नवीन सिंह बरफवाल ने बैठक में चेकडैम निर्माण की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी। वहीं अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई विभाग बृजेश गुप्ता ने चाल-खाल, रिचार्ज पिट, खांतिया और कैचमेंट एरिया में किए जा रहे कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि इन सभी कार्यों की आधारभूत मूल्यांकन रिपोर्ट तैयार की जाए और गांवों के समीप बने चेकडैम का सौंदर्यकरण कर उसे पर्यटन और शिक्षा के केंद्र के रूप में विकसित किया जाए।उन्होंने जोर देकर कहा कि नदियों से जुड़े कार्यों को रोजगार के अवसरों से जोड़ा जाए, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय आजीविका में भी सुधार हो। साथ ही जिले भर में वृहद स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए।बैठक में डीडीओ मो. असलम, अधिशासी अभियंता पेयजल निगम चंबा के.एन. सेमवाल, अधिशासी अभियंता जल संस्थान नई टिहरी प्रशांत भारद्वाज, डीटीडीओ एस.एस. राणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भौतिक और वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।

# ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरा है केन्द्र सरकार का 11 वर्षों का कार्यकाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद प्रभारी एवं पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि केन्द्र सरकार का 11 वर्षों का कार्यकाल अनेक एतिहासिक उपलब्धियों से भरा है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत के अमृतकाल की ओर बढ़ रहा है और सेवा, सुशासन और जन कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। आज भारत का डंका पूरे विश्व में बज रहा है।

रुद्रप्रयाग भाजपा जिला कार्यालय में केन्द्र सरकार के 11 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलब्ध में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि आज भारत विश्व की सबसे बड़ी चौथी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। भारत ने जापान को भी पीछे छोड़ दिया है। पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर चलाकर भारत ने दिखा दिया है कि वह किसी के आगे झुकना वाला नहीं है। आतंकियों को अब चुन-चुनकर मारा जा रहा है। कोई भी देश अब भारत पर हमला करने से पहले कई बार सोचेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत के अमृतकाल की ओर बढ़ रहा है और सेवा, सुशासन और जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार केंद्र सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में पूरी तत्परता से जुटी है। उन्होंने केदारनाथ धाम में हो रहे पुनर्निर्माण कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि तीर्थ यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिसके परिणामस्वरूप एक माह में रिकॉर्ड श्रद्धालुओं ने बाबा केदार के दर्शन किए। उन्होंने कहा कि 2014 से पूर्व कांग्रेस सरकार के समय भारत भ्रष्टाचार, घोटालों और तुष्टिकरण के लिए जाना जाता था, लेकिन वर्तमान में भारत विकास, नवाचार और तकनीकी प्रगति के पथ पर अग्रसर है। अब सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों को ट्रांसफर हो रहा है। यह परिवर्तन केंद्र सरकार की दूरदर्शी नीतियों का परिणाम है। उन्होंने रक्षा क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से लेकर मेड इन इंडिया तक भारत आत्मनिर्भर बन रहा है। आज पाकिस्तान में टेस्टेड और दुनिया में ट्रस्टेड हो चुका है।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए हादसे में कंपनी ने पीड़ित पक्ष को दी आर्थिक सहायता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** शिवालिक बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा सतपुली गुमखाल मार्ग पर सड़क चौड़ीकरण का कार्य विगत दो तीन माह से चल रहा है जिसमें कंपनी के द्वारा संतोषजनक कार्य किया जा रहा था।

परंतु 7 जून 2025 की रात्रि को एक हादसे मे पोकलैंड चालक प्रवीण बर्थवाल और एक स्थानीय युवक डाडामंडी निवासी सुमन देवरानी की किसी बात को लेकर बहस हो गई जिसमें दोनों ओर से हाथापाई और गाली गलौज के बाद पोकलैंड चालक ने पोकलैंड से सुमन देवरानी पर वार कर दिया जिसमें सुमन देव. रानी की मृत्यु हो गई।

इसके बाद प्रशासन द्वारा आरोपी पोलैंड चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।उक्त संबंध में शिवालीक बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा मृतक के परिवार के प्रति सहानुभूति दिखाते हुए मृतक के परिजनों को 12 लाख रुपए की आर्थिक मदद की जिसमें 6 लाख रुपए मृतक की माता रेखा देवी को तथा 6 लाख रुपए मृतक की पत्नी पूजा देवरानी के खाते में ट्रांसफर कर दी है।

वहीं मृतक के पुत्र आरव देवरानी को 5 वर्ष से 22 वर्ष तक भारत में कहीं भी स्नातक की उपाधि तक पढ़ाई के लिए पूरा खर्च उठाने की जिम्मेदारी भी कंपनी ने अपने ऊपर ले ली है। वहीं परिवार के एक सदस्य को कंपनी में योग्यता के अनुसार स्थाई नौकरी देने के लिए भी कंपनी ने आश्वासन दिया है। जिस संबंध में कंपनी के द्वारा परिजनों को लिखित में एक एग्रीमेंट भी साइन करके दे दिया है। संभवत इससे पीड़ित के परिवार को थोड़ी राहत मिलेगी।

# राशन डीलरों के लिए ई-पॉस मशीन प्रशिक्षण शुरू

■ 15 जून तक 28 स्थानों पर होगा प्रशिक्षण, 800 दुकानों में मशीनें लग चुकीं हैं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद टिहरी में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को तकनीकी रूप से और अधिक पारदर्शी और सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिला पूर्ति विभाग ने ई-पॉस मशीनों के संचालन के लिए राशन डीलरों का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू कर दिया है। यह प्रशिक्षण आगामी 15 जून तक जिले के 28 निर्धारित स्थानों पर संपन्न कराया जाएगा।

जिला पूर्ति अधिकारी मनोज कुमार डोभाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के कुल 1038 राशन डीलरों की दुकानों में नई ई-पॉस मशीनें स्थापित की जानी हैं, जिनमें से अब तक लगभग 800 दुकानों में यह कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इन मशीनों के प्रभावी संचालन के लिए डीलरों को प्रशिक्षण देना अनिवार्य है,



जिसे तेजी से पूरा किया जा रहा है। ई-पॉस मशीनों की स्थापना और प्रशिक्षण का कार्य आर्मी इंफोटेक कंपनी के सहयोग से किया जा रहा है। यह मशीनें अत्याधुनिक तकनीक से लैस हैं, जिनमें बायोमेट्रिक सत्यापन, ओटीपी, और आई-कॉन्टेक्ट सैंपल की सुविधाएं उपलब्ध हैं। इससे राशन वितरण की प्रक्रिया न केवल पारदर्शी होगी, बल्कि कार्डधारकों को सटीक और सुरक्षित तरीके से राशन भी प्राप्त होगा। डोभाल ने बताया कि ई-पॉस मशीन की विशेषता यह है कि राशन वितरण के दौरान दी गई जानकारी नेटवर्क न होने की स्थिति में भी सुरक्षित रहती है और जैसे ही नेटवर्क उपलब्ध होता है, सभी विवरण स्वत: अपडेट हो जाते हैं। इससे नेटवर्क बाधा की स्थिति में भी राशन वितरण प्रक्रिया प्रभावित नहीं होगी।

प्रशिक्षण के दौरान डीलरों को मशीनों के संचालन की समस्त जानकारी दी जा रही है और उनकी तकनीकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है। प्रशिक्षक श्री राज ने बताया कि प्रशिक्षण में डीलरों की शंकाओं का समाधान कर उन्हें नए सिस्टम के साथ सहजता से काम करने के लिए तैयार किया जा रहा है। पूर्ति विभाग की इस तकनीकी पहल से जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक सशक्त, पारदर्शी और जवाबदेह बनाए जाने की दिशा में एक मजबूत कदम माना जा रहा है।

## एक नजर .......

### 23 जून से राज्यव्यापी आंदोलन की चेतावनी

**कोटद्वार।** अनुसूचित जाति, जनजाति शिक्षक एसोसिएशन ने पदोन्नति में आरक्षण विषयक जस्टिस इरशाद हुसैन आयोग की रिपोर्ट सार्वजनिक न करने पर रोष व्यक्त किया है और रिपोर्ट सार्वजनिक न करने पर 23 जून से राज्यव्यापी आंदोलन की चेतावनी दी है। गुरूवार को यहां जारी एक बयान में एसोसिएशन के प्रदेश संरक्षक डॉ सोहनलाल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के क्रम में तत्कालीन मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा ने पदोन्नति में आरक्षण विषयक जस्टिस इरशाद हुसैन आयोग का गठन किया था। आयोग के सरकार को रिपोर्ट देने के बाद भी आज तक रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं हो पाई। इस कारण एससी, एसटी शिक्षकों व कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। कहा कि पदोन्नति में आरक्षण पर रोक के कारण उच्च पदों पर एस सी, एस टी का प्रतिनिधित्व न्यून हो रहा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि रिपोर्ट के सार्वजनिक न किए जाने पर एसोसिएशन 23 जून से राज्यव्यापी आंदोलन पर बाध्य होगी।

### गढ़वाली फिल्म मिशन देवभूमि का कोटद्वार में आज से होगा शुभारंभ

**कोटद्वार।** गढ़वाली फिल्म मिशन देवभूमि का प्रदर्शन आज शुक्रवार से फलनैक्स सिनेमाघर में होगा। गुरूवार को यह जानकारी देते हुए निर्माता रवि मंमगाई ने बताया कि फिल्म प्रदेश के ज्वलंत मुद्दों लव जेहाद, भूमि जेहाद व बेराजगारी संबधी मुद्दों पर फोकस करती है। बताया कि महानगरों में अच्छा बिजनेस करने के बाद फिल्म आज कोटद्वार के सिनेमा हाल में प्रदर्शित हो रही है। शाम साढ़े चार बजे से आरंभ होने वाले फिल्म के प्रथम शो का शुभारंभ नगर निगम महापौर शैलेंद्र सिंह रावत करेंगे। इस फिल्म में स्थानीय कलाकार प्रवेंद्र सिंह रावत, दीपक देव सागर, ईशा जखमोला व संदीप छिलबट आदि ने भी अभिनय किया है।

### 11 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में भाजपा ने की प्रेस वार्ता

**कोटद्वार।** केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के 11 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में भाजपा की ओर से आयोजित प्रेस वार्ता में कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 11 साल देश के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज किए जाएंगे। यह कार्यकाल आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण की नींव साबित हुआ है। गुरुवार को लाल बत्ती चौक स्थित एक होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में भाजपा के प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी ने कहा कि मोदी सरकार की योजनाएं सीधे आम लोगों के जीवन से जुड़ी हैं। आयुष्मान भारत योजना से अब गरीबों को मुफ्त इलाज मिल रहा है। पहले योजनाओं का लाभ गरीबों तक नहीं पहुंचता था, अब सरकारी सहायता सीधे खातों में पहुंच रही है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि यह भारत के साहस और संकल्प का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने कहा कि बीते 11 वर्षों में मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने, तीन तलाक खत्म करने, जीएसटी लागू करने और वक्फ कानून में बदलाव जैसे साहसिक फैसले लिए हैं। कहा कि मोदी सरकार के कार्यों की बदौलत अब शासन सेवा का माध्यम बन गया है। रक्षा निर्यात 30 गुना बढ़ा है और भ्रष्टाचार पर लगातार प्रहार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी को केंद्र में रखा गया है। सरकारी योजनाओं की निगरानी हो रही है, पारदर्शिता के लिए ई-नीलामी को बढ़ावा दिया गया है। योग और आयुर्वेद को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दिलाई गई है। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता नवीन ठाकुर, जिलाध्यक्ष राज गौरव नौटियाल, लैंसडौन विधायक दिलीप रावत, मेयर शैलेंद्र रावत, मंडल अध्यक्ष विकासदीप मित्तल, संयोजक जगमो. हन रावत सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भारत में अब युगान्तकारिक परिवर्तन देखने को मिला:गैरोला

**श्रीनगर।** विकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल पूरे होने पर गुरूवार को श्रीनगर के अदिति स्मृति न्यास में प्रबुद्धजन सम्मेलन आयोजित किया गया। इस मौके पर राज्य मंत्री ज्योति गैरोला ने कहा कि 11 साल पहले का भारत और अब का भारत में युगान्तकारिक परिवर्तन देखने को मिले है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में बीते 11 वर्षों में सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के मार्ग पर ऐतिहासिक प्रगति की है उनके मजबूत और निर्णायक नेतृत्व में भारत हर चुनौती का सामना करते हुए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का साहस दिखा रहा है। कहा कि आज देश की सीमाएं पूर्ण रूप से सुरक्षित है। राज्य मंत्री ज्योति गैरोला ने कहा कि सेना ने ऑपरेशन सिंदुर से सौहर्य और साहस दिखाकर पाकिस्तानी धरती पर 11 एयरबेस तबाह कर दुनिया में भारत की ताकत का डंका बजाया और दुनिया को भारत की ताकत से अवगत करवाया है। कहा कि कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत के नेतृत्व में श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है।

# मोदी सरकार के ग्यारह साल स्वर्णिम युग के प्रतीक: रेखा आर्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने गुरुवार को नई टिहरी में आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन और प्रेस वार्ता में मोदी सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह एक ऐसा स्वर्णिम काल है, जिसने आजाद भारत के इतिहास में नई इबारत लिखी है। उन्होंने कहा कि बीते 11 वर्षों में देश ने हर क्षेत्र में जो प्रगति की है, वह अभूतपूर्व और प्रेरणादायक है।

नई टिहरी के होटल गैलेक्सी में आयोजित इस सम्मेलन में कैबिनेट मंत्री ने कहा कि आज भारत वैश्विक आर्थिक मंच पर चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। निर्यात के क्षेत्र में निरंतर वृद्धि हो रही है और



'मेक इन इंडिया' जैसे अभियानों ने भारत को केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि एक सशक्त उत्पादक और निर्यातक राष्ट्र में बदलने की दिशा में अग्रसर किया है।

उन्होंने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में हुए कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि हाल ही में सम्पन्न ऑपरेशन सिंदूर के दौरान स्वदेशी हथियारों की सटीकता ने पूरी दुनिया को हैरान कर दिया। उन्होंने इसे भारत की तकनीकी और रक्षा क्षमताओं में आई नई क्रांति बताया।

रेखा आर्य ने कहा कि मोदी सरकार ने देश की जनता को बैंकिंग प्रणाली से जोड़कर योजनाओं में पारदर्शिता लाई है, जिससे सरकारी लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंचा है और भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीति, नीयत और नेतृत्व ने देश के 25 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने में सफलता प्राप्त की है, जिसकी सराहना आईएमएफ और यूएनडीपी जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने भी की है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता को सेवा, समर्पण और सहभागिता का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह सरकार केवल सत्ता का उपभोग नहीं करती, बल्कि हर निर्णय में देश की जनता को भागीदार बनाती है।

रेखा आर्य ने धारा 370 की समाप्ति, वक्फ संशोधन बिल, नागरि. कता संशोधन कानून (सीएए) जैसे फैसलों को मोदी सरकार की निर्णय लेने की क्षमता और इच्छाशक्ति का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि इन फैसलों से यह स्पष्ट होता है कि यह सरकार देशहित में आवश्यक निर्णय लेने से पीछे नहीं हटती।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र बिष्ट, विधायक किशोर उपाध्याय, जिलाध्यक्ष उदय रावत, राजेंद्र जुयाल, चतर सिंह चौहान, रागनी भट्ट, सुंदरलाल उनियाल, चंद्रवीर नेगी, विजय कठैत सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 6 जून को आइएचएमएस संस्थान के मैदान में कराया जाएगा योगाभ्यास

**कोटद्वार।** महिला पतंजलि योग समिति की ओर से इस वर्ष के अंत. रराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आइएचएमएस संस्थान के मैदान में योग कराया जायेगा। इस संबध में संस्थान प्रबंधन ने भी सहमति दे दी है। गुरूवार को महिला पतंजलि की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शोभा रावत ने संस्थान के मैदान में समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक की।उन्होंने कहा कि योग दिवस के अवसर पर समिति के सभी पदाधिकारियों का समय पर निर्धारित स्थान पर पहुंचना आवश्यक है। समारोह में साधकों को प्रोटोकाल के अंतर्गत योगाभ्यास कराया जायेगा। मौके पर समिति से जुड़ी महिला साधकों और योग प्रेमी जनता से 21 जून को सुबह 6 बजे मैदान में पहुंचने का आह्वान किया गया।

# आम जनता से वन विभाग ने की सतर्कता बरतने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विगत 30 मई को रुद्रप्रयाग वन प्रभाग के दक्षिणी जखोली रेंजान्तर्गत ग्रामसभा डोडा चमसारी में गुलदार नेरूपा देवी पर हमला कर मृत कर दिया गया था। घटना के उपरान्त प्रमुख वन संरक्षक वन्यजीव/मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक के आदेश पर इस क्षेत्र में वन विभाग की टीमों 4 पिंजरे तथा 20 कैमरा ट्रैप्स लगाये गये थे तथा टीमों द्वारा गुलदार प्रभावित क्षेत्रों में गश्त/जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा था। गुलदार को पिंजरे में पकडने व ट्रेक्यूलाईज करने के निरन्तर प्रयास किये गये। इस बीच 10 जून को जखोली क्षेत्रांतर्गत मखेत (आश्रम) में सांय लगभग साढ़े सात बजे गुलदार ने श्रीमती रामेश्वरी देवी पत्नी कैलाश चन्द बुटोला पर जानलेवा हमला कर मृत कर दिया। महिला की मौत के बाद रात्रि लगभग ढ़ाई बजे विभागीय टीम घटना स्थल पर मृत महिला और गुलदार के सेम्पल (खून बाल, लार, पद चिन्ह) एकत्रित करने पहुंची तो कुछ दूरी पर गुलदार घात लगाये बैठा पाया गया। विभागीय टीम की ओर से गुलदार को ट्रैक्यूलाइज करने का प्रयास किया गया। इसी दौरान गुलदार द्वारा विभागीय टीम पर हमला किया गया। जिसके बाद विभागीय टीम द्वारा आत्म रक्षा के लिए गुलदार पर गोली चला दी गयी, जिससे उक्त गुलदार की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। मृत गुलदार का स्यालसौड रेस्क्यू सेन्टर में पशु चिकित्साधिकारियों द्वारा पोस्टमार्टम किया गया।

# इसी सत्र से प्रारंभ होगा केंद्रीय विद्यालय कोटद्वार : ऋतु खण्डूडी

■ कोटद्वार वासियों के लिए महत्वपूर्ण रहा ऋतु खण्डूडी की घोषणा का दिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** कोटद्वार क्षेत्रवासियों के लिए गुरुवार का दिन एक ऐतिहासिक एवं अत्यंत हर्ष का दिन रहा, जब वर्षों से प्रतीक्षित केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति की घोषणा उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण द्वारा की गई। इस अवसर पर उन्होंने समस्त कोटद्वार और भाबर क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कोटद्वार वासियों का केंद्रीय विद्यालय का सपना आज साकार हुआ है।

यह केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं, बल्कि क्षेत्र के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में कोटद्वार की पहचान हमेशा से अग्रणी रही है, और केंद्रीय



विद्यालय की स्थापना से यहां के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों के बच्चों को भी राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्राप्त होगी।बताया कि विगत तीन वर्षों से मैं इस विद्यालय की स्वीकृति के लिए लगातार प्रयासरत रही। शासन स्तर पर फाइल स्वीकृति की प्रक्रिया में थी, जिसमें अब सफलता प्राप्त हुई है। यह सौगात केवल मेरा नहीं, कोटद्वारवासियों के सामूहिक प्रयासों एवं आशीर्वाद का परिणाम है। पूर्व में भी कई जनप्रतिनिधियों और जागरूक नागरिकों द्वारा इसके लिए कार्य किया गया है, मैं उन सभी का सम्मान करती हूं। केंद्रीय विद्यालय की स्थापना मगनपुर, किशनपुर स्थित राजकीय इंटर कॉलेज के भवन में की जाएगी। भूमि का नि:शुल्क हस्तांतरण पहले ही सुनिश्चित किया जा चुका है। विद्यालय में प्रारंभिक रूप से कक्षा 1 से 5 तक की प्रवेश प्रक्रिया आगामी 30 दिनों के भीतर पूर्ण कर, इसी शैक्षणिक सत्र से संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा।

ऋतु खण्डूडी भूषण ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का, गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी, उत्तराखंड के शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत, तथा केंद्रीय विद्यालय संगठन से जुड़े सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का हृदय से आभार व धन्यवाद प्रकट किया।

उन्होंने इसे कोटद्वार की आने वाली पीढ़ियों के लिए एक ऐतिहासिक उपहार बताया और सभी क्षेत्रवासियों से आग्रह किया कि वे इस पहल में सहयोग दें ताकि यह विद्यालय आने वाले समय में एक उत्कृष्ट शैक्षणिक केंद्र के रूप में विकसित हो सके।

# नशामुक्ति की ओर ऐतिहासिक पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** प्रतापनगर क्षेत्र की ग्राम पंचायत खोलगढ वल्ला में नशामुक्त समाज की ओर एक मजबूत कदम उठाते हुए गुरुवार को ग्रामीणों ने सामूहिक बैठक कर गांव को पूर्ण रूप से नशामुक्त घोषित करने का संकल्प लिया। नशामुक्त देवभूमि जनमोर्चा के संयोजक देवी सिंह पंवार के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता निवर्तमान प्रधान सुषमा आर्य ने की। बैठक में ग्रामीणों की सर्वसम्मति से एक नशामुक्ति समिति का गठन किया गया।

नवगठित समिति में सुषमा देवी को अध्यक्ष, चौता देवी को उपाध्यक्ष, बीना देवी कोषाध्यक्ष, विजना देवी को सचिव नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त यशवंती देवी, मीनू देवी, रामी देवी, सरिता देवी, पूनम देवी, सरोजनी देवी, रविंद्र सिंह, विजय सिंह और चंद्रमोन आर्य को समिति का सदस्य नामित किया गया।




बैठक में एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए यह घोषणा की गई कि अब गांव में किसी भी प्रकार के मांगलिक कार्यों, शादी-ब्याह और अन्य आयोजनों में शराब परोसने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। यह भी तय किया गया कि यदि कोई परिवार इस नियम का उल्लंघन करता है, तो नशामुक्ति समिति की बैठक बुलाकर सामूहिक रूप से उसे दंडित किया जाएगा।

इस अवसर पर जनमोर्चा के संयोजक देवी सिंह पंवार ने कहा कि नशे का बढ़ता प्रचलन न केवल व्यक्तियों को, बल्कि पूरे समाज को भीतर से खोखला कर रहा है। उन्होंने बताया कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है और बड़ी संख्या में लोग इस मुहिम से जुड़ रहे हैं। बैठक में रामदेव कलूड़ा, गंभीर सिंह पंवार, यशवीर सिंह, महावीर सिंह, उम्मेद सिंह और बिजेंद्र सिंह सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों की यह पहल क्षेत्र में सामाजिक सुधार और स्वस्थ समाज की दिशा में एक प्रेरणादायी उदाहरण बन गई है।

# बच्चों का उत्साहवर्धन करने पहुंचे गढ़वाल राइफल्स के ब्रिगेडियर विनोद नेगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लैंसडौन।** अभ्युदय परिवार द्वारा दस दिवसीय निशुल्क आओ सीखें कार्यशाला में गुरुवार को कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे गढ़वाल राइफल के ब्रिगेडियर विनोद नेगी, ऊषा नैथानी, महिपाल सिंह रावत, संयोजिका भावना वर्मा ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके की । इस अवसर पर ब्रिगेडियर विनोद नेगी ने कहा कि लैन्सडौन जैसे छोटे शहर में बच्चों और महिलाओं को एकत्र करके इस प्रकार के आयोजन करना काबिले तारीफ है । आज मैं इस कार्यक्रम में नही आता तो मैं महिलाओं और बच्चों के इस महान कार्य से वंचित रह जाता । भविष्य में अभ्युदय परिवार को किसी भी प्रकार के सहयोग की आवश्यकता होगी तो वो पूरा पूरा सहयोग करेंगे । उन्होंने महिलाओं को रोजगार से जोड़ने की बात कही कहा जो महिलाएं सिलाई बुनाई करती है वो उनको इस प्रकार का कार्य देंगे जिससे महिलाएं को आर्थिक रूप से सहायता प्रदान होगी । उन्होंने कार्यशाला में आ कर अपने बचपन की यादें ताजा करते हुए कहा कि मेरा बचपन लैन्सडौन में गुजरा है । कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों से ही बच्चों का चौमुखी विकास होता है।इस कार्यक्रम में आकर मैं अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं । लैन्सडौन के विकास के लिए हम सब मिलकर शीघ्र ही एक बैठक का आयोजन करेंगे । संयोजिका भावना वर्मा ने कहा कि आओ सीखें कार्यशाला में महिलाओं और बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु लैन्सडौन के गणमान्य व्यक्ति आ रहें हैं। बताया कि अगले साल हमारा प्रयास रहेगा कि हम बच्चों को गढ़वाली, कुमाऊनी भाषा का प्रशिक्षण दे क्योंकि हमारी संस्कृति हमारी पहचान है ।

# गौरीकुण्ड के जंगलों में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, क्षेत्र में फैली सनसनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा में आये दिन हादसे हो रहे हैं। बुधवार रात्री को जहां एक मजदूर सटल पार्किंग के पास खाई में जा गिरा, वहीं डाट पुलिया से तीन सौ मीटर ऊपर गदेरे में एक अज्ञात पुरूष का शव पानी में तैरता मिला। डीडीआरएफ रेस्क्यू टीम ने पुलिस की मदद से शव को गौरीकुण्ड पार्किंग तक लाने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

केदारनाथ यात्रा पड़ावों में आये दिन हादसे हो रहे हैं। इन घटनाओं से क्षेत्र में सनसनी फैल रही है। बुधवार को गौरीकुण्ड डाट पुलिया से 300 मीटर ऊपर गदेरे में एक अज्ञात पुरूष का शव पानी में गिरे होने की सूचना मिली। सूचना पर डीडीआरएफ टीम के साथ पुलिस तुरंत मौके पर पहुँची और व्यक्ति




शव का रेस्क्यू कर स्ट्रेचर के माध्यम से सटल सेवा गौरीकुंड पार्किंग तक लाकर पुलिस के सुपुर्द किया गया।

वहीं दूसरी ओर एसडीआरएफ पोस्ट सोनप्रयाग के हेड कांस्टेबल महेश चंद ने बताया कि उन्हें सेक्टर मजिस्ट्रेट के माध्यम से सूचना मिली कि गौरीकुंड सटल पार्किंग के पास एक व्यक्ति खाई में गिर गया है। सूचना मिलते ही टीम सब इंस्पेक्टर अशीष डिमरी अन्य जवानों के साथ रात 11 बजे घटना स्थल के लिए रवाना हुए। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ सोनप्रयाग टीम ने 50 मीटर गहरी खाई से सकुशल निकालकर 108 के माध्यम से घायल को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। उक्त नेपाली व्यक्ति के खाई में गिरने से उसके सिर एवं पीठ पर चोट लगी थी।

# अवैध निर्माणों व प्लॉटिंग पर चला एमडीडीए का डंडा

■ विकासनगर, ऋषिकेश क्षेत्र में प्राधिकरण की टीम ने कई स्थानों पर की कार्रवाई



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत, विभिन्न स्थानों विकासनगर व ऋषिकेश में जा रही प्लॉटिंग व अवैध निर्माणों आदि पर ध्वस्तीकरण व सिलिंग की कार्यवाही की गयी। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के निर्देश पर यह अभियान लगातार जारी है। अब तक सैकड़ो मामलों में कार्रवाई की जा चुकी है। सोनू /वसीम की और से हरिद्वार बाई-पास रोड देहरादून में लगभग 01 से 1.5 बीघा में की गयी अवैध प्लॉटिंग पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी।

इस कार्यवाही में सहायक अभियन्ता निशान्त कुकरेती , सुपरवाईजर संजीव मौजूद रहे। वीरभद्र रोड निकट शिव मन्दिर ऋषिकेश में किये गये अवैध चार मंजिला भवन को भी सील किया गया। सोमेश्वर नगर गणेश विहार गंगा नगर ऋषिकेश क्षेत्रान्तर्गत में शेखर द्वारा किये गये चार मंजिला भवन को सील किया गया।

अजय द्वारा गली न0 10 निर्मल ब्लॉक बी पशुलोक विस्थापित क्षेत्र में अवैध निर्मित दो मंजिला भवन पर सीलिंग की कार्यवाही की गयी। सोहन लाल गोयल, सुनील सैनी, अकांक्षा रयाल, रमेश चन्द्र धर्मपाल रावत आदि द्वारा तुलसी विहार कॉलोनी निकट रेलवे क्रासिंग महालक्ष्मी मंदिर श्यामपुर ऋषिकेश में निर्मित दुकानों व भवन पर सीलिंग की कार्यवाही की गयी। इस कार्यवाही में सहायक अभियन्ता शैलन्द्र सिंह रावत, अवर मुनेश राणा सुपरवाईजर लीला धर जोशी मौजूद रहे। सद्दाम की और से हर्बटपुर निकट स्वामी विवेकानन्द धर्मार्थ हॉस्पिटल में अवैध रूप से निर्माणाधीन भवन पर भी शीलिंग की कार्यवाही की गयी। बलजीत कोचर पुत्र हरभजन कोचर द्वारा भीमावाला निकट गुरूद्वारा विकास नगर में लगभग 05 बीघा में गयी अवैध प्लॉटिंग पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी अर्जुन सिंह व अन्य द्वारा चिरंजीवपुर डांडी निकट शक्ति नहर विकासनगर में लगभग 08 बीघा में की गयी अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। उक्त कार्यवाही में सहायक अभियन्ता अभिषेक भारद्वाज, सुपरवाईजर प्यारेलाल जोशी और पुलिस फोर्स मौजूद रही। बीते दिवस भी प्राधिकरण की और से अपने क्षेत्रान्तर्गत, विभिन्न स्थानों विकासनगर, सहस्त्रधारा रोड, मालसी , मेहुवाला माफी में किये जा रहे अवैध निर्माणों, प्लॉटिंग आदि पर कार्यवाही करते हुए सिलिंग व ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी।

शैलन्द्र नेगी की और से आईटी पार्क सहस्त्रधारा रोड में टिन सैड डालकर किये गये अवैध निर्माण को सील किया गया।चेतन छाबडा द्वारा दून डिवाईन आईटी पार्क सहस्त्रधारा रोड में किये गये अवैध चार मंजिला भवन को भी सील किया गया। आशीष गुप्ता व कुनाल द्वारा सप्लाई रोड निकट ओरिना मालसी देहरादून में अवैध रूप से निर्मित बहुमंजिले भवन को पर भी सीलिंग की कार्यवाही की गयी।

# अनुसूचित जनजाति ग्रामों में लगेंगे 15 से 30 जून तक शिविर

■ केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से अनुसूचित जनजाति के लोगों को दी जाएगी जानकारियां

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** केंद्र सरकार की ओर से संचालित ''धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान'' के तहत अनुसूचित जनजाति के ग्रामों को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से शत प्रतिशत आच्छादित किया जाएगा। योजना के तहत जनपद देहरादून के 4 विकास खंडों के 41 ग्रामों में 17 विभागों के सहयोग से जनजाति के व्यक्तियों को संतृप्त किया जाएगा। इसके लिए चिन्हित सभी 41 ग्राम पंचायतों में 15 से 30 जून तक शिविर लगाकर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने शिविर का रोस्टर निर्धारित करते हुए इसके आदेश भी जारी कर दिए है। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित खंड विकास अधिकारियों को शिविरों के आयोजन के लिए नोडल अधिकारी नामित किया है। उन्होंने निर्देशित किया कि है चयनित ग्राम पंचायतों में शत प्रतिशत जनजाति व्यक्तियों को योजना से शत प्रतिशत संतृप्त करते हुए इसकी प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट जिला समाज कल्याण अधिकारी को प्रेषित की जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने विभागों को इस बात का प्रमाण पत्र भी देने को कहा है कि चयनित ग्राम पंचायतों में कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित नही रह गया है।जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल ने बताया कि विकासखंड सहपुर में 1, विकासनगर में 04, चकराता में 24 तथा कालसी के 12 ग्रामों में शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों के माध्यम से आधार कार्ड, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम जनधन योजना, पीएम विश्वकर्मा, सुकन्या समृद्धि योजना, पीएम नेशनल डायलिसिस प्रोग्राम, स्किल सेल मिशन, पीएम आवास योजना के प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे।

# रोडवेज बसों में मांगा जा रहा है दिव्यांग से किराया

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** दिव्यांग अंजोना मलिक अपनी रेलवे पास एवं रोडवेज बस पास नवीनीकरण की फरियाद लेकर पंहुची, जिस पर जिलाधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी को रेलवे पास नवनीकरण कराने के निर्देश दिए। वहीं पाया कि अंजना का उत्तराखण्ड रोडवेज बस पास की वैघता माह सितम्बर 2025 तक है। अंजना ने डीएम को बताया कि उनने रोडवेज बस पर किराया लिया जा रहा है। डीएम ने सहायक महाप्रबन्धक को प्रकरण पर 03 दिन के भीतर जांच रिपोर्ट मांगी है।

जिलाधिकारी के जनता दर्शन कार्यक्रम में अंजोना मलिक 301 बंगाली बस्ती, मायाकुण्ड, ऋषिकेश, देहरादून जो दोनों हाथों से 80 प्रतिशत दिव्यांग है के द्वारा अवगत कराया गया है कि यू०डी०आई०डी कार्ड होने के बाद भी उत्तराखण्ड परिवहन निगम की बसों में यात्रा करने पर उनसे किराया वसूला जाता है।

जिला प्रशासन द्वारा महाप्रबंधक, संचालन उत्तराखंड परिवहन निगम, देहरादून को प्रकरण के विषय में पत्र प्रेषित कर अवगत कराया कि 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता से ग्रसित दिव्यांगजनों को उत्तराखण्ड परिवहन निगम की बसों में नि:शुल्क यात्रा का प्राविधान है।

## प्रशासन का लक्ष्य, हर घर तक शुद्ध पेयजल की हो आपूर्ति: डीएम

**देहरादून( शाह टाइम्स )।** मुख्यमंत्री के सुशासन एवं जनसेवा संकल्प के तहत पेयजल आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं का समाधान को लेकर जिला प्रशासन सर्तक है और पूरी सक्रियता से डे-टू-डे समस्या का निदान कर जनता को राहत पहुंचाने में जुटा है। विगत 14 अप्रैल से लेकर 12 जून तक पेयजल की 133 शिकायतें मिली है, जिसमें से 129 शिकायतों का समाधान कर पानी की आपूर्ति सुचारू की गई है। डीएम के निर्देश पर पेयजल सप्लाई से जुड़े 07 विभागों के अधिकारी 20 अप्रैल से 24◦7 जिला कंट्रोल रूम में तैनात किए गए है और डे-टू-डे पेयजल समस्याओं का निस्तारण जारी है।

# जिले के 168 माध्यमिक विद्यालयों में लगेंगे 884 बड़े एलईडी टीवी : डीएम

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** जिलाधिकारी के प्रोजेक्ट उत्कर्ष के अन्तर्गत सरकारी स्कूलों में आधुनिक सुविधाएं बढाने पर जोर दिया।जिसके तहत स्कूलों में फर्नीचर, खेल अवस्थापना सुविधाएं, के साथ डिजिटल कक्षा बनाने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया।

जिला प्रशासन का प्रोजेक्ट ''उत्कर्ष'' मात्र नामकरण; घोषणा; प्रचार नहीं, बल्कि जिले के स्कूलों को आत्म विश्वासी बनाने का आधार है जिसके तहत् अपने सरकारी स्कूल के बच्चे भी अब किसी पहलू में निजी स्कूलों के बच्चों से पीछे नही रहेंगे। जिलाधिकारी खनिज न्यास, जिला योजना, सीएसआर फंड से रू0 6 करोड़ का फंड जुटा जो अपने जिले के स्कूलों को आधुनिक बनाने के लक्ष्य प्राप्ति की ओर तेजी से अग्रसारित है। जिले के 168 माध्यमिक विद्यालयों में 884 बड़े एलईडी टीवी शीघ्र, जैम पोर्टल पर क्रय आदेश जारी हो गया है। जैम पोर्टल पर बिड अपलोड कर दी गई है। स्कूलों में आउटडोर स्पोर्टस सुविधा; रसोईघर, बिजली आपूर्ति, लाईब्रेरी पश्चात अब हर कक्षा कक्ष में टीवी स्थापित किये जा रहे है। जिलाधिकारी ने खनन न्यास से स्कूलों में डिजिटल शिक्षा एलईडी स्क्रीन लगाने हेतु 3.67 करोड़ का फंड शिक्षा विभाग को दिया है। शिक्षा विभाग ने जैम पोर्टल पर एलईडी स्क्रीन क्रय करने के लिए क्रय आदेश जारी कर दिए है। जिले के 168 सरकारी माध्यमिक विद्यालय में 884 एलईडी स्क्रीन लगाए जाएंगे जिससे सरकारी स्कूलों के बच्चों को डिजिटल कक्षाओं से जुड़ पठन-पाठन की सुविधा मिलेगी। जिलाधिकारी ने स्कूलों की कक्षाओं में मूलभूत सुविधा, लाईट, पानी, पेयजल, शौचालय उपलब्ध हों पानी की टंकियों की मरम्मत सफाई के साथ ही गुणवत्तायुक्त पोष्टिक भोजन सुनिश्चित करने के लिए मुख्य शिक्षा अधिकारी एवं सम्बन्धित खण्ड एवं उप शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

## एक नजर .......

### महाराज ने विमान हादसे को बताया दुर्भाग्यपूर्ण, घटना पर दु:ख जताया

**देहरादून ( शाह टाइम्स )।** प्रदेश के लोक निर्माण, पर्यटन, धर्मस्व, संस्कृति,



सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण एवं जलागम, मंत्री सतपाल महाराज ने अहमदाबाद के सरदार वल्लभ भाई पटेल एयरपोर्ट से लंदन जा रहे एयर इंडिया के विमान के टेकऑफ के दौरान दुर्घटनाग्रस्त होने की घटना को अत्यंत दु:खद, चिंताजनक एवं दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए हादसे में मारे गए लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि अहमदाबाद में विमान दुर्घटना की खबर से वह बेहद स्तब्ध और दु:खी हैं। 242 यात्रियों और क्रू मेंबर्स को लेकर लंदन जा रहा एअर इंडिया का विमान गुरुवार दोपहर अहमदाबाद के मेघानी इलाके में एयरपोर्ट के पास के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने कहा कि उनकी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं विमान में सवार सभी लोगों और उनके परिवारों के साथ हैं।

### डॉ. नरेश बंसल ने अहमदाबाद विमान हादसे पर जताया दुख

**देहरादून( शाह टाइम्स )।** भाजपा राष्ट्रीय सह-कोषाध्यक्ष व सासंद राज्यसभा डा.नरेश बंसल ने गुजरात के अहमदाबाद में हुए विमान हादसे पर



गहरा दुख व्यक्त किया है।उन्होंने इसे ह्दय विदारक व अकल्पनीय बताया है। डा. नरेश बंसल ने कहा की यह त्रासदी है व इसने सभी को दुखी कर दिया है।डा. नरेश बंसल ने ईश्वर से इसमें हताहत लोगों को अपने श्रीचरणों मे स्थान देने व घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की है।उन्होने कहा कि इस दुखद घड़ी में, मेरी संवेदनाएं इससे प्रभावित सभी लोगों व उनके परिवारों के साथ हैं।

### भीषण विमान हादसे में अनेक निर्दोष लोगों की असमय मृत्यु अत्यंत पीड़ादायक : कुसुम

**देहरादून( शाह टाइम्स )।** गुजरात के अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया के विमान के टेक ऑफ के समय अहमदाबाद में ही क्रैश होने के दुखद समाचार पर उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने इसे ह्दय विदारक व अकल्पनीय बताया है। उन्होंने कहा की इस भीषण हादसे में अनेक निर्दोष लोगों की असमय मृत्यु अत्यंत पीड़ादायक है। यह घटना न केवल अहमदाबाद, बल्कि सम्पूर्ण देश के लिए एक गहन शोक की घड़ी है। उन्होंने कहा की इस दु:ख की घड़ी में सभी पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करती हूँ तथा ईश्वर से प्रार्थना करती हूँ कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और उनके परिजनों को यह असहनीय दु:ख सहन करने की शक्ति दें। इस दुखद घड़ी में, हमारी संवेदनाएं इस दुर्घटना में प्रभावित सभी लोगों व उनके परिवारो के साथ हैं।

### बैंक ऑफ इंडिया ने दो नई शाखाओं का उद्घाटन किया



**देहरादून( शाह टाइम्स )।** बैंक ऑफ इंडिया ने अपने ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से देहरादून में दो नई शाखाओं का उद्घाटन किया है। ये सहस्त्रधारा रोड व जीवनगढ़ शाखाएँ स्थानीय समुदाय और व्यवसायों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हैं।

नई शाखाओं का उध्द्घाटन बैंक ऑफ इंडिया के फील्ड महाप्रबंधक चंडीगढ़ अनिल कुमार वर्मा, आंचलिक प्रबन्धक देहारादून विवेक तिवारी व उप आंचलिक प्रबन्धक भानु प्रताप सिंह नबियाल ने किया। इस अवसर पर बैंक ने डिजिटल बैंकिंग, ऋण सुविधाओं, और बचत योजनाओं जैसे अपने नवीन उत्पादों और सेवाओं को प्रदर्शित किया। बैंक ऑफ इंडिया के फील्ड महा प्रबंधक चंडीगढ़ अनिल कुमार वर्मा ने कहा, ये नई शाखाएँ देहरादून में हमारी उपस्थिति को और मजबूत करेंगी। आंचलिक प्रबन्धक देहारादून विवेक तिवारी ने कहा कि बैंक ऑफ इंडिया देशभर में अपनी शाखाओं और एटीएम नेटवर्क के माध्यम से ग्राहकों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस मौके पर उप आंचलिक प्रबन्धक भानु प्रताप सिंह नबियाल, मुख्य प्रबन्धक मो. फरमान, वरिष्ठ प्रबन्धक मनीषा रमोला, शाखा प्रबन्धक भूपिंदर रावत, शाखा प्रबन्धक मोनिका तड़ियाल, मनोज बुटोला, वेदान्त चौधरी व आंचल चौहान आदि उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी के संज्ञान लेते ही दौड़ने लगी धूल जमी फाइल

**देहरादून( शाह टाइम्स )।** जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति कार्यालय में सरकारी सस्ते गल्ले की नई दुकानों के लिए प्रस्तावित दबी फाईल को निकालते हुए टैण्डर प्रक्रिया जारी कर दी है।वही नई सस्ता गल्ला की राशन दुकानों के लिए टेण्डर करने के निर्देश दिए।

विभिन्न नगर निगम/नगर पालिका क्षेत्रान्तर्गत नई सरकारी सस्ता गल्ले की दुकानों के आंवटन हेतु पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये है। 07 मई से 27 मई तक आवेदन आमंत्रित किए थे जिसे विस्तारित करते हुए अंतिम तिथि 15 जून 2025 कर दी गई है। इसके अतिरिक्त जनपद में कुल 387954 राशन कार्ड है, अंत्योदय अन्न योजना के 37312, प्राथमिक परिवार 219827, उत्तराखण्ड राज्य खाद्य योजना 130815 राशन कार्ड हैं, जिनमें कुल 35393 ही सत्यापित हैं तथा 1445 कार्ड निरस्त किए गए हैं। जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को टीमे गठित कर जिले में समस्त श्रेणी के राशन कार्ड का सत्यापन करने के निर्देश दिए हैं।

## दून के आईटी पार्क में निर्मित विंडस्ट्रीम टीवी एप्लिकेशन लांच

**देहरादून।** उत्तराखंड में स्टार्टअप्स और एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदम के अंतर्गत देहरादून के आईटी पार्क में निर्मितष विंडस्ट्रीम टीवी एप्लिकेशन को लांच किया गया। विंडस्ट्रीम के संस्थापक विशाल कौशिक ने कहा कि हम धामी सरकार के डिजिटल उत्तराखंड के सपनों को साकार कर रहे हैं। विंडस्ट्रीम टीवी उत्तराखंड के युवाओं द्वारा निर्मित एक एप्लीकेशन है ,जिसके माध्यम से हम उत्तराखंड की संस्कृतियों एवं परंपराओं को डिजिटल फॉर्म में देख- सुन सकते हैं। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड के टेक्निकल एक्सपर्ट युवाओं द्वारा निर्मित यह आईपीटीवी प्लेटफॉर्म उत्तराखंड के मनोरंजन, स्पोर्ट्स, मूवीज एवं डिजिटल क्रिएटर्स को एक स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म उपलब्ध करवा रहा हैं।

# स्वास्थ्य विभाग को मिले 29 नए विशेषज्ञ चिकित्सक

■ विभागीय मंत्री डॉ. रावत ने दी तैनाती प्रस्ताव को मंजूरी

■ विशेषज्ञ चिकित्सक के आने से मजबूत होगी स्वास्थ्य व्यवस्था



स्वास्थ्य विभाग को 29 नये विशेषज्ञ चिकित्सक मिल गये हैं। इन चिकित्सकों को जिला एवं उप जिला अस्पतालों में तैनाती दे दी गई है। इनकी तैनाती से स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा और आम जनमानस को समय पर विशेषज्ञ परामर्श एवं उपचार मिल सकेगा। जिससे प्रदेश के स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा और लोगों को बड़े शहरों की ओर इलाज के लिये नहीं जाना पड़ेगा - **डॉ. धन सिंह रावत, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड।**

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** सूबे के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को 29 और विशेषज्ञ चिकित्सक मिल गये हैं। इन विशेषज्ञ चिकित्सकों की नवीन तैनाती का अनुमोदन स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने दे दिया है। इसके साथ ही पी.एम.एच.एस. संवर्ग के इन चिकित्सकों को पी. जी. के उपरांत उनकी विशेषज्ञता के अनुरूप प्रदेश के विभिन्न चिकित्सा इकाईयों में रिक्त पदों के सापेक्ष तैनाती दे दी गई है। इन विशेषज्ञ चिकित्सकों के आने से दूरस्थ क्षेत्रों की स्वास्थ्य व्यवस्था और सुदृढ़ हो सकेगी।

प्रदेश के आमजन के लिये सुलभ और सस्ती स्वास्थ्य सेवा राज्य सरकार की प्राथमिकता में है। सरकार चिकित्सा इकाईयों में लगातार चिकित्सा सुविधाएं बढ़ा रही है साथ ही चिकित्सक, पैरामेडिकल व अन्य मेडिकल स्टॉफ की भी उपलब्धता सुनिश्चित कर ही है। इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग को 29 और विशेषज्ञ चिकित्सक मिल गये हैं। पोस्ट ग्रेजुएशन पाठ्यक्रम पूरा करने के उपरांत राज्य सेवा में लौटे इन विशेषज्ञ चिकित्सकों की नवीन तैनाती को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत अपनी मंजूरी दे दी है।

पी.एम.एच.एस. संवर्ग के इन चिकित्सकों में स्त्री रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन, फेमिली मेडिसिन, बाल रोग विशेषज्ञ, सर्जन, निश्च.ेतक, पैथोलॉजिस्ट, रेडियोलॉजिस्ट, ईएनटी और नेत्र रोग विशेषज्ञ शामिल है। इन विशेषज्ञ चिकित्सकों को उनकी विशेषज्ञता के अनुरूप प्रदेश के दूरस्थ व दुर्गम क्षेत्रों के विभिन्न चिकित्सा इकाईयों में रिक्त पदों के सापेक्ष तैनाती दे दी गई है। जिसमें पौड़ी जनपद में 5 विशेषज्ञ चिकित्सकों को तैनाती दी गई है। इसी प्रकार उत्तरकाशी, हरिद्वार व चम्पावत जनपद में 4-4, नैनीताल, टिहरी व ऊधमसिंह नगर जनपद में 3-3 तथा रूद्रप्रयाग, चमोली और पिथौरागढ़ जनपद में 1-1 विशेषज्ञ चिकित्सक को तैनाती दी गई है। विशेषज्ञ चिकित्सकों के आने से प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ होगी और आम लोगों को स्थानीय स्तर पर बेहतर उपचार मिल सकेगा।

इसके अलावा गंभीर बीमा. रियों की सटीक पहचान भी आसानी से हो सकेगी। जिससे मरीजों को समय पर सही इलाज मिल सकेगा, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों में मृत्यु दर में भी कमी आयेगी। विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपस्थित से स्थानीय अस्पतालों का स्तर भी बेहतर होगा।

## राज्य आंदोलनकारी सुमन लता की प्रतिमा गैरसैंण व देहरादून विस में लगाए जाने की मांग

**देहरादून( शाह टाइम्स )।** चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ विजेंद्र पोखरीयाल ने गुरुवार को उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलन की प्रथम महिला जेल सत्याग्रही स्वर्गीय सुमन लता भदोला की याद में देहरादून और गैरसैंण की विधानसभा में प्रतिमाएं लगाई जाने की मांग की है। डॉक्टर विजेंद्र पोखरियाल उत्तरकाशी में राज्य आंदोलनकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे । इस बैठक में सर्वसम्मति से स्वर्गीय सुमन लता बडोला की याद में संस्थाओं के नाम किए जाने और उनकी आदमकद प्रतिमा लगाए जाने का प्रस्ताव पास किया गया। सम्मेलन में आंदोलनकारी को 4 महीने से पेंशन न मिलने पर घोर नाराजगी व्यक्त की गई।

# पहले थार को लिया किराए पर ,फिर कर ली चोरी ,दो गिरफ्तार

■ राजपुर थाना क्षेत्र से हुई थी कार चोरी



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** राजपुर थाना क्षेत्र में हुई वाहन चोरी की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने वाहन चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की थार कार बरामद की। पकड़े गए वाहन चोरों के विरुद्ध पुलिस ने कानूनी कार्यवाही कर उन्हें जेल भेजा।राजपूर थाना क्षेत्र के सहस्त्रधारा रोड कुल्हान से तीन दिन पूर्व एक थार गाड़ी चोरी हो गई थी।

राजपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए मुकेश कुमार निवासी बृमा वाला खाला रायपुर बताया था कि हैन्लौंग नाम का व्यक्ति उनकी कार को किराए पर ले गया था और अब वापस नहीं लौट रहा है। पुलिस ने पीढ़ीत द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर मुकदमा दर्ज किया और जब इस मामले में जानकारी की तो पता चला कि नामजद किए गए व्यक्ति हैनलौंग से पूछताछ करने पर बताया गया कि उक्त थार गाड़ी को कुल्हान सहस्त्रधारा रोड से अज्ञात चोरों द्वारा चुरा लिया गया। राजपुर थाना अध्यक्ष शैंकी कुमार के निर्देशन में आईटी पार्क पुलिस चौकी प्रभारी पुलिस टीम गठित कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज को कंगाला।साथ ही पुलिस ने चेकिंग अभियान शुरू किया। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि चोरी की गई थार गाड़ी आरटीओ चेक पोस्ट निकट ग्राफिक एरा कट थाना क्लेमेंट टाउन क्षेत्रान्तर्गत सड़क किनारे खड़ी है। पुलिस टीम द्वारा मौके पर दबिश देते हुए वाहन में बैठे अंकित कुमार व मनीष चौधरी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पता चला कि अंकित कुमार व मनीष चौधरी दोनो आपस में रिश्तेदार एवं दोस्त हैं तथा शामली उत्तर प्रदेश के निवासी हैं।अंकित ट्रांसपोर्ट का कार्य करता है तथा मनीष चौधरी ब्लिंकिट में काम करता है। लगभग 2 वर्ष पूर्व उनकी मुलाकात सुरेंद्र पांडे पुत्र आर्यन पांडे निवासी राधा कृष्ण एनक्लेव चंद्र बनी थाना पटेल नगर से हुई थी जो की टैक्सी व्यवसाय का कार्य करता है।सुरेन्द्र पांडे से लगातार सम्पर्क में थे, लगभग 01 सप्ताह पूर्व सुरेंद्र पांडे ने दोनो अभियुक्तों को शराब पीने के दौरान बताया कि उसने आईटी पार्क निवासी मुकेश कुमार नामक व्यक्ति जो टूर एंड ट्रेवल्स का काम करता है से लगभग 15 -20 दिन पहले सफेद रंग

## स्कॉर्पियो कार में तीन वाहनों को मारी टक्कर

**देहरादून( शाह टाइम्स )।** तेज गति एवं लापरवाही से चल रही स्कार्पियो कार ने तीन छोटे वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। जिसके चलते कई लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए नजदीक अस्पताल में भर्ती कराया वहीं स्कॉर्पियो कार ड्राइवर को हिरासत में लिया। बताया गया है कि बीती रात्रि स्कॉर्पियो कार देहरादून से डोईवाला की ओर जा रही थी।मोहकमपुर फ्लाईओवर पर अचानक वाहन डिवाइडर क्रॉस कर दाहिनी तरफ आ गया व दो स्कूटी , एक मोटरसाइकिल सवारों को टक्कर मार दी जिसमें तीन वाहन क्षतिग्रस्त हो गए व तीन लोग घायल हो गए। वही इस दुर्घटना में स्कॉर्पियो चालक भी घायल हो गया , घायलों को प्राइवेट वाहन से अस्पताल भिजवाया गया है।

# स्थानीय के साथ मारपीट करने पर तीन यात्री गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बांसवाड़ा के समीप कार व बाइक की टक्कर को लेकर स्थानीय व यात्रियों में झड़प हो गई। आपसी बोलचाल देखते ही देखते मारपीट में तब्दील हो गई। यात्रियों द्वारा मारपीट में घायल स्थानीय उत्तम भंडारी की ओर से अज्ञातों के खिलाफ कोतवाली श्रीनगर में तहरीर दी गई।

गुरुवार को दोपहर चार बजे के करीब राष्ट्रीय राजमार्ग पर उस समय हड़कंप मच गया जब वाहनों के टक्कर के विवाद को लेकर यात्रियों व स्थानीय वाहन चालक के बीच हाथापाई हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गढ़वाल केंद्रीय विवि छात्रसंघ के अध्यक्ष रह चुके मढ़ी चौरास निवासी उत्तम भंडारी अपनी स्विफ्ट कार द्वारा चौरास से श्रीनगर आ रहे थे।

बांसवाड़ा के समीप जाम के कारण उन्होंने अपनी कार पर ब्रेक मारा, इतने में पीछे से आ रहे यात्री की बाइक से कार पर टक्कर लग गई। उत्तम भंडारी ने बताया कि उन्होंने कार रोककर युवकों से आराम से धीरे बाइक चलाने को कहा। भंडारी के अनुसार यात्रियों द्वारा अचानक अपने हेलमेट और डंडे से उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। पुलिस को दी तहरीर में उत्तम भंडारी ने बताया कि यात्रियों द्वारा की गई मारपीट में उनके मुंह पर चोटें आई हैं।

# जनहित कार्यों की रीढ़ है आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां : रेखा

■ जनपद टिहरी में ग्रामीण क्षेत्र की नवनियुक्त कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को दिए नियुक्ति पत्र



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई टिहरी।** महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने टिहरी जनपद में चयनित की गई सैकड़ो आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। यह आयोजन खेल विभाग के सभागार में किया गया।

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग ने हाल ही में पूरे प्रदेश में 6330 आंगनबाड़ी सहायिकाओं और 722 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों यानी कुल मिलाकर 7052 पदों पर भर्ती की है । इनमें से लगभग 700 नियुक्ति टिहरी जनपद में की गई है । इस अवसर पर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री का पद सिर्फ रोजगार का एक माध्यम नहीं बल्कि यह सेवा का एक बड़ा अवसर है। भाजपा सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के मानदेय में सर्वाधिक बढ़ोतरी की है। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि प्रदेश में पहली बार आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं की भर्ती ऑनलाइन मोड में आयोजित की गई और इस पूरी प्रक्रिया को सिर्फ 3 महीने के समय में पूरा कर लिया गया। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि अब विभाग में आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिका के रूप में उच्च शिक्षित लड़कियां और महिलाएं आ रही हैं, जिससे निश्चित रूप से विभाग की कार्य क्षमता और कुशलता में बढ़ोतरी होगी।

इस अवसर पर टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय, पूर्व जिला अध्यक्ष विनोद राठौड़, जिलाधिकारी निकिता खंडेलवाल, मुख्य विकास अधिकारी वरुण अग्रवाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय गौरव आदि उपस्थित रहे।

# होटल व्यवसायी गोलीकांड का पुलिस ने किया खुलासा, पंजाब से दो आरोपी गिरफ्तार

## गोलीकांड के पीछे नंदू व मंजीत महल गैंग के बीच टकराव बनी वजह, लंदन में बैठे सरगना ने दी थी हत्या की सुपारी



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** खड़खड़ी में होटल व्यवसायी को गोली मारने के मामले के मामले का खुलासा करते हुए नगर कोतवाली पुलिस और सीआईयू की टीम ने पंजाब से आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना में शामिल एक आरोपी हरियाणा में झज्जर में जेल में बंद है। अन्य आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस की तफ्तीश में गोलीकांड के पीछे नंदू व मंजीत महल गैंग की बीच टकराव और कोर्ट में पैरोकारी की वजह सामने आयी है। होटल व्यवसायी की हत्या के लिए विदेश से सुपारी दी गयी थी। मायापुर चौकी में मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि 2 जून को खडखडी सूखी नदी पुल के पास अज्ञात बाईक सवार व्यक्तियों ने रोहतक के रहने वाले होटल व्यवसायी अरूण कुमार पुत्र सत्यवान को गोली मार दी थी और मौके से फरार हो गए थे। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल अरूण कुमार को अस्पताल में भर्ती कराया। अरूण कुमार के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करने के बाद घटना के खुलासे के लिए नगर कोतवाली पुलिस और सीआईयू टीम का गठन किया गया। जांच पड़ताल और आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस टीम ने हरिद्वार से मुजफ्फरनगर, शामली, सहारनपुर, अम्बाला, यमुनानगर, लुधियाना, फगवाडा तक यूपी, हरियाणा और पंजाब के लगभग लगभग 1000 से अधिक सीसीटीवी की जांच करने के साथ मुखविर तंत्र को भी सक्रिय किया। इलैक्ट्रोनिक सर्विलान्स के माध्यम से लगातार दिन-रात की मैराथन के दम पर पुलिस ने आरोपी मानव हंस पुत्र अजय कुमार निवासी हरगोविन्द नगर थाना सिटी फगवाडा जिला कपूरथला पंजाब व गौरव कुमार पुत्र लक्ष्मी दास निवासी बीडीओ बहराय नवांशहर पंजाब को खोधडा रोड जिला फगवाडा पंजाब से गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी मानव हंस व गौरव कुमार तथा फरार हिमांशू सूद व बॉबी तथा शम्मी खान नन्दू उर्फ कपिल सागवान गैंग के सदस्य है। नन्दू उर्फ कपिल वर्तमान मे लन्दन मे है। नंदू व मंजित महल गैंग में आपस मे टकराव है। मंजित महल ने वर्ष 2016 मे नन्दू उर्फ कपिल सागवान के जीजा डॉक्टर उर्फ सुनील की हत्या कर दी थी। तब से दोनो गैंग के बीच लगातार गैंगवार चल रहा है। मंजित महल गैंग का सदस्य गौरव उर्फ लक्की हरियाणा में झज्जर जेल मे बन्द है। गौरव के मामा का लडका अरुण उर्फ सुखा इस केस में गौरव की कोर्ट मे पैरवी कर रहा है। इसी रंजिश के तहत नन्दू ने विदेश से अरुण की सुपारी अपनी गैंग के सदस्य हिमांशु सूद को दी थी। हिमांशू सूद पर पंजाब मे कई मुकदमे दर्ज है। अरूण हत्या की प्लानिंग के तहत हिमान्शु को पिस्टल, वाहन आदि उपलब्ध कराये गये थे। प्लानिंग के तहत हिमान्शु, बॉबी, गौरव मानव व शम्मी खान ने मिलकर अरुण की जानकारी की व हिमान्शु, बॉबी, गौरव लुधियाना से 2 पिस्टल लेकर हरिद्वार आए। 1 जून की रात मानव हंस व शम्मी खान पंजाब से बाईक पर हरिद्वार पहुंचे। हिमान्शु ने पहले से ही उन्हें होटल सन व्यू की फोटो भेजकर बताया था कि यहां कमरा लेना है। इसके कुछ समय बाद हिमान्शु, बॉबी, गौरव टाटा नैकसोन कार से रुडकी तक आये। रुडकी से शम्मी खान बाईक से हिमान्शु, बॉबी को लेकर होटल सन व्यू आया था। पांचों आपस मे जंगी एप्प से सम्पर्क मे थे जिससे कॉल ट्रेस न हो। 2 जून को हिमान्शु, बॉबी, मानव बाईक से अरुण की रैकी कर रहे थे तथा शम्मी खान पैदल रैकी कर रहा था। हिमान्शु और बॉबी के पास पिस्टल था। घटना के दिन हिमान्शु ने अपने पिस्टल से अरुण पर फायर किया तो वह मिस्स फायर हो गया। उसके बाद बॉबी ने अरुण को गोली मारी। गोली मारने के बाद शम्मी खान ट्रेन से ओर मानव हंस, हिमान्शु, बॉबी उसी बाईक से वापस चले गये। एसएसपी ने बताया कि घटना में शामिल अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# स्मैक के साथ तस्कर दबोचा



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** थाना कनखल पुलिस ने स्मैक तस्करी कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। नशा मुक्त देवभूमि अभियान के तहत नशा तस्करी रोकने के लिए थाना स्तर पर पुलिस टीमों का गठन किया गया है। अभियान के तहत कनखल पुलिस टीम ने क्षेत्र में चेकिंग के दौरान आरोपी तूनीनाथ उर्फ टोनी पुत्र सतपाल निवासी काली की ढाल सफेरा बस्ती ऋषिकेश जनपद देहरादून को स्मैक समेत दबोच लिया। उसके कब्जे से 36.95 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकद्मा दर्ज किया है। पुलिस टीम में एसआई विपिन कुमार, हे.कां. प्रमोद, कां. दीपक, सुनील चौहान शामिल रहे।

# कांवड़ मेले की तैयारियों को लेकर पुलिस प्रशासन ने लिए व्यापारियों से सुझाव

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** अगले महीने शुरू हो रहे कांवड़ मेले की तैयारियों को लेकर एसपी सिटी पंकज गैरोला की अध्यक्षता में मेला कंट्रोल रूम में व्यापारियों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में एएसपी सदर जितेंद्र चौधरी, सीओ सिटी शिशुपाल नेगी व सीओ ट्रैफिक संजय चौहान, सीएफओ अभिनव त्यागी मौजूद रहे। गोष्ठी में व्यापार मंडल, होटल व धर्मशाला एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कांवड़ मेले के दौरान वाहनों के आवागमन, व्यापारियों के वाहनों की पार्किंग, सामान की सप्लाई, सुरक्षा व्यवस्था आदि पर सुझाव दिए। महानगर व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष सुनील सेठी ने व्यापारियों व स्थानीय निवासियों को पास उपलब्ध कराने, माल लाने ले जाने के लिए समय निर्धारित करने, पार्किंग व्यवस्था, कालोनियों में बड़ी गाड़िया जे जाने पर प्रतिबंध लगाने की मांग की और पुलिस प्रशासन को सहयोग का आश्वासन दिया। जिला महामंत्री संजय त्रिवाल, मध्य हरिद्वार अध्यक्ष मृदुल कौशिक एवं ज्वालापुर अध्यक्ष पार्षद हरमिंदर विक्की ने जाम, सत्यापन, आवागमन, रानीपुर मोड़ पर अतिरिक्त फोर्स लगाने सहित कालोनियों में बाहरी वाहनों पर रोक लगाने का सुझावा दिया। धर्मशाला समिति के अध्यक्ष महेश गौड़ एवं होटल एसोशिएशन के अध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने होटल, धर्मशालओ की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त फोर्स तैनात करने का सुझाव दिया। बैठक में मुख्य रूप से महानगर व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष सुनील सेठी, जिला महामंत्री संजय त्रिवाल, धर्मशाला समिति के अध्यक्ष महेश गौड़, होटल एसोशिएशन के अध्यक्ष कुलदीप शर्मा, कनखल व्यापार मंडल अध्यक्ष उमेश भारद्वाज, शहर व्यापार मंडल मध्य हरिद्वार अध्यक्ष मृदुल कौशिक, ज्वालापुर व्यापार मंडल अध्यक्ष पार्षद हरमिंदर विक्की, पार्षद दीपक कुमार, आकाश शर्मा, भूपेंद्र कुमार, लालजी यादव सहित ज्वालापुर, हरिद्वार सहित समस्त व्यापार मंडलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## एक नजर

### अखाड़ा परिषद अध्यक्ष ने अहमदाबाद विमान हादसे पर जताया दुःख

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने गुजरात की राजधानी अहमदाबाद में हुए विमान हादसे पर दुख प्रकट करते हुए सभी मृतकों के प्रति गहरी संवदेना व्यक्त की है। श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि गुजरात में हुए विमान हादसे में सैकड़ों लोगों की मौत का समाचार अत्यन्त दुखद है। विमान हादसे में जान गंवाने वाले सभी लोगों के प्रति वे संवेदना व्यक्त करते हैं। विमान दुर्घटना के मृतकों में भाजपा के वरिष्ठ नेता और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी भी शामिल हैं। विजय रूपाणी ने सनातन हिंदू संस्कृति को आगे बढ़ाने और गुजरात के लोगों की सेवा में अहम योगदान दिया। मां गंगा सभी मृतकों को अपने श्रीचरणों में स्थान दे और उनके परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे। उन्होंने कहा कि सरकार विमान हादसे की जांच कराए और सभी मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा प्रदान करे।

### आध्यात्म दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, आषाढ़ मास : स्वामी रामभजन

**हरिद्वार।** सनातन संस्कृति का प्रचार-प्रसार करने वाले शिवा शक्ति मेडिटेशन सेंटर दक्षिण अफ्रीका के अंतरराष्ट्रीय संत स्वामी रामभजन वन ने आषाढ़ मास के महात्म्य की चेतावनी देते हुए कहा कि यह काल आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है क्योंकि इसमें कई बड़े धार्मिक पर्व, व्रत और अनुष्ठान होते हैं। इस माह के प्रमुख त्योहारों में देवशयनी एकादशी, जगन्नाथ रथयात्रा, और गुरु पूर्णिमा शामिल हैं। इन उत्सवों का सीधा संबंध भगवान विष्णु और गुरु परंपरा से होता है, जो इसे भक्ति और साधना के लिए सहयोगी बनाते हैं। स्वामी रामभजन वन ने कहा कि हिंदू पंचांग के अनुसार आषाढ़ माह वर्ष का चौथा महीना होता है, जिसकी शुरुआत ज्येष्ठ पूर्णिमा के बाद होती है। इस वर्ष आषाढ़ माह 12 जून से शुरू होकर 10 जुलाई तक रहेगा। आषाढ़ माह में भगवान विष्णु की पूजा करना अत्यंत शुभ माना गया है। सिद्धांत यह है कि इस मास से देवशयन अवतरण होता है, यानी भगवान विष्णु क्षीर सागर में योगनिद्रा में चले जाते हैं। इस कारण इस माह के बाद विवाह आदि मांगलिक कार्य कुछ समय के लिए अनवेल हो जाते हैं। इस माह विशेष रूप से श्रीहरि विष्णु के दर्शन और ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय: मंत्र का जाप करें। स्वामी रामभजन वन कहते हैं कि गुरु पूर्णिमा इस माह का प्रमुख पर्व है, इसलिए अपने आध्यात्मिक या शिष्य गुरु का दर्शन और सेवा करें। मानसिक एवं आत्मिक बल बढ़ाने के लिए ध्यान, मंत्रजप एवं योग का अभ्यास करें। इस महीने अन्न, वस्त्र, छाता, जलपात्र आदि का दान करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। विशेष रूप से एकादशी व्रत का पालन करने से शरीर और मन की शुद्धि में सहायक होता है। विवाह, गृह प्रवेश जैसे कार्य इस माह से अनिष्ट हो जाते हैं, क्योंकि देवशयन काल प्रारम्भ हो जाता है। इस महीने में शुद्ध और सात्विक आहार अपनाना अनिवार्य माना गया है। इससे शरीर और मन दोनों शुद्ध रहते हैं। धार्मिक संबंधों का उल्लंघन, झूठ बोलना, छल-कपट, चोरी जैसे कर्म से छूट। इस मास में पेड़ों की कटाई से बचाव। वृक्ष-पौधे जीवन का आधार होते हैं, और धार्मिक दृष्टि से इनका संरक्षण शुभ माना जाता है।

# किसानों की समस्याएं दूर करना सरकार का दायित्व : चौ. अंबावता

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भारतीय किसान यूनियन अंबावता का तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन एवं चिंतन शिविर बृहष्पतिवार को संपन्न हो गया। शिविर में किसानों की समस्याओं पर व्यापक विचार विमर्श के उपरांत राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन प्रेषित किया गया। भाकियू अंबावता के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल अंबावता ने बताया कि तीन दिन चले राष्ट्रीय अधिवेशन और चिंतन शिविर में देश के कई राज्यों के संगठन पदाधिकारियों और हजारों किसान शामिल हुए और समस्याओं पर व्यापक विचार विमर्श के उपरांत कई प्रस्ताव पारित किए गए। जिसमें संगठन को मजबूत करने, किसानों का संपूर्ण कर्ज माफ करने, एमएसपी पर कानून बनाने, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं निःशुल्क करने, वृद्धावस्था पेंशन बढ़ाकर 5 हजार रूपए करने सहित कई मांगे शामिल हैं। अंबावता ने कहा कि किसानों की समस्याएं दूर करना सरकार का दायित्व है। किसान मजबूत होगा तो देश आगे बढ़ेगा। लेकिन सरकार किसानों के हितों पर ध्यान देन के बजाए देश में पूंजीवाद को बढ़ावा देने में लगी है। जिसका भाकियू अंबावता डटकर विरोध करेगी और किसी भी संघर्ष से पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने बताया कि किसानों की तमाम मांगों को लेकर जल्द ही संगठन के प्रतिनिधिमंडल के साथ प्रधानमंत्री व कृषि मंत्री से मुलाकात करेंगे। इस दौरान राष्ट्रीय महासचिव रामपाल सिंह अंबावता, प्रवीन अंबावता, उत्तराखंड प्रदेश प्रभारी सचिन चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र प्रधान, दिल्ली प्रदेश अध्क्ष अनिल चौधरी, हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष दिलबाग हुड्डा, हरियाण प्रभारी चुहड़ सिंह रावत, रमन पंवार, नसीर खान, परशुराम प्रधान, तौफीक प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चौधरी, बलविन्द्र बाजवा, अनीस गाजी, आदि सहित तमाम पदाधिकारी व किसान मौजूद रहे।



# ज्वालापुर विधायक ने सड़क का किया शिलान्यास

## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 3 करोड़ 69 लाख की लागत से बनेगी सड़क

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर विधायक इंजीनियर रवि बहादुर ने फीता काटकर ग्राम खेड़ी शिकोहपुर से फतेहपुर तक बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया। सड़क का निर्माण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 3 करोड़ 69 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। शिलान्यास के दौरान विधायक रवि बहादुर ने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी प्रथमिकता हैं। सड़क पिछले 20 साल से बदहाल थी और ग्रामीणों द्वारा लगातार सड़क का निर्माण कराने की मांग की जा रही थी। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सीसी व डामर से बनने वाली सड़क का निर्माण पूरा होने पर क्षेत्र के लोगों को सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि वह सदा क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित है और आम जनता की समस्याओं का समाधान करने के लिए तत्पर है। बताया कि विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांवों के सभी मार्गो को दुरस्त कराया जाएगा। इस अवसर पर राव रिफाकत, राव सफात, शारिक अली, मेहरबान, उजेफ, जुनैद राणा, आदिल राणा, सरफराज, गुफरान, सलमान अहमद, फैजान, राव अताउल्लाह, बाबर, सिब्बू, अलीनवाज, साहिब, महरूफ सलमानी, सागर बेनीवाल आदि मौजूद रहे।

# फसलों के रेट बढ़ाए सरकार : संजय चौधरी

## चार दिवसीय किसान महाकुंभ में होगा किसानों की समस्याओं पर विचार मंथन




शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भारतीय किसान युनियन, टिकैत, गुट का चार दिवसीय महासम्मेलन 15 जून से रोड़ी, बेलवाला मैदान में आयोजित किया जा रहा है। प्रेस क्लब हरिद्वार में पत्रकार वार्ता के दौरान किसान नेता संजय चौधरी ने कहा कि सम्मेलन में उत्तराखंड के किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जायेगा। उन्होंने कहा मांगें पूरी नहीं होने पर किसान देहारादून जाने वाले मार्ग की घेराबंदी करने के लिए विवश होंगे। संजय चौधरी ने कहा फसलों का दाम बढ़ाने, सब्सिडी का लाभ , सोलर पैनल लगाने में पूर्व की भांति सब्सिडी देने, सिंचाई के पानी पर छूट, बिजली का सरचार्ज माफ करने सहित अन्य मांगों को लेकर विचार मंथन के उपरांत सरकार को ज्ञापन सौंपा जाएगा। संजय चौधरी ने किसान नेता नरेश टिकैत और राकेश टिकैत लगातार तीन दिनों तक हरिद्वार में मौजूद रहेंगे। किसान नेता संजय चौधरी ने कहा भाजपा सरकार जुमलों की सरकार है। धामी सरकार के शासनकाल में किसानों की समस्याओं में बढ़ोतरी हुई है। पत्रकार वार्ता में संयुक्त किसान मोर्चा सदस्य, सुबा सिंह ढिल्लों, जोगेन्दर सिंह, युवा संगठन मंत्री गढ़वाल मंडल विक्रांत चौधरी, अर्चित राणा, युवा मंडल अध्यक्ष, पंकज चौधरी, सचिव बाबी, मंडल कार्यकारिणी सदस्य राजीव कुमार सहित अन्य किसान नेता मौजूद रहें।

# कांग्रेसियों ने बिजली, पेयजल आपूर्ति बाधित होने के विरोध में फूंका सरकार का पुतला

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** बिजली और पेयजल आपूर्ति बाधित होने से आमजन को हो रही परेशानी को लेकर जिला महानगर कांग्रेस कमेटी ने खड़खड़ी चौक पर बिजली विभाग व जल संस्थान के खिलाफ प्रदर्शन किया और सरकार का पुतला फूंका।

इस अवसर पर जिला महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग और स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुरली मनोहर ने कहा कि भाजपा सरकार में बिजली पानी महंगा होने के बावजूद आमजन की पहुंच से दूर है। भीषण गर्मी के मौसम में बिजली और पानी की आपूर्ति बाधित होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन गूंगी बहरी सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। यदि जल्द कटौती बंद नहीं हुई तो कांग्रेस उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगी। वरिष्ठ श्रमिक नेता राजेंद्र चुटैला और पूर्व पार्षद कैलाश भट्ट ने कहा कि भाजपा सरकार में बिजली पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए भी लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। यूथ कांग्रेस अध्यक्ष तुषार कपिल और पार्षद प्रतिनिधि पुनीत कुमार ने कहा कि हरिद्वार शहर में बिजली पानी की घंटों तक आपूर्ति ठप होने से महिलाओं, बुजुर्गो, छोटे बच्चों सहित सभी को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। महानगर महासचिव तरूण व्यास, पार्षद प्रतिनिधि ऋषभ वशिष्ठ, पार्षद हिमांशु गुप्ता और सोहित सेठी ने कहा कि बिजली पानी की आपूर्ति ठप होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वरिष्ठ नेता बलराम गिरी कड़क और अजय गिरी ने कहा कि पांच बार के विधायक शहरवासियों को बिजली पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं नहीं दिला पा रहे हैं। सुभाष कपिल और वीरेंद्र श्रमिक ने कहा कि जल्द ही बिजली पानी की कटौती बंद की जाए। कटौती बंद नहीं होने पर कार्यालयों का घेराव कर तालाबंदी की जाएगी। प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष नितिन यादव, हिमांशु राजपूत, इंद्रमणि गोड़, पवन शर्मा, अनुज माहेश्वरी, भूपेंद्र सिंह बिष्ट, गणेश दत्त, नारायण सेन, अंकित सूरी, गौरव गोस्वामी, सोनू शर्मा, मोहित अरियाल, रितेश पाण्डेय, गोविंद पाण्डेय, रोहन पासवान, आकाश यादव, वंश, मनोज अग्रवाल, अजय कुमार, राहुल मांझी, केशव काम्बोज आदि कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।



# संतों का जीवन परमार्थ के लिए समर्पित : डीपी यादव

## पूर्व कैबिनेट मंत्री ने की हनुमान की पूजा अर्चना, लिया डा. स्वामी संतोषानंद देव का आशीर्वाद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री धर्मपाल यादव (डीपी यादव) ने कहा कि संतों का जीवन समाज सेवा, शिक्षा और भक्ति के माध्यम से मानवता की सेवा करने में समर्पित होता है। संत केवल आत्मसाक्षात्कार तक सीमित नहीं रहते, बल्कि अपने ज्ञान और अनुभव को समाज में बांटते हैं। ऐसे संत लोगों को जीवन में सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं।

यूपी के कैबिनेट मंत्री ने लिया, हनुमानजी महाराज का आशीर्वाद

गौरतलब है कि यूपी के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं बाहुबली नेता धर्मपाल यादव (डीपी यादव) ने बुधवार को श्री अवधूत मंडल आश्रम बाबा हीरादास हनुमान मंदिर सिंहद्वार, ज्वालापुर हरिद्वार पहुंचकर आश्रम के पीठाधीश्वर महंत महामंडलेश्वर डॉ स्वामी संतोषानंद देव महाराज से भेंटवार्ता की। स्वामी संतोषानंद देव महाराज ने शाल, माला एवं पुस्तक भेंटकर सम्मानित किया। इसके पूर्व उन्होंने हनुमान जी की विशेष पूजा अर्चना की। उन्होंने कहा कि कई संत ऐसे हैं जिन्होंने अपने जीवन को परमार्थ के लिए समर्पित किया, जैसे कि संत कबीर, गुरु नानक, संत तुकाराम और संत रविदास। महामंडलेश्वर डॉ स्वामी संतोषानंद देव इसी कड़ी के संत हैं। श्री अवधूत मंडल आश्रम के माध्यम से जनकल्याण के कार्य करने में समर्पित है। आज आश्रम में वेद विद्यालय, चिकित्सालय, गौशाला, अन्नक्षेत्र, सहित अन्य सेवा प्रकल्प जारी है। स्वामी संतोषानंद जैसे संतों को महान माना जाता है, जो अपने त्याग, प्रेम और करुणा से समाज को एक नई दिशा देते हैं। संतों का जीवन एक प्रेरणा है, जो हमें सिखाता है कि जीवन का सच्चा अर्थ दूसरों की सेवा और मानवता की भलाई में निहित है। इस मौके पर साध्वी नेहा गौतम, आयुर्वेदाचार्य डॉ रामदास उदासीन, स्वामी पुरूषोत्तमाचार्य, स्वामी ओमप्रकाश, पं राजेन्द्र अवस्थी, विजय, प्रांजल, जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष राकेश वालिया सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।



# दिनारपुर में स्थित गुरुद्वारे में गुरमत समागत की तैयारियां पूरी



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ग्राम दिनारपुर स्थित गुरुद्वारे में आयोजित होने वाले गुरमत समागम की तैयारियां पूरी हो गई। 13 जून शुक्रवार को समागम में हजारों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार सिंह साहिब ज्ञानी कुलदीप सिंह गर्गाज संबोधित करेंगे। इस संदर्भ में श्री गुरु नानक देव जी धर्म प्रचार समिति की बैठक का आयोजन निर्मल विरक्त कुटिया परिसर में किया गया। समिति के अध्यक्ष सूबा सिंह ढिल्लो ने बताया कि जत्थेदार नियुक्त होने के बाद पहली बार सिंह साहिब ज्ञानी कुलदीप सिंह गर्गाज धर्मनगरी के गुरुद्वारे पहुंच रहे। पूरे पंचपुरी के सिक्ख समाज उनके आगमन को लेकर बहुत उत्साहित है। उनके साथ दरबार साहिब के हजूरी रागी सतनाम सिंह अपने शबद कीर्तन से संगत को निहाल करेंगे। संरक्षक बाबा पंडत ने बताया कि जत्थेदार सिंह साहिब ज्ञानी कुलदीप सिंह गर्गाज प्रदेश के सिक्खों की समस्याएं सुनेंगे। यह बहुत बड़ा गुरमत समागम है। बैठक में सतपाल सिंह, उज्जल सिंह सेठी, हरभजन सिंह, सुखदेव सिंह, लाहौरी सिंह, अनूप सिंह सिद्धू, मंजीत सिंह, बलविंदर सिंह आदि उपस्थित थे।

**सूचना ( संबंध विच्छेद )**

मैंने अपने पुत्र सलमान को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इसके किसी भी कृत्य व लेनदेन की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नही होगी। कल्लू पुत्र शकूर अहमद, निवासी ग्राम मुस्तफाबाद उर्फ पदार्था, थाना पथरी, हरिद्वार।

# यात्रियों को हर सुविधा कराई जा रही मुहैया: बहुगुणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** रुद्रप्रयाग जनपद प्रभारी एवं पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि केदारनाथ धाम की यात्रा लगातार जारी है और हर रोज हजारों की संख्या में यात्री बाबा केदार के दर्शन कर रहे हैं। सरकार की ओर से की गई बेहतर व्यवस्थाओं का नतीजा है कि रिकार्ड संख्या में पहुंचे रहे यात्रियों को अच्छे से दर्शन हो रहे हैं और यात्री यहां से एक सुखद संदेश लेकर जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि केदारनाथ धाम की यात्रा में संचालित हो रहे घोड़े-खच्चर पूरी तरह से स्वस्थ हैं। जो वायरस घोड़े-खच्चरों में फैला था, वह पूर्ण रूप से काबू में है।



रुद्रप्रयाग में पत्रकारों से वार्ता करते हुये केदारनाथ यात्रा के संबंध में जनपद प्रभारी एवं पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि संक्रमण से ग्रसित होने के बावजूद भी इस बार केदारनाथ यात्रा सीजन में घोड़े-खच्चरों की मौत का आंकड़ा बेहद कम है, जो कि बेहद ही सुखद स्थिति है। उन्होंने कहा कि घोड़े-खच्चरों की केदारनाथ यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यात्रा के शुरूआत में दो दिन में 19 घोड़े-खच्चरों की मौत हो गई थी, जिसका एक मुख्य कारण वायरस भी था, लेकिन अब तक की यात्रा में मात्र 44 घोड़े-खच्चरों की मौत हुई थी। कही नहीं कही बेहतर प्रबंधन के कारण इस बार की यात्रा में घोड़े-खच्चरों की मौत का आंकड़ा भी बेहद कम हुआ है। जो कि यात्रा और घोड़े-खच्चरों के लिये एक सुखद स्थिति है। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भी धन्यवाद अदा करते हुये कहा कि जब से प्रधानमंत्री केदारनाथ धाम की यात्रा

**■ इस यात्रा में घोड़े-खच्चरों की मौत हुई बहुत कम**
**मानसून सीजन से निपटने के लिए सरकार की तैयारी पहले से**

पर आये हैं, तब से धाम आने वाले यात्रियों की संख्या में बेहद वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि यात्री केदारनाथ धाम के सुगमता से दर्शन कर रहे हैं और एक सुखद संदेश लेकर यहां से जा रहे हैं। मंत्री ने यह भी कहा कि पैदल यात्रा मार्ग से लेकर धाम तक यात्रियों के लिये सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। मेडिकल के साथ ही साफ-सफाई, रहने-खाने के पर्याप्त इंतजाम हैं। उन्होंने प्रशासन के अलावा पशुपालन विभाग के कार्यों की भी जमकर सराहना की। मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि मानसून सीजन में हर आपदा से निपटने के लिये सरकार की तैयारियां पहले से ही हैं। पिछले यात्रा सीजन के दौरान जो आपदा आई थी, उसमें हजारों यात्रियों का सफल रेस्क्यू किया गया था। इस बार भी सरकार पहले से अलर्ट है और प्रशासन को भी अलर्ट मोड़ पर रखा गया है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन यात्रा में अच्छे से कार्य कर रहा है। हर यात्रियों को आवश्यक सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही हैं। उन्होंने केदारनाथ यात्रा मार्ग पर संचालित हो रहे हर घोड़े-खच्चर पर निगरानी रखी जा रही है। स्वस्थ घोड़े-खच्चर का ही यात्रा में संचालन किया जा रहा है। फिटनेस प्राप्त घोड़े-खच्चर को ही संचालन की अनुमति दी जा रही है। घोड़े-खच्चरों के स्वास्थ्य जांच के लिये जगह-जगह डॉक्टर की टीमे भी तैनात की गई हैं।

# चकराता अस्पताल को हटाने के नोटिस पर बढ़ा विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** छावनी परिषद चकराता द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को स्थानांतरित करने के नोटिस के खिलाफ स्थानीय व्यापारी संगठन और जनप्रतिनिधि एकजुट हो गए हैं। सोमवार को व्यापार मंडल चकराता समेत कई सामाजिक संगठनों और पूर्व जनप्रतिनिधियों ने परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) को ज्ञापन सौंपकर नोटिस वापस लेने की मांग की। कुछ माह पूर्व छावनी परिषद ने स्वास्थ्य विभाग को अस्पताल खाली करने का निर्देश देते हुए नोटिस जारी किया था, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने चकराता से करीब 7 किलोमीटर दूर ग्वासा पुल के पास नए स्थल का निरीक्षण भी किया था। लेकिन स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रस्तावित स्थल पर न तो सार्वजनिक परिवहन की सुविधा है




और न ही आपातकालीन पहुंच की सुविधा, जिससे मरीजों और ग्रामीणों को भारी असुविधा होगी। पूर्व उपाध्यक्ष चंदन रावत, पूर्व सदस्य कमल रावत, ममता, चांदना, सहित कई लोगों ने ज्ञापन में कहा कि चकराता बाजार जौनसार बावर क्षेत्र का केंद्र है और वर्षों से संचालित साम.ुदायिक अस्पताल इस क्षेत्र की स्वास्थ्य आवश्यकताओं की रीढ़ है। अस्पताल को अन्यत्र ले जाना जनहित के खिलाफ होगा। ज्ञापन में परिषद से अनुरोध किया गया है कि अस्पताल हटाने का निर्णय वापस लिया जाए और यदि भवन की मरम्मत या पुनर्निर्माण की आवश्यकता है, तो उसके लिए जल्द एनओसी जारी की जाए।

# पुलिस और कर्मचारी आमने-सामने

**■ एक-दूसरे पर लगाए मारपीट और वाहन क्षति के आरोप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** चकराता तहसील में गुरुवार को पुलिस और प्रशासनिक कर्मचारियों के बीच विवाद का मामला तूल पकड़ता दिख रहा है। तहसील में तैनात नेटवर्क इंजीनियर ने चकराता थाने में तहरीर देकर दो पुलिसकर्मियों पर मारपीट और गाली-गलौच के गंभीर आरोप लगाए हैं, जबकि दूसरी ओर सिपाही ने भी तहसील कर्मचारियों के खिलाफ उनके निजी वाहन को नुकसान पहुंच.ाने की शिकायत दर्ज कराई है।

नेटवर्क इंजीनियर द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार, गुरुवार सुबह ड्यूटी के दौरान उन्हें एसआई और सिपाही तहसील से थाने ले गए, जहां बिना उच्चाधिकारियों को सूचना दिए उनसे कुछ वाहनों की तोड़फोड़ के मामले में पूछताछ की गई। आरोप है कि पूछताछ के दौरान दोनों पुलिसकर्मियों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया, गाली-गलौच की और शारीरिक रूप से चोट पहुंचाई। इंजीनियर ने साम.ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल जांच कराते हुए थाने में शिकायत दी है और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

शिकायतकर्ता ने यह भी बताया कि वह तहसील परिसर के पीछे निवास करते हैं, जहां एसडीआरएफ, तहसील पुलिस और पर्यटकों के वाहन खड़े रहते हैं। हाल ही में तीन वाहनों में अज्ञात लोगों द्वारा तोड़फोड़ की गई थी, लेकिन उन्हें जबरन बिना साक्ष्य के आरोपी बनाया गया। उन्होंने पुलिसकर्मियों पर मनमानी और पूर्वाग्रह के तहत कार्रवाई का आरोप लगाते हुए उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। उधर, पुलिस ने भी पलटवार करते हुए नेटवर्क इंजी.नियर, तहसील कर्मी और होमगार्ड पर उनके निजी वाहन को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। उन्होंने भी थाने में तहरीर देकर उचित कार्रवाई की मांग की है।

इस पूरे मामले को लेकर चकराता थानाध्यक्ष चंद्रशेखर नौटियाल ने बताया कि दोनों पक्षों से प्राप्त तहरीरों के आधार पर जांच की जा रही है। दोषी पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# शव मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी

**सहसपुर।** थाना सहसपुर क्षेत्रांतर्गत शंकरपुर हुकूमतपुर स्थित मेंटल हॉस्पिटल के पीछे बनी पीठ बाजार की टीन शेड के नीचे एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। थाना सहसपुर पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर देखा तो पाया कि एक व्यक्ति जिसकी उम्र लगभग 30 वर्ष है, के सर के पास कनपटी से खून बह रहा है तथा मृत अवस्था में पढ़ा हे, आसपास के लोगों से उक्त व्यक्ति के बारे में पूछा गया तो कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई। मौके से शव को आवश्यक कार्यवाही हेतु विकासनगर मोर्चरी भिजवाया गया, शव के पंचायतनामा के बाद शव की शिनाख्त हेतु शव को विकासनगर मोर्चरी में रखा गया। पुलिस शव की शिनाख्त की कार्यवाही के प्रयास कर रही है।

# चलती स्कूटी में लगी आग बाल-बाल बचा चालक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** विकासनगर के बाबूगढ़ क्षेत्र में चलती स्कूटी में अचानक लग गई। चालक ने तत्काल स्कूटी से कूदकर अपनी जान बचाई। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्कूटी में लगी आग को बुझाया। चालक सुरक्षित है। दरअसल, अर्शलान पुत्र नईमुर्रहमान निवासी माजरी शिमला बाईपास रोड साभावाला विकासनगर से हरबर्टपुर की ओर ओला कंपनी की इलेक्ट्रिक स्कूटी से जा रहा था। बाबूगढ़ के पास अचानक चलती स्कूटी में आग लग गई। अर्शलान ने स्कूटी से कूदकर अपनी जान बचाई। उधर चलती स्कूटी में आग लगने से आसपास के लोग भी वहां एकत्रित हो गए। इसी बीच लोगों ने पुलिस को भी सूचना दे दी। चौकी इंचार्ज बाजार संदीप कुमार ने बताया कि मौके पर पहुंचकर आग को बुझाया गया है। प्रथम .ष्टा स्कूटी में आग लगने का कारण स्कूटी में तकनीकी खराबी आना प्रतीक हो रहा है। स्कूटी चालक सुरक्षित है।

## एक नजर .......

### सुनील कुमार बने संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**चकराता।** नवीन चकराता पुरोडी में संयुक्त मोर्चा की एक महत्वपूर्ण बैठक दलीप चंद्रा सचिन के द्वारा बुलाई गई। बैठक की अध्यक्षता बारु नीराला राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने की बैठक मे चुनाव कराने के लिए प्रस्ताव लाया गया जिसको सर्व समिति द्वारा पास किया गया। कार्यकारिणी का सर्व समाज के गणमान्य सदस्यों के सामने चुनाव करवाया गया जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष पद सुनील कुमार उर्फ राजेंद्र कुंवर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बारु निराला, राष्ट्रीय महासचिव अनिल वर्मा, सचिव दिलीप चंद्रा, उपसचिव जगत राम, संगठन सचिव केसर सिंह, उप संगठन सचिव प्रभु भारती, सोशल मीडिया प्रभारी प्रीतम भारती, सोशल मीडिया प्रभारी निक्कू बजरंगी, मीडिया प्रभारी लेखाकार रमेश चंद्र, मंच संचालन प्रभारी सोणु राम ने किया। इस मौके पर संरक्षक मंडल शशि राम, डॉक्टर नन्द लाल भारती, धूम सिंह, भगत राम राही, शांति वर्मा, दौलत कुंवर, हरि सिंह, धनिया, खेम सिंह राणा, प्रेम सिंह, दलिया डीलर, मधुराम, जालम सिंह, निक्की भारती, पूर्व प्रधान श्याम सिंह, पूर्व प्रधान फागनिया राम, जय सिंह, पूर्व बीबीसी मेंबर चमन सिंह, कार्यकारिणी सदस्य, दिनेश सीधियाण, जालम सिंह, सुरेंद्र सिंह, धन सिंह, सबल सिंह, पूर्व प्रधान गेंदा राम, आशु भारती, दीवान सिंह, कुंदन सिंह, चतर सिंह, दिनेश निराला, शशि कुंवर, प्रमोद कुमार, सुरेश सिंह, राजवीर सिंह, विनोद कुमार, मोहित, रघुवीर सिंह, महिपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### जल संरक्षण अभियान के अंतर्गत जल उत्सव पखवाड़े का आयोजन



**सहसपुर।** विधानसभा सहसपुर क्षेत्र के गुजराड़ा करनपुर में जल संरक्षण अभियान 2025 के अंतर्गत आयोजित जल उत्सव पखवाड़े का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक सहदेव सिंह पुंडीर शामिल हुए। विधायक पुंडीर ने इस अवसर पर जामुनवाला नहर (गुजराड़ा, करनपुर) के हेड पर बने चेक डैम/कट ऑफ वॉल का विधिवत शुभारंभ किया। इसके साथ ही उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया और क्षेत्रवासियों से पर्यावरण संरक्षण में भागीदारी निभाने की अपील की।कार्यक्रम में संजय राज (अधीक्षण अभियंता), पीएल नौटियाल (अधिशासी अभियंता), संजीव कुमार (सहायक अभियंता), सुमित जगूड़ी, अर्जुन सिंह (अपर सहायक अधिकारी) सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे, साथ ही जनप्रतिनिधि वीर बहादुर (पूर्व ग्राम प्रधान), अशोक नेगी, रंजीत सिंह, अमर सिंह राणा, कुसुमलता वर्मा, संदीप धनई एवं कैप्टेन परमवीर समेत कई गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

### राज्य आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाली सर्वेश्वरी के निधन शोक सभा का आयोजन

**विकासनगर।** उत्तराखंड राज्य आन्दोलन में अहम भूमिका निभाने वाली विक.ासनगर निवासी श्रीमती सर्वेश्वरी देवी घनशाला का स्वर्गवास होने पर डाकपत्थर रोड स्थित कार्यालय में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। वे बीते काफी समय से बीमार चल रही थीं। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच के अध्यक्ष सुरेंद्र कुकरेती ने अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। शोक सभा में गणेश प्रसाद काला, जयकृष्ण सेमवाल, चन्दन सिंह सजवाण, पूरण प्रसाद भट्ट, मनोज कंडवाल, मायाराम मंमगाई, अमजद मिर्जा, बीना पंवार, सरोज मलासी, नरेंद्र कुकरेती, अनिता चमोली, सुशीला कपर्वाण, चंद्रशेखर गॉड, उषा जोशी, नीलम उनियाल, सरोजनी ममगाई, मदनलाल पाल आदि मौजूद रहे।

### कालसी पुलिस ने ऑपरेशन लगाम के तहत काटे 5 चालान

**कालसी।** थाना कालसी पुलिस ने ऑपरेशन लगाम के तहत 5 चालान 81 पुलिस एक्ट में काटकर 1250 रूपये का संयोजन शुल्क वसूला। सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने, वाहन में अवैध रूप से लाठी डण्डे रखने, शराब का परिवहन करने, वाहनों के शीशों पर काली फिल्म लगाकर वाहनों का संच.ालन करने, शराब पीकर वाहन चलाने, सडकों पर रैश ड्राइविंग, स्टंट ड्राइविंग आदि करने वालों तथा वाहनों पर मॉडीफाइड साइलेंसर लगाने तथा अनाधिकृत रूप से हूटर, नामपट्टिका लगाकर वाहन चलाने वालों के विरूद्ध वृहद स्तर पर 'आपेरशन-लगाम' चलाये जाने हेतु सभी अधीनस्थों को निर्देश निर्गत किये गये हैं।

# खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के समापन पर अधिकारी संजय सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** जौनसार बाबर खेलकूद एवं सांस्कृतिक पुनरुत्थान समिति, खत बेहलाड़ द्वारा आयोजित चार दिवसीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का सफल समापन रविवार को हुआ। इस अवसर पर आयोजन में निरंतर स्वास्थ्य सेवाएं देने वाले गडोल स्वास्थ्य उपकेंद्र में कार्यरत फार्मेसी अधिकारी डॉ. संजय तिवारी को समिति की ओर से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के आयोजकों ने डॉ. तिवारी की सेवा भावना और निरंतर योगदान को सराहते हुए उन्हें स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र भेंट किया। यह सम्मान न केवल उनकी वर्तमान सेवाओं के लिए, बल्कि कोविड-19 महामारी के दौरान दिए गए अथक योगदान के लिए भी दिया गया, जब उन्होंने विषम परिस्थितियों में भी घर-घर जाकर टीकाकरण जैसे आवश्यक कार्यों को अंजाम दिया।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले 1 जून को गढ़-बैराट पर्यटन एवं संस्कृति संवर्द्धन समिति, बैराट-खाई (खत कोरू) द्वारा आयोजित कार्यक्रम के समापन समारोह में भी तिवारी को उनकी दो दशकों से अधिक की सेवा यात्रा के लिए सम्मानित किया गया था। डॉ. संजय तिवारी विगत 19 वर्षों से उत्तराखंड स्वास्थ्य विभाग, कालसी ब्लॉक के अंतर्गत गडोल स्वास्थ्य उपकेंद्र में कार्यरत हैं।

# प्रवास पर सुखेड़ गांव पहुंचे बाशिक महासू देवता

**चकराता।** बाशिक महासू देवता तीन दिन की टियूटाड गांव की प्रवास यात्रा के बाद गुरुवार को सुखेड़ पहुंचे। नौ जून को बाशिक महासू देवता की पालकी, बौठा महासू, चालदा महासू देवता के देव चिह्न डोरिया तीन दिन अलग-अलग परिवारों मे पूजन प्रवास पर रहे। ग्रामीणों में देव दर्शन को लेकर बड़ा उत्साह देखा गया। लोगों ने श्रद्धा भाव से देव कारिंदों की खूब सेवा की।

जेठ मास में बाशिक महासू देवता की पालकी जखोली मेले और भक्तों की मन्नत पूरी करने के लिए प्रवास पर रहती है। दो दिन जखोली, दो दिन कैमाड़ा और तीन दिन टियूटाड़ गांव के प्रवास में रहे हैं। जिसके बाद देवता गुरुवार को सुखेड़ पहुंचे।

# सीएचसी मानथात में मासिक बैठक एवं टीबी जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मानथात में बुधवार को सभी आशा कार्यकर्ताओं की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता चिकित्सा अधिकारी डॉ. मयंक भट्ट ने की, जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने और विभिन्न रोगों की रोकथाम के विषय में विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक का मुख्य उद्देश्य आशाओं को क्षय रोग (टीबी) से संबंधित जानक.ारी देना और आगामी टीबी स्क्रीनिंग कार्यक्रम की रूपरेखा साझा करना था। आशाओं को बताया गया कि 12 जून से सीवायटीबी (सीवाईटीबी) योजना के अंतर्गत लक्षणयुक्त एवं लक्षणरहित दोनों प्रकार के संभावित मरीजों की स्क्रीनिंग की जाएगी। इस दौरान टीबी की रोकथाम हेतु टीपीटी भी दी जाएगी।

टीबी जांच की प्राथमिकता सूची में शामिल 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग, मधुमेह से पीड़ित व्यक्ति, धूम्रपान व शराब की लत वाले व्यक्ति, जिनको पहले टीबी हो चुकी हो।

स्वास्थ्य कर्मी डायलिसिस मरीज, इम्यूनो डिफिशिएंसी वाले रोगी, ट्रांसप्लांट कराए हुए व्यक्ति आदि।

बैठक में यह भी तय किया गया कि अब हर बुधवार और बृहस्पतिवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मानथात में (गैर संचारी रोग), संचारी रोग, और यौन संचारित रोगों जैसे एचआईवी सिफलिस आदि की नियमित रूप से लैब जांच की जाएगी। इन जांचों में केएफटी, एलएफटी और एचबी की रिपोर्टिंग सुनिश्चित की जाएगी।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग की ओर से गुरप्रीत कौर, रीना रानी, बलबीर सिंह, प्रियंका, अमृता, शांतापंवार, पुलमा, उर्मिला, प्रमिला दाई और मानथात सब-सेंटर की समस्त आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। चिकित्सा अधिकारी डॉ. मयंक भट्ट ने सभी को जनस्वास्थ्य की दिशा में जिम्मेदारी से कार्य करने का आह्वान किया और कहा कि सामुदायिक जागरूकता ही टीबी जैसे रोगों की रोकथाम का सशक्त माध्यम है।

# सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए भाजपा समर्पित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** उत्तराखंड वन पंचायत सलाहकार के अध्यक्ष कुलदीप कुमार ने कहा कि सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए भाजपा समर्पित है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 11 साल में सेवा, सुशासन, और गरीब कल्याण के लिए नई यात्रा तय की है।

गुरुवार को बीजेपी कार्यालय ज्ञानसू उत्तरकाशी में जिलाध्यक्ष नगेंद्र चौहान की अध्यक्षता में विकसित भारत का अमृत कल सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल के अवसर पर जिला प्रोफेशनलस मीट का आयोजन किया गया।इस दौरान मुख्य वक्ता कुलदीप कुमार ने केन्द्र सरकार की हर योजना गरीबों के कल्याण और उनके जीवन को आसान बनाने के लिए है। देश के विकास की नई इबादत लिखने के साथ-साथ देश के दुश्मनों को करारा जवाब दिया जा रहा है। आप.रेशन सिंदूर इसी की एक मिशाल है। मुख्य वक्ता ने कहा कि भारत ने ब्रिटेन, यूनाइटेड किंगडम, जापान जैसी बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देशों को पीछे छोड़ दिया है और विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गई है।सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ये 11 साल स्वर्णिम काल के रूप में याद किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक स्तर पर देश को एक नई पहचान दी है। वे 140 करोड़ भारतीयों के विश्वास का प्रतीक हैं। आजादी के 65 साल में कांग्रेस नेतृत्व देश की जनता के विश्वास को खंडित करती रही है।

# सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर प्रोफेशनल मीट आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** केंद्र में भारतीय जनता पार्टी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में देशभर में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत आज विकासनगर के हरबर्टपुर में 'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण' थीम पर कार्यकर्ता सम्मेलन और प्रोफेशनल मीट का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी उपस्थित रहीं। उनके साथ विक.ासनगर विधायक मुन्ना सिंह चौहान, सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर, रानीपुर विधायक आदेश चौहान, जिलाध्यक्ष मीता सिंह सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी शामिल हुए।

वक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के



नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 वर्षों को 'अमृतकाल' बताते हुए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जमकर सराहना की।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने समाज के हर वर्ग के लिए योजनाएं चलाई हैं जिनका सीधा लाभ आम जनता को मिला है।

कार्यक्रम के दौरान 'ऑपरेशन सिंदूर' की भी चर्चा की गई

मीडिया से बातचीत में राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी ने पंचायत चुनाव को लेकर कहा, भाजपा चुनावों के लिए उसी तरह तैयार रहती है जैसे फौजी जंग के लिए। निकाय और अन्य चुनावों की तरह पंचायत चुनावों में भी भाजपा जीत दर्ज करेगी और अपना परचम लहराएगी।

कार्यक्रम का उद्देश्य पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना और आगामी चुनावों के लिए रणनी.तिक मजबूती देना रहा। कार्यक्रम में केंद्र सरकार की 11 साल की उपलब्धियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती नीरु देवी, कार्यक्रम संयोजक अरुण मित्तल, जिला महामंत्री विनोद कश्यप, अमित डबराल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संतोष रावत, कार्यक्रम के सह संयोजक रितेश असवाल, जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र चावला, दयानंद जोशी, मंडल अध्यक्ष राहुल शर्मा, शुभम गर्ग, लक्ष्मी अग्रवाल, दिव्या राणा, नवीन रावत, वीरता गुरुंग, कृष्णा तोमर, संजय तोमर, प्रवीन चौहान, नीरज शर्मा, मदन सिंह, मधु ठाकुर, सुनीता गुलेरिया, संग्राम सिंह, आर पी सिंह, ममता मुल्तानी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री विनोद कश्यप, कार्यक्रम संयोजक अरुण मित्तल ने संयुक्त रूप से किया।

# अनुभवात्मक शिक्षा को उच्च शिक्षा का अभिन्न अंग बनना चाहिए:प्रो. धामी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि में मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र (एमएमटीटीसी) में गुरु दक्षता फैकल्टी इंडक्शन कार्यक्रम का गुरूवार को समापन हुआ। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल उत्तराखंड के पूर्व कुलपति प्रो. एचएस धामी ने उच्च शिक्षा पाठ्यक्रम में अनुभवात्मक शिक्षा को एकीकृत करने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। कहा कि अनुभवात्मक शिक्षा केवल एक शैक्षणिक प्रवृत्ति नहीं है, बल्कि आज की तेजी से विकसित हो रही ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था में प्रासंगिक और उत्तरदायी बने रहने के लिए भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली के लिए एक मूलभूत आवश्यकता है। कहा कि पारंपरिक कक्षा आधारित शिक्षण महत्वपूर्ण बना हुआ है, लेकिन इसे व्यावहारिक, समस्या-आधारित और परियोजना-उन्मुख दृष्टिकोणों के साथ पूरक होना चाहिए जो महत्वपूर्ण सोच, रचनात्मकता, सहयोग और वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोग को बढ़ावा देते हैं। उन्होने उच्च शिक्षा संस्थानों से ऐसे पाठ्यक्रम को फिर से डिजाइन करने का आग्रह किया जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के समग्र और बहु-विषयक शिक्षा के दृष्टिकोण के अनुरूप हों। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए गढ़वाल विवि के पृथ्वी विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. एचसी नैनवाल ने आधुनिक शैक्षिक परिदृश्य में शिक्षकों की अपूरणीय भूमिका पर गहन वक्तव्य दिया। प्रो. नैनवाल ने कहा कि आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस जानकारी की नकल कर सकती है, लेकिन इसमें सहानुभूति, अंतर्ज्ञान और मानवीय जुड़ाव का अभाव होता है जो एक शिक्षक कक्षा में लाता है। कहा कि शिक्षकों में भावनात्मक बुद्धिमत्ता होती है, कुछ ऐसा जो कोई एल्गोरिदम अनुकरण नहीं कर सकता है। बताया कि ऐसे युग में जहां तकनीक तेजी से शिक्षा को बदल रही है, यह भावनात्मक बुद्धिमत्ता है, छात्रों को मानवीय स्तर पर समझने, प्रेरित करने और उनसे जुड़ने की क्षमता जो प्रभावी शिक्षण का मूल है। उन्होंने एआई-संचालित प्लेटफार्मों पर अत्यधिक निर्भरता के खिलाफ आग्रह किया। गुरु दक्षता कार्यक्रम में देश के 19 अलग-अलग राज्यों से 60 शिक्षक प्रतिभागियों ने भाग लिया। केंद्र के कार्यवाहक निदेशक डॉ. राहुल कुंवर सिंह ने कहा कि परिवर्तनकारी शिक्षक प्रशिक्षण पहलों को बढ़ावा देने के लिए एमएमटीटीसी की प्रतिबद्धता को दो.हराया जो 'आचार्य देवो भव' की भावना को बनाए रखते हैं और राष्ट्रीय शैक्षिक लक्ष्यों में सार्थक योगदान देते हैं। समापन सत्र का संचालन केंद्र के सहायक निदेशक डॉ. सोमेश थपलियाल ने किया। मौके पर डॉ. अमर जीत सिंह, डॉ. कविता भट्ट सहित आदि मौजूद थे।

# केदारघाटी में हुई बारिश से केदारनाथ हाईवे जगह-जगह हुआ बाधित

**रुद्रप्रयाग।** कई दिनों की तपती गर्मी के बाद मौसम ने राहत की सांस दी है। बुधवार रात से केदारघाटी में जमकर बारिश हुई। हालांकि बारिश का थोड़ा बहुत असर यात्रा पर भी पड़ा है। केदारनाथ हाईवे पर जगह-जगह भूस्खलन होने से यात्री कुछ देर परेशान रहे। हालांकि प्रशासन अलर्ट मोड़ पर है। यात्रियों से साफ मौसम में यात्रा करने की अपील की जा रही है। वहीं दूसरी ओर केदारनाथ धाम में भी मौसम खराब रहा। दोपहर तक धाम में धुंध छाई रही। दोपर दो बजे बाद से ही केदारनाथ धाम में हेलीकाप्टरों का संचालन हो पाया।पहाड़ों के मौसम में परिवर्तन आ गया है। बुधवार रात केदारघाटी में जमकर मूसलाधार बारिश हुई। हालांकि बारिश से परेशानियां भी खड़ी हो गई हैं।

# सरकारी लापरवाही से वर्षों से खड़े-खड़े जंग खा रहे हैं लोक निर्माण विभाग के वाहन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** लोक निर्माण विभाग चकराता की अनदेखी के चलते वर्षों से दो ट्रक और एक रोड रोलर जंग खाकर बेकार हो रहे हैं। ये वाहन उस निजी भवन में खड़े हैं, जहां विभाग का पूर्व गोदाम और कार्यालय हुआ करता था।जानकारी के अनुसार, चकराता-त्यूणी मोटर मार्ग पर सप्लाई क्षेत्र के पास स्थित एक निजी भवन में विभाग का गोदाम व कार्यालय संचालित था, जिसे वर्षों पहले ही भवन स्वामी द्वारा खाली करा लिया गया। भवन से अधिकांश सामानकृजैसे डीजल, पेट्रोल, तारक.ोल के ड्रम और फर्नीचर आदि तो हटा लिए गए, लेकिन रोड रोलर और दो ट्रक वहीं छोड़ दिए गए।

तब से ये वाहन खुले में खड़े-खड़े खराब हो रहे हैं।इस मामले को लेकर छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पंकज जैन, सामाजिक कार्यकर्ता सतीश चौहान, अंकित, जगदीश और गजेंद्र आदि ने विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर ये वाहन अनुपयोगी हैं तो इनकी नीलामी की जाए, अन्यथा उन्हें ठीक कर सरकारी कार्यों में लगाया जाए। उन्होंने कहा कि इस तरह की उपेक्षा से सरकारी संपत्ति का नुकसान हो रहा है।इस संबंध में अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग चकराता नीरज त्रिपाठी ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। वे संबंधित अधिकारी से जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

# श्रद्धालुओं की सुरक्षा से समझौता न हो

## एडीजी लॉ एंड ऑर्डर वी. मुरुगेशन ने कैंचीधाम का निरीक्षण किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**भवाली/हल्द्वानी।** आगामी 15 जून को आयोजित होने वाले कैंची धाम स्थापना दिवस मेले की तैयारियों का एडीजी अपराध एवं कानून व्यवस्था उत्तराखंड वी. मुरुगेशन ने गुरुवार को स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर परिसर, ट्रैफिक रूट, पार्किंग स्थल और संभावित भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों का गहन निरीक्षण कर सुरक्षा और यातायात व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण की शुरुआत एडीजी मुरुगेशन ने बाबा नीम करौली महाराज के दर्शन से की। इसके बाद उन्होंने व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को समयबद्ध, संवेदनशील और व्यवस्थित तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने भीड़ नियंत्रण एवं सुरक्षा प्रबंधन पर जोर



दिया। कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु मंदिर समिति एवं आयोजकों के साथ समन्वय बैठक कर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। श्रद्धालुओं की अनुमानित संख्या के अनुसार मंदिर में प्रवेश और निकासी प्रबंधित हो। वालंटियर्स की तैनाती से भीड़ प्रबंधन में सहयोग लिया जाए। एडीजी ने निर्देश दिए कि ड्यूटी नियंत्रण कक्ष की स्थापना कर उसमें जिम्मेदार अधिकारी तैनात की जाए। सीसीटीवी व ड्रोन की सहायता से 24–7 रीयल–टाइम निगरानी की व्यवस्था की जाए। कहा कि सोशल मीडिया निगरानी सेल सक्रिय रहे और अफवाह फैलाने वालों पर तत्काल फैक्ट चैक व विधिक कार्यवाही हो। एडीजी वी मुरूगेशन ने निर्देश दिए कि क्षेत्र को जोन एवं सेक्टरों में विभाजित कर सुरक्षा आदि बलों की सुनियोजित तैनाती सुनिश्चित हो। सभी पुलिसकर्मियों की समय से ब्रीफिंग की जाय। सादे वस्त्रों में महिला व पुरुष पुलिसकर्मी भीड़ में तैनात किए जाएं। बीडीएस टीम द्वारा संदिग्ध वस्तुओं की लगातार जांच की जाए। उन्होंने कहा कि रूट डायवर्जन प्लान बनाकर उसका प्रचार–प्रसार सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से किया जाए। शटल सेवा का व्यवस्थित संचालन सुनिश्चित किया जाए। पार्किंग स्थलों पर पर्याप्त बल की तैनाती हो। साथ ही मंदिर, पार्किंग व अन्य स्थलों पर प्रवेश व निकासी के द्वार अलग–अलग चिन्हित किए जाएं। दर्शनार्थियों की संख्या का लगातार आकलन कर प्रवेश की अनुमति दी जाए। आवश्यक सूचना जैसे रूट प्लान, पार्किंग व्यवस्था, प्रसाद वितरण आदि से संबंधित फ्लेक्स बोर्ड प्रमुख स्थलों पर लगाए जाएं। उन्होंने हिदायत दी कि पुलिस बल श्रद्धालुओं से विनम्र व्यवहार करें, कोई दुर्व्यवहार न हो। हर संवे. दनशील गतिविधि की वीडियोग्राफी कराई जाए। सभी जवान जनसुरक्षा, सेवा एवं सजगता की भावना के साथ ड्यूटी निभाएं। बताया गया कि कैंची धाम मेले की सुरक्षा हेतु 3 कंपनियां पीएसी व 800 से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती सुनिश्चित की जा रही है। सभी बलों को उनके निर्धारित क्षेत्र व दायित्वों के अनुसार ब्रीफिंग देकर कुशल संचालन हेतु तैनात किया जा रहा है। इस दौरान आईजी कुमाऊं रिधिम अग्रवाल, एसएसपी नैनीताल पीएन मीणा समेत क्षेत्रीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## किसानों को मिली तकनीकी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धारी।** आईवीआरआई मुक्तेश्वर द्वारा संचालित विकसित कृषि संकल्प अभियान का समापन रामगढ़ ब्लॉक के मल्ला गहना गांव में किसानों के साथ आयोजित कार्यक्रम में किया गया। समापन कार्यक्रम में संस्थान के संयुक्त निदेशक डा. वाईपीएस मालिक ने पंद्रह दिनों तक चले अभियान की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी और किसानों को कृषि व पशुपालन के क्षेत्र में हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर भीमताल विधायक राम सिंह खेड़ा भी उपस्थित रहे। उन्होंने आईवीआरआई द्वारा किसानों के हित में किए गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के अभियान ग्रामीण क्षेत्रों की कृषि प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विधायक ने किसानों को प्रदेश सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी दी और उनके हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया, जिससे राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सके।

## मानवताः सीमा गुप्ता की जान बचाने आगे आए जुनैद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर में एक बार फिर मानवता की मिसाल कायम हुई जब



बनभूलपुरा निवासी युवा जुनैद खान ने गंभीर रूप से बीमार एक महिला की जान बचाने के लिए तुरंत रक्तदान किया। महिला, सीमा गुप्ता, जो वर्तमान में सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती हैं, को अचानक गंभीर अवस्था में खून की सख्त जरूरत पड़ी थी। स्थिति अत्यंत गंभीर होने के कारण वार्ड नंबर 28 के पार्षद इमरान खान ने सोशल मीडिया पर तत्काल रक्त की अपील जारी की। पोस्ट डालने के कुछ ही समय बाद जुनैद खान ने मानवता का परिचय देते हुए आगे आकर रक्तदान कर एक अनमोल जीवन बचा लिया। पार्षद इमरान खान ने जुनैद के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा आज की दुनिया ऐसे ही लोगों की मोहब्बत और सहयोग भावना से चल रही है। जुनैद खान जैसे युवाओं पर हमें गर्व है। उनका यह कार्य पूरे समाज के लिए प्रेरणास्पद है। हम उनके आभारी हैं और उनके सहयोग हेतु सदैव तत्पर रहेंगे। इस मौके पर समाजसेवियों और आम नागरिकों ने भी जुनैद खान के इस नेक कार्य की जमकर प्रशंसा की और युवाओं से ऐसे कार्यों में आगे आने की अपील की।

## उत्तराखंड के 35 खिलाड़ी गतका चैंपियनशिप में करेंगे प्रतिभाग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड गतका एसोसिएशन के महासचिव हरप्रीत




सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि नेशनल गतका एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आगामी 12वीं राष्ट्रीय गतका चैंपियनशिप का आयोजन 12 से 14 जून तक तालकटोरा स्टेडियम, नई दिल्ली में किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता वर्ल्ड गतका फैडरेशन और एशियन गतका फैडरेशन से सम्बद्ध है। हरप्रीत सिंह ने बताया कि इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तराखंड गतका एसोसिएशन की ओर से 35 एथलीट प्रतिभाग कर रहे हैं। सभी खिलाड़ी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए दिल्ली रवाना हो चुके हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि उत्तराखंड के खिलाड़ी अपने शानदार प्रदर्शन से प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। प्रतियोगिता में देशभर से विभिन्न राज्यों की टीमें हिस्सा लेंगी और पारंपरिक सिख मार्शल आर्ट शगतकाश में अपनी कौशल का प्रदर्शन करेंगी।

## चौथी बरसी पर वरिष्ठ पत्रकार दानिश खान को श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मीडिया सेंटर हल्द्वानी में श्रमजीवी पत्रकार यूनियन नैनीताल के पूर्व जिलाध्यक्ष स्वर्गीय दानिश ख़ान की चतुर्थ पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पत्रकारिता जगत के वरिष्ठ एवं युवा पत्रकारों के साथ–साथ सामाजिक कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों ने स्व. खान को नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत स्व. दानिश ख़ान के चित्र पर पुष्प अर्पण



और दो मिनट के मौन के साथ की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने उन्हें निडर, निष्पक्ष और जनपक्षधर पत्रकार बताते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा सत्य और समाज के पक्ष में निर्भीकता से कलम चलाई। सभा में श्रमजीवी पत्रकार यूनियन नैनीताल के जिलाध्यक्ष सर्वेन्द्र बिष्ट, महामंत्री भूपेंद्र रावत, हर्ष रावत, योगेश शर्मा, नवीन सक्सेना, शेलेंद्र नेगी, शेर अफगन, डा. अवधेश नारायण तिवारी, राहुल सिंह दरमवाल, दीपक अधिकारी, दीप बिष्ट, मो. अज़हर सिद्दीकी, रक्षित टंडन, वंदना टंडन आर्य, अरक़म सिद्दीकी, विनोद कांडपाल, विनोद यादव, पंकज पांडेय और वीरेंद्र पाल थे।

## गैरहाजिर चिकित्सकों पर कार्रवाई होगी शासन को भेजी सूची

**अल्मोड़ा।** जिले के अस्पतालों में चिकित्सकों के गैरहाजिर रहने से मरीजों को इलाज नहीं मिल पा रहा है। अब स्वास्थ्य विभाग की ओर से लंबे समय से अनुपस्थित चल रहे 31 चिकित्सकों की सूची शासन को भेजी है। शासन स्तर पर इन चिकित्सकों पर कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, जिले के अस्पताल पहले से ही चिकित्सकों की कमी से जूझ रहे हैं। यहां चिकित्सकों के कुल 302 पद स्वीकृत हैं, लेकिन इनमें से मात्र 153 की ही तैनाती हो सकी है। 149 पद रिक्त चल रहे हैं। पर्याप्त चिकित्सकों के नहीं होने से मरीजों को दिक्कतों से जूझना पड़ता है। बेहतर इलाज नहीं मिलने से उन्हें तराई के अस्पतालों की दौड़ लगानी पड़ती है। वहीं, इनमें से भी पीजी करने के लिए जाने और लंबे समय से अनुपस्थित रहने से मरीजों की दिक्कतें और बढ़ गई हैं। अब स्वास्थ्य विभाग भी ऐसे चिकित्सकों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की तैयारी में है। विभाग की ओर से ऐसे 31 चिकित्सकों की सूची शासन को भेजी गई है जो पिछले कई सालों से अस्पतालों में नहीं पहुंचे हैं। इनमें 11 स्थाई चिकित्सक शामिल हैं। वहीं, बॉन्डधारी चिकित्सकों की संख्या 20 है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार लंबे समय से गायब चल रहे छह चिकित्सकों को पहले निलंबित भी किया जा चुका है। नए चिकित्सकों पर भी जल्द ही शासन स्तर से कार्रवाई होनी है। विभाग का कहना है कि चिकित्सकों के रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए प्रस्ताव भी निद. ेशालय को भेजा गया है। सीएमओ डा. आरसी पंत ने बताया कि लंबे समय से गैरहाजिर चल रहे 31 चिकित्सकों की सूची शासन को भेज दी गई है। अब शासन स्तर पर ही इन चिकित्सकों पर कार्रवाई होनी है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई–राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादकः एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक आनन्द ब्रत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक चेतन गुरूंग
देहरादून कार्यालय 63/9 ई–राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTTHIN2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0**
विद्युत वितरण खण्ड, बड़कोट
CAN- UA 40109 UP 2001 SGC 025867

**निविदा विस्तारीकरण**

इस कार्यालय के पत्रांक 895/वि०वि०ख०ब०/दिनांक 16.05.2025 द्वारा निविदा संख्या 03, 04 एवं 07/25–26 जिनकी निविदा विक्रय की तिथि 10.06.2025 एवं निविदा खोले जाने की तिथि 11.06.2025 है को अपरिहार्य कारणों से विस्तारित किया जाता है। अब निविदा पुनः विक्रय की तिथि 17.06.2025 एवं खुलने की तिथि 18.06.2025 को उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख खोली जायेगी। अन्य नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगे।

पत्रांक : 972/वि0वि0ख0ब0/टी–7 दिनांक : 11.06.2025 **अधिशासी अभियंता**

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" "टोल–फ्री नं0–1912"

**यूजेवीएन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी०एम०एस० रोड, देहरादून–248006
दूरभाष : 0135–2763808, फैक्स : 0135–2763508
सी0आई0एन0 सं0 U40101UR2001SGCO25866, वेबसाईट : www.ujvnl.com
UJVNL

RO No. 422 **अल्पकालीन निविदा सूचना** Dated : 12/06/2025

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (गलोगी काम्पलैक्स), गंगा भवन, यमुना कालोनी, देहरादून इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:

निविदा सं0: 05/अ0अ0(ग0का0)/2025–26: यमुना कॉलोनी, देहरादून में यूजेवीएनएल कर्मचारियों और अधिकारियों के आवास के लिए 48' आकार के सीलिंग फैन की आपूर्ति और स्थापना।

अनुमानित लागत : रू 4,41,000.00 मात्र (कर अतिरिक्त)
वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि : 13.06.2025, 11:00 बजे से
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि : 23.06.2025, 15:00 बजे तक
अन्य जानकारी हेत कृपया हमारी वेबसाइट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट "www.ujvnl.com" से डाउनलोड किये जा सकते हैं। **अधिशासी अभियन्ता**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**उत्तराखण्ड पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कॉरपोरेट आईडेन्टीटी नं०: U40109UR2001SGC025867/2358, वि.क्रा.वि. गबर सिंह ऊर्जा भवन, कांवली रोड, देहरादून
दूरभाष: 91–135–2763672–76 फैक्स–91–135–2760289

**ई–निविदा तिथि विस्तार सूचना**

इस कार्यालय द्वारा पूर्व में आमंत्रित सी सी पी – I/1/2025–2026 जोकि 11 के०वी०वी सी बी इनकमिंग पैनल 500 एमवीए 800/400/5ए, 11 के०वी० फीडर वी सी बी पैनल 500 एमवीए 400 / 200 / 5ए एंव 11 के०वी० बस कपलर 500 एमवीए की आपूर्ति हेतु आमंत्रित की गयी थी को अपरिहार्य कारणों से विस्तारित किया जाता है। ई–निविदा दिनांक 25.6.2025 के 17:00 बजे तक क्रय एवं जमा की जा सकती है। ई–निविदा का भाग–एक दिनांक 26.6.2025 को 15:45 बजे खोला जायेगा।

अन्य नियम व शर्त मूल ई–निविदा के अनुसार रहेगी। विस्तृत विवरण के लिए कृपया वेबसाईट www.uktenders.gov.in को देखें।

अधीक्षण अभियन्ता
No.: 326/EE(CM)/UPCL/A-2 Date : 12.06.2025 कारपोरेट (अनुबन्ध एवं क्रय–प्रथम)

राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. बल्ब को प्रयोग करें। (टोल फ्री नं. 1912)
"विद्युत बिलों के 24X7 ऑन लाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें"
(विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं. 18001804185 / फैक्स नं. 0135–2760911 पर दें)

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0**
विद्युत वितरण खण्ड, बड़कोट
CAN- UA 40109 UP 2001 SGC 025867

**निविदा सूचना**

अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड बड़कोट के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों को कराने हेतु उत्तराखण्ड शासन द्वारा प्रदत्त लाईसेन्सधारी ठेकेदारों/आपूर्तिकर्ता जो आयकर, ई0पी0एफ0, जी0एस0टी0 में पंजीकृत हों, से मुहरबन्द निविदायें दो भागों में (प्रथम भाग में धरोहर धनराशि सम्बन्धित प्रपत्र नियम शर्तें एवं द्वितीय भाग में दरें) आमंत्रित की जाती हैं, जो कि दिनांक 27.06.2025 को 14:00 बजे तक निविदा विक्रय की जायेगी एवं 28.06.2025 को अपरान्ह 16:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निविदा खुलने की तिथि से एक दिन पूर्व तक (निविदा शुल्क + जी0एस0टी0 सहित), नकद जमा करने पर प्राप्त किये जा सकते हैं। धरोहर राशि सी0डी0आर0/ एफ0डी0आर0/राष्ट्रीय बचत पत्र, जो कि निविदा प्रकाशन होने के पश्चात की तिथि होनी अनिवार्य है, जिसकी वैधता कम से कम छः माह तक हो एवं अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, बड़कोट के नाम देय हो। निविदा का प्रथम भाग अपूर्ण होने पर द्वितीय भाग नहीं खोला जायेगा। अधोहस्ताक्षरकर्ता को किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। यदि निविदा खुलने की तिथि को राजकीय अवकाश घोषित होता है, तो निविदायें अगले कार्य दिवस को खोली जायेंगी।

**निविदा सं० 08/2025–26 :** विकासखण्ड पुरोला/मोरी के अन्तर्गत प्रणाली सुधार मद में 33/11 के०वी० उपसंस्थान पुरोला एवं मोरी में विभिन्न स्थानों में 250 के०वी०ए० एवं 400 के०वी०ए० परिवर्तकों पर एल०टी० ए०सी०बी० लगाने का कार्य एवं कार्य में प्रयुक्त होने वाली विकेन्द्रीयकृत सामग्री की आपूर्ति एवं स्थापन का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 45000.00 (निविदा शुल्क 1000+जी0एस0टी0)

**निविदा सं० 09/2025–26 :** विकासखण्ड पुरोला के अन्तर्गत प्रणाली सुधार मद में 33/11 के०वी० उपसंस्थान पुरोला में विभिन्न स्थानों पर 100 के०वी०ए०, 63 के०वी०ए० एवं 25 के०वी०ए० परिवर्तकों पर एम०सी०सी०बी० लगाने का कार्य एवं कार्य में प्रयुक्त होने वाली विकेन्द्रीयकृत सामग्री की आपूर्ति एवं स्थापन का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 45000.00 (निविदा शुल्क 1000+जी0एस0टी0)

**निविदा सं० 10/2025–26 :** विकासखण्ड मोरी के अन्तर्गत प्रणाली सुधार मद में 33/11 के०वी० उपसंस्थान मोरी में विभिन्न स्थानों पर 100 के०वी०ए०, 63 के०वी०ए० एवं 25 के०वी०ए० परिवर्तकों पर एम०सी०सी०बी० लगाने का कार्य एवं कार्य में प्रयुक्त होने वाली विकेन्द्रीयकृत सामग्री की आपूर्ति एवं स्थापन का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 45000.00 (निविदा शुल्क 1000+जी0एस0टी0)

**निविदा सं० 11/2025–26 :** विकासखण्ड मोरी के अन्तर्गत प्रणाली सुधार मद में 33/11 के०वी० उपसंस्थान आराकोट में विभिन्न स्थानों पर 100 के०वी०ए०, 63 के०वी०ए० एवं 25 के०वी०ए० परिवर्तकों पर एम०सी०सी०बी० लगाने का कार्य एवं कार्य में प्रयुक्त होने वाली विकेन्द्रीयकृत सामग्री की आपूर्ति एवं स्थापन का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 45000.00 (निविदा शुल्क 1000+जी0एस0टी0)

**निविदा सं० 12/2025–26 :** विकासखण्ड मोरी के अन्तर्गत प्रणाली सुधार मद में ग्राम भदरासू में 25 के०वी०ए० परिवर्तक से 63 के०वी०ए० परिवर्तक में क्षमतावृद्धि किए जाने का कार्य एवं कार्य में प्रयुक्त होने वाली विकेन्द्रीयकृत सामग्री की आपूर्ति एवं स्थापन का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 5000.00 (निविदा शुल्क 250+जी0एस0टी0)

पत्रांक : 971/वि०वि०ख०ब०/टी–7 दिनांक : 11.06.2025 **अधिशासी अभियंता**

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" "टोल–फ्री नं0–1912"

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज महोदय कीर्तिनगर टिहरी गढ़वाल।**

वाद संख्या–05 सन–2024

**वादी–** श्रीमती अनीता देवी पत्नी मंगल सिंह ग्राम–बिनाणी, पट्टी–कड़ाकोट, तहसील–कीर्तिनगर, जिला–टिहरी गढ़वाल।

**प्रतिवादी–** 1. प्रीतम सिंह पुत्र मंगल सिंह, 2. धन सिंह पुत्र सत्ये सिंह, 3. सोबन सिंह पुत्र सत्ये सिंह, 4. सोहन सिंह पुत्र सत्ये सिंह, 5. भागचन्दी देवी पत्नी सत्ये सिंह, प्रतिवादी संख्या–01 से 05 सभी निवासीगण ग्राम–बिनाणी, पट्टी–कड़ाकोट, तहसील–कीर्तिनगर, जिला–टिहरी गढ़वाल, 6. प्रधान ग्राम पंचायत दिउली कड़ाकोट, 7. सरकार उत्तराखण्ड जरिये श्रीमान कलेक्टर महोदय टिहरी गढ़वाल नई टिहरी, 8. समस्त रिश्तेदार एवं आम जनता।

चूंकि वादिनी अनीता देवी पत्नी मंगल सिंह उपरोक्त ने मेरे न्यायालय में एक वाद अपने पति मंगल सिंह पुत्र सत्ये सिंह की दीवानी मृत्यु की उपधारणा की घोषणा हेतु अन्तर्गत धारा–34 विशिष्ट अनुतोष अधिनियम सपठित धारा–11 भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रस्तुत किया है। जिसमें सुनवाई की तिथि **दिनांक 21–06–2025** नियत है।

अतः हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि यदि किसी भी व्यक्ति को इस मामले में कोई आपत्ति प्रस्तुत करनी हो, तो वे नियत तिथि पर ठीक 10 बजे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा न्यायालय द्वारा वाद की सुनवाई एक पक्षीय रूप से की जायेगी। सूचना जानें।

आज दिनांक 30–05–2025 को इस न्यायालय की मुद्रा व हस्ताक्षर से जारी।

**आदेशानुसार**
**प्रबन्धक**
**कार्यालय सिविल जज(जू०डि०)**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी**
**कीर्तिनगर**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज कीर्तिनगर टिहरी गढ़वाल।**

वा०सं०–06 सन–2024

**प्रार्थी वादी–** अनूप सिंह पुत्र भगवान सिंह ग्राम–जाबर, पट्टी–हिंसरियाखाल, तहसील–कीर्तिनगर, जिला–टिहरी गढ़वाल।

**बनाम**

**प्रतिवादी–** 1. प्रेम सिंह पुत्र रूपचन्द्र सिंह ग्राम–जाबर, पट्टी–हिंसरियाखाल, तहसील–कीर्तिनगर, जिला–टिहरी गढ़वाल।
2. प्रधान ग्राम पंचायत लक्ष्मोली।
3. सरकार उत्तराखण्ड जरिये श्रीमान कलेक्टर महोदय, टिहरी गढ़वाल।
4. समस्त रिस्तेदार एवं आम जनता।

चूंकी वादी अनूप सिंह पुत्र भगवान सिंह उपरोक्त ने मेरे न्यायालय में एक वाद अपने पिता भगवान सिंह पुत्र रूपचन्द्र सिंह की दीवानी मृत्यु की उपधारणा की घोषणा हेतु अन्तर्गत धारा–34 विशिष्ट अनुतोष अधिनियम सपठित धारा 111 भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रस्तुत किया है। जिसमें सुनवाई की तिथि **दिनांक 21–06–2025** नियत है।

अतः हर आम व खास को सूचित किया जाता है। कि यदि किसी भी व्यक्ति को इस मामले में कोई आपत्ति प्रस्तुत करनी हो तो वे नियत तिथि पर ठीक 10 बजे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा न्यायालय द्वारा वाद की सुनवाई एकपक्षीय रूप से की जायेगी, सूचना जाने,

आज दिनांक 15–05–2025 को इस न्यायालय की मुद्रा व हस्ताक्षर से जारी।

**आदेशानुसार**
**प्रबन्धक/रीडर**
**सिविल जज**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी**
**कीर्तिनगर**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज महोदय कीर्तिनगर टिहरी गढ़वाल।**

वाद संख्या–03 सन–2025

**वादी–** श्रीमती विमला पत्नी सुरेश ग्राम–सौड़ू (चाका सौड़ू), पट्टी–हिंसरियाखाल, तहसील–कीर्तिनगर, जिला टिहरी गढ़वाल।

**बनाम**

**प्रतिवादी–** 1. रमेश पुत्र पातीराम टम्टा ग्राम–सौड़ू (चाका सौड़ू), पट्टी–हिंसरियाखाल, तहसील–कीर्तिनगर, जिला–टिहरी गढ़वाल।
2. नरेश पुत्र पातीराम टम्टा ग्राम–सौड़ू (चाका सौड़ू), पट्टी–हिंसरियाखाल, तहसील–कीर्तिनगर, जिला–टिहरी गढ़वाल।
3. हरीश पुत्र पातीराम टम्टा ग्राम–सौड़ू (चाका सौड़ू), पट्टी–हिंसरियाखाल, तहसील–कीर्तिनगर, जिला–टिहरी गढ़वाल।
4. प्रधान ग्राम पंचायत चाका सौड़ू पट्टी–हिंसरियाखाल, तहसील–कीर्तिनगर, टि०ग०
5. सरकार उत्तराखण्ड जरिये श्रीमान कलेक्टर महोदय टि०ग० नई टिहरी।
6. समस्त रिश्तेदार एवं आम जनता।

चूंकि वादिनी विमला पत्नी सुरेश उपरोक्त ने मेरे न्यायालय में एक वाद अपने पति सुरेश पुत्र पातीराम टम्टा की दीवानी मृत्यु की उपधारणा की घोषणा हेतु अन्तर्गत धारा–34 विशिष्ट अनुतोष अधिनियम सपठित धारा–11 भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रस्तुत किया है। जिसमें सुनवाई की तिथि **दिनांक 21–06–2025** नियत है।

अतः हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि यदि किसी भी व्यक्ति को इस मामले में कोई आपत्ति प्रस्तुत करनी हो तो वे नियत तिथि पर ठीक 10 बजे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा न्यायालय द्वारा वाद की सुनवाई एक पक्षीय रूप से की जायेगी। सूचना जाने।

आज दिनांक 06–06–2025 को इस न्यायालय की मुद्रा व हस्ताक्षर से जारी।

**आदेशानुसार**
**प्रबन्धक/रीडर**
**सिविल जज**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी**
**कीर्तिनगर**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद् नरेन्द्रनगर, टिहरी गढ़वाल**

पत्रांकः– 258/निविदा/निर्माण/न0पा0प0न0नगर/2025–26/नरेन्द्रनगर, दिनाक, 12 जून, 025

**।। अल्पकालीन निविदा सूचना।।**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद नरेन्द्रनगर के पंजीकृत ठेकेदारों से इस निकाय द्वारा वित्तीय वर्ष–2025–26 में 15 वें वित्त आयोग(टाईड ग्रांट) के अन्तर्गत प्रस्ताव के अनुसार से कराएं जाने वाले अतिआवश्यक निर्माण कार्य के सम्पादन हेतु दिनांक, 21 जून 2025 अपराहेन 2:00 बजे तक सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सांय 3:00 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष निविदा/निर्माण समिति के द्वारा पालिका कार्यालय में खोली जायेंगी। उपरोक्त निर्माण कार्यो के निविदा प्रपत्र दिनांक 20 जून 2025 को प्रातः 10:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक नगद भुगतान पर पालिका कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा से सम्बन्धित अन्य नियम एवम् शर्तो की जानकारी किसी भी कार्य दिवस को पालिका कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार प्रशासक महोदय/निविदा/निर्माण समिति को निहित होगा।

| क0सं0 | कार्य का नाम | कार्य की लागत | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य+18 % GST | निविदा की बैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1:– | नगर पालिका परिषद् नरेन्द्रनगर के वार्ड संख्या–01 किनवानी के अन्तर्गत कुमार खेड़ा कूडाघर में टीन शैड इत्यादि का कार्य। | 16.84 लाख | 33700 | 1500.00 | 07 दिन | 02 माह |

नोटः– निमार्ण कार्यो से सम्बन्धित अन्य शर्ते किसी भी कार्य दिवस को पालिका कार्यालय में देखी जा सकती है।

(एलम सिंह रावत)
अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद्
नरेन्द्रनगर,टि0ग0।

(देवेन्द्र सिंह नेगी)
प्रशासक
नगर पालिका परिषद
नरेन्द्रनगर,टि0ग0।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद देवप्रयाग जनपद टिहरी गढवाल**

पत्रांकः/103/रा०वि०आयो०/15 वि०आयो०/चारधा०आयो०/निविदा/2025–26 दिनाकः 12.06.2025

**अल्पकालीन/निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद देवप्रयाग टिहरी गढवाल द्वारा पंचम राज्य वित्त आयोग/15 वें वित्त आयोग/चारधाम यात्रा के अन्तर्गत निर्माण कार्यों की निविदा आंमत्रित की जा रही है, इसलिए समस्त पंजीकृत फर्म एवं नवीनीकृत पंजीकृत ठेकेदारों से कार्य हेतु दिनाक 23 जून 2025 को प्रातः 10 बजे से 1.00 बजे अपराहन तक बेची जायेगी, एंव दिनांक 24 जून 2025 को प्रातः 10 बजे से 12.00 बजे मोहरबंद कोटेशन आंमत्रित की जाती है, उक्त कोटेशन दिनांक 24 जून 2025 को सॉय 3.00 बजे अधिप्राप्ति कमेटी व उपस्थित ठेकेदारों के समुख खोली जायेगी, साथ ही यह अवगत कराना है, प्रत्येक निविदा के साथ वांछित धरोहर राशि 4 प्रतिशत की नवीनतम वर्ष की एन०एस०सी० जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद देवप्रयाग टि०ग० के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य होगा, निविदा खुलने के पश्चात ठेकेदार को कार्य आदेश के दौरान 10% पूर्ण करने हेतु अतिरिक्त धरोहर राशि एन.ए.सी/एफ.डी.आर/सी.डी.आर जमा करनी होगी, तथा ठेकेदार को पंजीकृत प्रमाण पत्र, हैसीयत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, पैनकार्ड, जी०एस०टी पंजीकरण प्रमाण पत्र, एंव अनुभव प्रमाण पत्र, एंव अनुबन्ध पत्र रू0–10, एंव 100/– तथा बैंक एकाउन्ट आदि के अभिलेख संलग्न करना अनिवार्य होगा, अन्यथा निविदा अस्वीकृत की जायेगी, सशर्त या कालातीत निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा, निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षर कर्ता के पास सुरक्षित रहेगा, साथ ही यह निविदा प्रपत्र सील बन्ध लीफाफे जिसमे की निकाय का पता एंव ठेकेदार का नाम पता लिखकर टैण्डर बाक्स डाले जाये।

| क्र० सं० | कार्य का नाम | कार्य स्वीकृत लागत | धरोहर धनराशि | कार्य पूर्ति अवधि | निविदा प्रपत्र का मुल्य | निविदा की वैद्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | चैकर्ड टाइल्स रोड निर्माण पुस से डाकखाना मार्ग वार्ड नं० 04 | 6.61 लाख | 26,500/– | 3 माह | 1500/– | 45 दिन |
| 2. | रेलिंग एवं नाली निर्माण घाट रोड वार्ड नं० 04 | 4.06 लाख | 16,500/– | 2 माह | 1000/– | 45 दिन |
| 3. | चैकर्ड टाइल्स रोड कोपरेटिव बैंक वार्ड नं० 02 | 0.50 लाख | 2000/– | 1 माह | 300/– | 45 दिन |
| 4. | निर्माण सी०सी० मार्ग निक नवीन हाउस वार्ड नं० 01 | 1.95 लाख | 20,000/– | 1 माह | 500/– | 45 दिन |
| 5. | सी०सी० मार्ग निर्माण बाह बाजार पुल से शिशु मंदिर तक वार्ड नं० 04 | 2.76 लाख | 11,000/– | 1 माह | 500/– | 45 दिन |
| 6. | सी०सी० मार्ग, नाली, रेलिंग एवं चैनलिंक बाड निर्माण डाकखाना से पुल तक वार्ड संख्या 04 | 9.29 लाख | 37,500/– | 3 माह | 2,000/– | 45 दिन |
| 7. | निर्माण रैलिंग टोडेश्वर पुल निकट वार्ड नं० 02 | 4.36 लाख | 17,500/– | 2 माह | 1,000/– | 45 दिन |
| 8. | सेकड टाइल्स रोड़ निर्माण एनएच से धर्मपुर वार्ड संख्या–01 | 21.18 लाख | 85,000/– | 4 माह | 3,000/– | 45 दिन |
| 9. | सी०सी० मार्ग सौड़ वार्ड नं० 04 | 5.32 लाख | 21,500/– | 2 माह | 1,000/– | 45 दिन |
| 10. | चैकर्ड टाइल्स, रोड़ निर्माण निकट, टोडेश्वर पुल वार्ड संख्या 02 | 1.14 लाख | 5,000/– | 1 माह | 500/– | 45 दिन |
| 11. | चैकर्ड टाइल्स, रोड़ निर्माण गणेश गली एवं नाली सुधार कार्य गणेश गली, तीदाढी गली वार्ड संख्या–03 | 8.38 लाख | 33,500/– | 4 माह | 1500/– | 45 दिन |
| 12. | सी०सी० मार्ग निर्माण बाह बाजार, वार्ड संख्या– 04 | 0.62 लाख | 2500/– | 1 माह | 300/– | 45 दिन |
| 13. | चैकर्ड टाइल रोड़ निर्माण झूला पुल से संगम मार्ग वार्ड संख्या–02 | 6.48 लाख | 26,000/– | 3 माह | 1500/– | 45 दिन |
| 14. | सुरक्षा कार्य निकट प्रवीन हाउस वार्ड संख्या– 01 | 24.58 लाख | 98,500/– | 6 माह | 3000/– | 45 दिन |
| 15. | नगर क्षेत्र के अंतर्गत विद्युत पालो स्थापित कर बंच कैबिल खिचना फिटिंग सहित | कोटेशन/निविदा के अनुसार | | | | |

**अधिशासी अभियंता**
**नगर पालिका देवप्रयाग**
**टिहरी गढ़वाल।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका देवप्रयाग**
**टिहरी गढ़वाल।**

# आईपीएल विक्ट्री सेलिब्रेशन पर गाइडलाइन लाएगा बीसीसीआई

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) जल्द ही आईपीएल में विक्ट्री सेलिब्रेशन पर गाइडलाइन लाने वाला है। 4 जून को बेंगलुरु में आरसीबी के आईपीएल विक्ट्री सेलिब्रेशन में 11 लोगों की मौत हो गई थी, इस कारण अब बीसीसीआई पर गाइडलाइन बनाने का दबाव भी है। दूसरी ओर, आरसीबी के मार्केटिंग और रेवेन्यू हेड निखिल सोसाले को कर्नाटक हाईकोर्ट ने जमानत दे दी। हालांकि, उन्हें अपना पासपोर्ट पुलिस के पास जमा कराना होगा।

सोसाले को सेंट्रल क्राइम ब्रांच ने 6 जून को एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया था। 14 जून को मीटिंग आईपीएल टीमों के विक्ट्री सेलि. ब्रेशन पर गाइडलाइन के लिए बीसीसीआई 14 जून को एपेक्स काउंसिल की मीटिंग करने वाला है। इस ऑनलाइन मीटिंग में भारत की घरेलू सीरीज पर भी चर्चा होगी। एक रिपोर्ट अनुसार, बीसीसीआई ट्रॉफी सेलिब्रेशन के नए तरीकों पर विचार करने वाला है। ताकि भगदड़ जैसे हादसे भी न हो और गेम स्पिरिट भी बनी रहे। बीसीसीआई सेक्रेटरी देवजीत सैकिया ने भी कहा था कि बोर्ड सभी टीमों के लिए ऑफिशियल गाइडलाइन जारी करेगा। बेंगलुरु में आरसीबी के विक्ट्री सेलिब्रेशन के दौरान करीब 3 लाख सड़कों पर पहुंच गए थे। तस्वीर विधान सभा के बाहर की है, जहां ब्ड सिद्धारमैया ने विनिंग टीम का सम्मान किया था। न्यूजीलैंड सीरीज की तारीखें भी तय होंगी बीसीसीआई की मीटिंग में ही 2026 की न्यूजीलैंड सीरीज के मैचों पर भी फैसला लिया जाएगा। कीवी टीम अगले साल टी-20 वर्ल्ड कप से पहले भारत में 3 वनडे और 5 टी-20 की सीरीज भी खेलेगी। श्रीलंका और भारत की मेजबानी में होने वाला आईसीसी टूर्नामेंट अगले साल फरवरी और मार्च में खेला जाएगा। पिछले साल की तरह 2025 में भी घरेलू सीजन सितंबर में दिलीप ट्रॉफी के साथ शुरू होगा। इस बार भी दिलीप ट्रॉफी टूर्नामेंट इंटर जोनल ही होगा।

● 14 जून को होगी मीटिंग

**आरसीबी के मार्केटिंग हेड निखिल सोसाले को बेंगलुरु भगदड़ केस में मिली कर्नाटक हाईकोर्ट से जमानत**

आरसीबी के मार्केटिंग हेड को जमानत मिली, बेंगलुरु भगदड़ केस में आरसीबी के मार्केटिंग हेड निखिल सोसाले को गिरफ्तार किया गया था। जिसके बाद उन्होंने अपनी जमानत याचिका दायर की, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। हालांकि, उन्हें अपना पासपोर्ट सरेंडर करने के लिए कहा गया। सोसाले के साथ डीएनए एंटरटेनमेंट के सीनियर इवेंट मैनेजर किरण कुमार और वाइस प्रेसिडेंट सुनील मैथ्यू को भी 6 जून को गिरफ्तार किया गया था। इन्हें भी जमानत मिल गई। सोसाले के वकील ने कर्नाटक हाई कोर्ट में गिरफ्तारी के तरीके पर आपत्ति जताई थी। कोर्ट ने दलीलें सुनने के बाद गुरुवार (12 जून) को तीनों कर्मचारियों को जमानत दे दी। चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ के दौरान पुलिसकर्मी घायलों को कंधे पर उठाकर हास्पिटल ले गए थे। चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची थी भगदड़ 3 जून को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को आईपीएल फाइनल में 6 रन से हराया। टीम ने 18 सीजन में पहली बार खिताब जीता, जिसकी खुशी में अगले दिन ही होमग्राउंड बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में विक्ट्री सेलिब्रेशन किया। आरस. ीबी टीम के सभी सदस्य जब विधानसभा में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से मुलाकात कर रहे थे, उसी दौरान स्टेडियम के बाहर भगदड़ मच गई। जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई, वहीं 33 से ज्यादा लोग घायल हुए। हादसे के बाद कर्नाटक हाईकोर्ट ने मुकदमे की जांच शुरू करवाई। जांच जारी है।

## कुलदीप हांडू डोपिंग रोधी अनुशासन पैनल के सदस्य नियुक्त

**जम्मू, वार्ता।** जम्मू कश्मीर के एकमात्र द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता कुलदीप हांडू को डोपिंग रोधी अनुशासन पैनल का सदस्य बनाया गया है। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) द्वारा जारी आदेश के अनुसार, कुलदीप हांडू को डोपिंग रोधी नियम, 2021 के तहत दो साल की अवधि या राष्ट्रीय डोपिंग रोधी अधिनियम 2022 के लागू होने तक, जो भी पहले हो, डोपिंग रोधी अनुशासन पैनल (एडीडीपी) के खेल सदस्य के रूप में मंजूरी दी गई है।

हांडू ने कहा कि नाडा के एडीडीपी पैनल का सदस्य बनना मेरे लिए सम्मान की बात है और मुझे इसका सौभाग्य मिला है। उन्होंने कहा कि नौकरी के अलावा मैं खिलाड़ियों को वाडा के नियमों से अवगत कराने की पूरी को. शिश करूंगा और यह अवसर देने के लिए मैं युवा मामले और खेल मंत्रालय और नाडा का आभार व्यक्त करता हूं। पूर्व अंतर्राष्ट्रीय वुशु खिलाड़ी हांडू वर्तमान में भारतीय वुशु टीम के राष्ट्रीय मुख्य कोच हैं। जम्मू-कश्मीर में पुलिस उपाधीक्षक के पद पर कार्यरत हांडू विभाग में खेल अधिकारी के पद पर तैनात हैं।

# हर गेंद पर चुनौती पेश करें: गंभीर



● **खिलाड़ियों से खुद को सहज स्थिति से बाहर निकलने और इंग्लैंड दौरे को यादगार बनाने के लिए कहा**

**लंदन, वार्ता।** भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए कमर कस ली है। भारतीय टीम इस दौरे पर शुभमन गिल की कप्तानी में खेलने उतरेगी। इस महत्वपूर्ण सीरीज से पहले भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर और गिल ने अपनी राय रखी है। गंभीर ने खिलाड़ियों से खुद को सहज स्थिति से बाहर निकलने और इंग्लैंड दौरे को यादगार बनाने के लिए कहा है। भारत इस सीरीज में विराट कोहली, रो. हित शर्मा और रविचंद्रन अश्विन जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के बिना खेलने उतरेगा। भारत ने 2007 के बाद इंग्लैंड की जमीन पर कोई टेस्ट सीरीज नहीं जीती है। भारत और इंग्लैंड के बीच 20 जून से सीरीज का पहला मैच खेला जाएगा। गंभीर ने कहा कि गिल की कप्तानी में टीम में कुछ विशेष हासिल करने के लिए जुनून और प्रतिबद्धता है। गंभीर ने बीसीसीआइ डाट टीवी से अश्विन, रोहित और कोहली के हाल ही में संन्यास का जिक्र करते हुए कहा, इस दौरे को देखने के दो तरीके हैं। एक तो यह कि हम अपने तीन सबसे अनुभवी खिलाड़ियों के बिना हैं या हमें देश के लिए कुछ खास करने का यह अभूतपूर्व अवसर मिला है। जब मैं इस टीम को देखता हूं तो मुझे कुछ खास करने की भूख, जुनून और प्रतिबद्धता दिखती है। अगर हम त्याग करते हैं, अगर हम अपनी सहज स्थिति से बाहर आते हैं, अगर हम हर दिन नहीं बल्कि हर सत्र, हर घंटे और हर गेंद पर चुनौती पेश करना शुरू करते हैं तो मुझे लगता है कि हम इसे एक यादगार दौरा बना सकते हैं। गंभीर ने इंग्लैंड दौरे पर पूरी टीम का स्वागत किया और बी साई सुदर्शन से शुरुआत करते हुए कुछ सदस्यों की विशेष सराहना की। उन्होंने कहा, पहली बार टेस्ट टीम में बुलाया जाना हमेशा खास होता है इसलिए मैं साई का स्वागत करना चाहता हूं जिनके लिए बल्ले से तीन महीने शानदार रहे हैं और सुनिश्चित कीजिए कि आपका लाल गेंद का करियर बेहद सफल हो। मैं अर्शदीप सिंह का स्वागत करना चाहता हूं। आपने सफेद गेंद से शानदार प्रदर्शन किया है और मुझे यकीन है कि आप लाल गेंद से भी अपना जलवा बिखेरेंगे। भारतीय कोच ने गिल और उपकप्तान ऋषभ पंत की पीठ भी थपथपाई। गंभीर ने कहा कि मैं शुभमन को भी बधाई देना चाहता हूं जो पहली बार कप्तानी कर रहे हैं। अपने देश की टेस्ट टीम का नेतृत्व करने से बड़ा कोई सम्मान नहीं है। बधाई हो। ऋषभ पंत को भी जो अब नेतृत्व समूह का हिस्सा हैं। गंभीर ने करुण नायर की भी तारीफ की जिन्होंने घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय टीम में वापसी की। भारतीय कोच ने कहा, वापसी कभी आसान नहीं होती, जिसने सात साल बाद वापसी की हो, उसका पिछला साल शानदार रहा। कप्तान गिल ने अपने साथियों से खुद को थोड़ा दबाव में रखने का आग्रह किया जिससे कि सीरीज शुरू होने पर वे परिस्थितियों से प्रभावित नहीं हों। गिल ने कहा, आइए प्रत्येक नेट सत्र को सार्थक बनाएं। आइए खुद को थोड़ा दबाव में रखें। जब हम मैदान पर उतरते हैं तो इसका मतलब सिर्फ मैदान पर जाकर टिके रहना नहीं होता, आइए हम अपने खेल का पता लगाएं, जब हम पर दबाव डाला जाएगा तो हम कैसे खेलेंगे, चाहे वह गेंदबाज हो या बल्लेबाज।

## रिकी पोंटिंग ने की ब्यू वेबस्ट की तारीफ

**लंदन, वार्ता।** आईसीसी हॉल ऑफ फेम रिकी पोंटिंग ने ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर की प्रशंसा की है, जिन्होंने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मैच के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी को निखारने में अहम भूमिका निभायी। पोंटिंग ने कहा कि वह (वेबस्टर) पूरी तरह से तैयार लग रहे थे और 'तैयार' बिल्कुल वही शब्द है जो वेबस्टर ने अपने सीमित टेस्ट करियर में अब तक करके दिखाया है।

दवाब में वेबस्टर की पारी उनके महत्व को दर्शाती है। ऑस्ट्रेलिया के इस दिग्गज ऑलराउंडर ने इस साल की शुरुआत में भारत के खिलाफ सिडनी में निर्णायक टेस्ट में अपना टेस्ट डेब्यू किया था, जिसमें उन्होंने अपनी पहली पारी में 57 रन बनाए थे। वे उस समय क्रीज पर आए थे जब उनकी टीम का स्कोर चार विकेट पर 39 रन था, और टीम अभी भी 146 रन पीछे थी और पहली पारी में बड़ी कमी का सामना कर रही थी। इस पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 181 रन बनाए, जिससे मेजबान टीम को भारतीयों पर रोमांचक जीत हासिल करने का मौका मिला। लॉर्ड्स में खेले गए अंतिम टेस्ट की चमकीली रोशनी में वेबस्टर ने फिर से ऐसा किया। अपने चौथे टेस्ट में, 31 वर्षीय खिलाड़ी ने शुरुआती मुश्किल दौर से निपटते हुए 92 गेंदों पर 72 रन बनाए, ऑस्ट्रेलिया के लिए शीर्ष स्कोरर रहे और सुनिश्चित किया कि उनकी टीम विश्व स्तरीय गें. दबाज़ी के खिलाफ़ मुश्किल पिच पर 212 रनों का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाए। इस प्रदर्शन की काफ़ी प्रशंसा हुई है। रिकी पोंटिंग ने ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के बाद आईसीसी डिजिटल से कहा कि आप उन 70 रनों को हटा दें, तो स्कोरकार्ड बिल्कुल अलग दिखता है। मुझे लगता है कि यह इस बात को दर्शाता है कि वह अभी अपने खेल में कितना सहज है और ऑस्ट्रेलियाई मध्य क्रम में होने के बावजूद भी वह कितना सहज है। आज मुझे जो बात पसंद आई, वह यह थी कि ऑस्ट्रेलिया थोड़ी परेशानी में थी, विकेट गिर रहे थे। ऐसे में वेबस्टर ने मैदान पर जाकर अपनी स्वाभाविक खेल शैली को बनाए रखा। जिस तरह से वह खेलना चाहता था, उसने आक्रामक होने की को. शिश की और दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों पर दबाव बनाने की कोशिश की।

# ऑस्ट्रेलिया-दक्षिण अफ्रीका ने बनाया अनचाहा रिकॉर्ड

● **विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 फाइनल के पहले दिन लाड्र्स में तेज गेंदबाजों का बोलबाला रहा**

**लंदन, वार्ता।** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 फाइनल के पहले दिन लाड्र्स में तेज गेंदबाजों का बोलबाला रहा। कगिसो रबाडा (51 रन पर पांच विकेट) और मार्को यानसेन (49 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया को 212 रन पर समेटने के बाद दक्षिण अफ्रीका की भी शुरुआत खराब रही और उसने पहले दिन का खेल खत्म होने तक 43 रन पर चार विकेट गंवा दिए हैं।

मिचेल स्टार्क (10 रन पर दो विकेट) ने दोनों सलामी बल्लेबाजों एडेन मार्करम (00) और रेयान रिकेल्टन (16) को जल्दी पवेलियन भेजकर ऑस्ट्रेलिया को अच्छी शुरुआत दिलाई। कप्तान पैट कमिंस (14 रन पर एक विकेट) और जोश हेजलवुड (10 रन पर एक विकेट) ने भी एक-एक विकेट चटकाया। पहले दिन ही एक ऐसा अनचाहा रिकॉर्ड बना जो इंग्लैंड में टेस्ट क्रिकेट के 145 साल के इतिहास में नहीं बना था। दरअसल, इंग्लैंड में टेस्ट क्रिकेट 1880 से खेला जा रहा है। तब से इस फाइनल से पहले तक इस देश में 561 टेस्ट हुए, लेकिन कभी यह रिकॉर्ड नहीं बना। अब फाइनल में पहली बार ऐसा हुआ है कि इंग्लैंड में किसी टेस्ट में दोनों टीमों का पहले नंबर का बल्लेबाज (पहली गेंद पर स्ट्राइक लेने वाला बल्लेबाज) अपनी-अपनी पहली पारी में खाता नहीं खोल सका हो। बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के उस्मान ख्वाजा शून्य पर आउट हुए थे। उन्हें रबाडा ने पवेलियन भेजा था। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी में एडेन मार्करम भी खाता नहीं खोल पाए। यह अनचाहा रिकॉर्ड इंग्लैंड में 145 साल के टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में पहली बार बना। ओवरआल (सभी देशों को मिलाकर) ऐसा 10वीं बार हुआ है। पहले दिन का खेल खत्म होने पर दक्षिण अफ्रीका के डेविड बेडिंघम आठ, जबकि कप्तान तेम्बा बावुमा तीन रन बनाकर खेल रहे थे। दक्षिण अफ्रीका की टीम अब भी ऑस्ट्रेलिया से 169 रन से पीछे है। ऑस्ट्रेलिया को इससे पहले ब्यू वेबस्टर (72 रन, 92 गेंद, 11 चौके) और स्टीव स्मिथ (66 रन, 112 गेंद, 10 चौके) ने पांचवें विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी करके उस समय मुश्किल से उबारा जब टीम 67 रन पर चार विकेट गंवा चुकी थी। इन दोनों के अलावा एलेक्स कैरी (23) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए।



वेबस्टर और कैरी ने छठे विकेट के लिए 46 रन की साझेदारी भी की। दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत भी खराब रही। टीम ने पहले ओवर में ही मार्करम (00) का विकेट गंवा दिया जो मिचेल स्टार्क की गेंद पर बोल्ड हुए। वियान मुल्डर को एक रन के निजी स्कोर पर स्टार्क की गेंद पर कैरी ने जीवनदान दिया। सलामी बल्लेबाज रियान रिकेल्टन (16) ने स्टार्क और हेजलवुड पर चौके मारे। वह हालांकि स्टार्क की गेंद पर पहली स्लिप में उस्मान ख्वाजा को कैच दे बैठे। मुल्डर ने 44 गेंद में छह रन बनाने के दौरान काफी संघर्ष किया और फिर ऑस्ट्रेलिया के कप्तान कमिंस की गेंद पर बोल्ड हो गए।

## एफआईएच हॉकी प्रो लीग में भारत को अर्जेंटीना से मिली नजदीकी हार

**एम्स्टेलवीन, वार्ता।** एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 में शानदार प्रदर्शन करने के बावजूद भारतीय टीम को अर्जेंटीना के खिलाफ 3-4 से करीबी हार का सामना करना पड़ा। नीदरलैंड के वैगनर हॉकी स्टेडियम में भारत के लिए हरमनप्रीत सिंह (12', 33') ने दो गोल किए, जबकि अभिषेक (42') ने तीसरा गोल किया।

अर्जेंटीना के लिए बुधवार रात को मटियास रे (3'), लुकास मार्टिनेज (17'), सैंटियागो तराज़ोना (34') और लुसियो मेंडेज़ (46') ने गोल किए। अर्जेंटीना ने भारत से पहले ही बढ़त बना ली थी जब शुरुआती दबाव का फायदा मटियास रे (3') ने उठाया और अर्जेंटीना की टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद, भारतीयों ने दबाव को झेलते हुए आक्रमण करना शुरू कर दिया। भारत ने बराबरी के लिए लगातार प्रयास जारी रखा और ब्रेक से ठीक पहले, हरमनप्रीत (12') ने गोल करके क्वार्टर को 1-1 से बराबरी पर समाप्त किया। भारतीय टीम दूसरे क्वार्टर में गति बनाने की कोशिश कर रही थी, लेकिन अर्जेंटीना के मार्टिनेज (17') ने शुरुआती गोल करके भारत को कुछ दबाव में ला दिया। हालांकि, भारत ने वापसी की और दूसरे बराबरी के लिए प्रयास किया। लेकिन अर्जेंटीना भारत के आक्रमण के बावजूद अपनी पकड़ बनाए रखने में सफल रहा और हाफ टाइम तक बढ़त के साथ आगे बढ़ा। तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में, मनदीप सिंह ने भारत के लिए पेनल्टी स्ट्रोक अर्जित किया और कप्तान हरमनप्रीत सिंह (33') ने आगे बढ़कर इसे निचले कोने में पहुंचा दिया। भारत अर्जेंटीना के साथ फिर से बराबरी पर आ गया। हालांकि, एक मिनट के भीतर अर्जेंटीना ने सैंटियागो तराज़ोना (34') के गोल के साथ अपना तीसरा गोल दागा। इसके बाद से भारत ने अपने खेल को और बेहतर करना शुरू कर दिया और अर्जेंटीना को अपने ही हाफ में वापस धकेल दिया। लगातार दबाव का अंततः फायदा मिला और क्वार्टर खत्म होने से ठीक पहले अभिषेक (42') ने गोल करके स्कोर 3-3 कर दिया। अंतिम क्वार्टर की शुरुआत भी तेज रही। अर्जेंटीना ने भारत के डिफेंस को भेदने का प्रयास किया और लुसियो (46') ने नजदीकी रेंज से गोल किया।

# ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी को कम स्कोर पर समेटा जा सकता था: रबाडा

**लंदन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के स्टार गें. दबाज कैगिसो रबाडा का मानना है कि आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी को सस्ते में निपटाया जा सकता था। लॉर्ड्स में दक्षिण अफीकी कप्तान टेम्बा बावुमा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया, जिसके बाद नई गेंद से जिम्मेदारी कैगिसो रबाडा पर आ गई और इस अनुभवी खिलाड़ी ने अल्टीमेट टेस्ट में अपनी छाप छोड़ने में बहुत कम समय लिया। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा और कैमरून ग्रीन को आउट करते हुए रबाडा ने टेस्ट मैचों में अपना 17वां पांच विकेट हॉल हासिल किया।

उनके इस स्पैल की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने गत चैंपियन को 212 रनों पर समेट दिया लेकिन रबाडा का मानना है कि प्रोटियाज ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी को और भी पहले ध्वस्त कर सकते थे।

लॉर्ड्स में दिन का खेल खत्म होने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए तेज गेंदबाज ने कहा कि 212 रनो की चुनौती को हम स्वीकार करेंगे। हमें लगा कि हमें उन्हें 160 पर रोक देना चाहिए था, लेकिन खेल इसी तरह चलता है। ऑस्ट्रेलिया के 146 रन पर पांच विकेट गिरने के बाद ब्यू वेबस्टर ने 72 रन की शानदार पारी खेलकर पहली पारी की कमान संभाली। रबाडा ने ऑलराउंडर की खूब प्रशंसा की, जिन्होंने अपनी पारी की शुरुआत में ही दक्षिण अफ्रीका की तेज गेंदबाजी को भांपकर अपनी रणनीति बदली। उन्होंने कहा कि ऐसा लग रहा था कि वह किसी भी गेंद पर आउट हो जाएंगे, लेकिन मुझे लगता है कि उनके सकारात्मक इरादे ने उन्हें जीत दिलाई। रबाडा ने आखिरकार वेबस्टर को आउट किया और एलन डोनाल्ड को पछाड़कर प्रोटियाज के लिए टेस्ट मैचों में चौथे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। रबाडा ने इस उपलब्धि पर कहा, हगें. दबाजों की इस सूची में शामिल होना खास है। एक खिलाड़ी के रूप में बड़े होते हुए और दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व करते हुए, मैं उन लोगों से प्रेरित हुआ हूं जो पहले आए हैं और उन्होंने बड़े मंच पर जो कुछ किया है, उसे देखा है। उन नामों में शामिल होना खास है और यह लंबे समय तक जारी रह सकता है।




## एमबापे, मेसी और रामोस क्लब विश्व कप के लिए तैयार

**लंदन, वार्ता।** क्लब विश्व कप का आयोजन इस साल पहले से कहीं बड़ा होगा, जिसमें फुटबॉल के सबसे बड़े नाम शामिल होंगे। अमेरिका के 11 शहरों में होने वाले इस टूर्नामेंट में दुनिया भर की 32 टीमें हिस्सा लेंगी। महीने भर चलने वाला यह मुकाबला 15 जून से शुरू होगा और 13 जुलाई को समाप्त होगा। आठ बार बैलन डी' ओर जीतने वाले लियोनेल मेसी इंटर मियामी में बार्सिलोना के पूर्व खिलाड़ियों की एक शानदार चौकड़ी का हिस्सा हैं, जिसमें लिवरपूल के पूर्व स्ट्राइकर लुइस सुआरेज़, मिडफील्डर सर्जियो बुस्केट्स और लेफ्ट-बैक जोर्डी अल्बा शामिल हैं। 2010 में स्पेन के साथ विश्व कप विजेता टीम के सदस्य डिफेंडर सर्जियो रामोस मैक्सिकन टीम मॉन्टेरी के कप्तान हैं, जबकि स्ट्राइकर ओ. लिवर गिरौद और गोलकीपर ह्यूगो लोरिस लॉस एंजिल्स एफसी की टीम में हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, विश्व कप विजेता किलियन एमबाप्पे और एंटोनी ग्रिज़मैन क्रमशः रियल मैड्रिड और एटलेटिको मैड्रिड की टीमों में हैं। मैनचेस्टर सिटी ने अपनी टीम में तिजानी रेइंडर्स, रेयान ऐट-नूरी, मार्कस बेटिनेली और रेयान चेर्की को चुना है।

# ऑस्ट्रेलिया की वापसी पर स्मिथ खुश

**लंदन, वार्ता।** आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में अर्द्धशतकीय पारी खेलने वाले स्टीव स्मिथ ने कहा कि लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के विकेट गिरने के बाद उनकी टीम की वापसी सराहनीय है।

स्मिथ ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2025 के पहले दिन 66 रनों की शानदार पारी खेली, लेकिन पार्ट-टाइम स्पिनर एडेन मार्कराम का सामना करते समय उनका ध्यान भंग हो गया और गेंद स्लिप में चली गई। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम 212 रनों पर आउट हो गई, जिसमें ब्यू वेबस्टर ने 72 रनों की पारी खेली। चायकाल के बाद अंतिम पांच विकेट सिर्फ 20 रन पर गिरने के बावजूद ऑस्ट्रेलिया ने वापसी की। मिचेल स्टार्क ने पहले ओवर में मार्कराम को क्लीन बोल्ड करके लय हासिल की। इसके बाद पैट कलमस और जोश हेजलवुड ने भी एक-एक विकेट लिया, जिससे दक्षिण अफ्रीका का स्कोर चार विकेट पर 43 रन हो गया और खेल का रुख पूरी तरह से बदल गया।

स्मिथ ने कहा कि मुझे लगता है कि हम अच्छी स्थिति में हैं, हमने बल्लेबाजी करते हुए बड़ा स्कोर बनाने के कुछ मौके गंवाए। विकेट ने पूरे दिन कुछ न कुछ दिया, लेकिन हम अच्छी स्थिति में हैं।

169 रन आगे हैं और उनके चार विकेट गिर चुके हैं। उम्मीद है कि सुबह भी कुछ ऐसा ही होगा, जैसा आज हुआ। यह एक बेहतर दिन हो सकता था, लेकिन हम अच्छी स्थिति में हैं। उन्होने कहा कि मुझे लॉड्र्स में बल्लेबाजी करना पसंद है और जब मैं क्रीज पर था, तो मैंने अपना समय का आनंद लिया। जब मैं आउट हुआ, तो मुझे लगा कि गेंद नरम थी, लेकिन विकेट अभी भी कुछ दे रहा था और उम्मीद है कि कल भी ऐसा ही होगा।




## दिल्ली में आयोजित होगा पहला ग्लोबल पायथियन गेम्स

**नई दिल्ली, वार्ता।** यूनान का प्राचीन खेल ग्लोबल पायथियन गेम्स पहली बार दिल्ली में तीन से पांच दिसंबर तक आयोजित होगा। यहां आयोजित कार्यक्रम में आधुनिक पायथियन गेम्स के संस्थापक एवं पायथियन काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष बिजेन्दर गोयल ने बताया कि पहली ग्लोबल पायथनोवा पायथियन गेम्स का आयोजन तीन से पांच दिसंबर दिल्ली में किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान पायथियन गेम्स को लेकर देशभर से आये सदस्यों के साथ चर्चा भी हुई। हाल ही में भारतीय स्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) के साथ हुई बैठक में परिषद ने इस वैश्विक सांस्कृतिक मिशन में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है। इसके समर्थन के लिए पायथियन परिषद का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और संस्कृति मंत्रालय के सचिव से मुलाकात करेगा। श्री गोयल ने कहा कि विभाजनों से भरी इस दुनिया में, पायथियन गेम्स संस्कृति के माध्यम से एकता का वैश्विक मंच प्रदान करते है। पायथियन गेम्स के लिए वैश्विक, राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर पर एक केंद्रीकृत फ्रेंचाइज़ी मॉडल लाया जाएगा, जिससे इसकी कार्यप्रणाली पारदर्शी, उत्तरदायी और सुव्यवस्थित हो सके। उन्होंने कहा कि इंटरनेशनल डेल्फिक कमेटी (रूस), इक्युमेनिकल डेल्फिक यूनियन (ग्रीस) और साइप्रस सरकार ने आधिकारिक रूप से आधुनिक पायथियन का समर्थन किया है। प्राचीन पायथियन गेम्स, यूनान की चार पनहेलनिक खेलों में से एक थे, जो देवता अपोलो को समर्पित थे और डेल्फी में आयोजित किए जाते थे।

# 14 सूत्रीय मांगों को लेकर नगर निगम कर्मचारी ने की हड़ताल

## मेयर और नगर आयुक्त ने मनाया, मांगें पूरी न हुई, तो आंदोलन तेज किया जाएगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** 14 सूत्रीय मांगों को लेकर नगर निगम कर्मचारियों ने हड़ताल की। उन्होंने कहा कि मांगे पूरी न हुई तो आंदोलन तेज किया जाएगा। मांगों के संबंधी ज्ञापन भी कर्मचारियों ने नगर आयुक्त को दिया। बाद में और मेयर और नगर आयुक्त ने कमर्चारियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनी।

नगर निगम परिसर में धरना प्रदर्शन के दौरान नगर निकाय महासंघ के अध्यक्ष धन प्रकाश शर्मा ने कहा अपनी मांगों को लेकर वह लंबे समय से संघर्ष करते आ रहे हैं कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन देने के बाद भी समस्याओं का निदान नहीं हुआ। अखिल भारतीय कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सनाती बिरला ने बताया कि इस कारण गुरुवार अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की गई है और मांगे पूरी न होने तक जारी रहेगी। वहीं कर्मचारियों की हड़ताल के दौरान



मौके पर पहुंची मेयर अनीता अग्रवाल और नगर आयुक्त राकेश तिवारी ने उनकी समस्याएं सुनी। इसके साथ ही हड़ताल खत्म करने की बात की। वहीं मेयर अनीता अग्रवाल उनके प्रतिनिधि ललित मोहन अग्रवाल और नगर आयुक्त राकेश तिवारी कर्मचारियों को मनाने में कामयाब रहे। उन्होंने आश्वासन दिया कि स्थानीय समस्याओं के समाधान का काम होगा वहीं अन्य समस्याएं शासन को भेजी जाएंगी। कर्मचारियों में मोहम्मद कय्यूम, राजीव भटनागर, मोहन सिंह, प्रदीप मधवाल, राहुल, दिनेश, सुरेश, विनोद डोगरा, महेश, कंवरपाल, मदन, रवि चौटाला, अजहर, अमजद आदि लोग शामिल रहे।

यह है मांगे....1. वर्ष 1990 से वर्ष 2003 तक कार्यरत कर्मचारियों के वेतन से काटकर भविष्य निधि खातों में धनराशि नहीं जमा करायी गयी। उक्त धनराशि आगामी 15 दिवस के भीतर सम्बन्धित खातों मे हस्तान्तरित किया जायें। 2. कर्मचारियों की चिकित्सा हेतु जारी किये गये गोल्डन कार्ड को तत्काल कर्मचारियों को प्राप्त कराया जाये। 3.कर्मचारियों के वेतन खातों से काटकर समूह बीमा के अन्तर्गत जमा की गयी धनराशि के सापेक्ष कर्मचारियों को प्राप्त धनराशि अत्यन्त कम प्राप्त हुई है। उक्त प्रकरण की जांच कराकर 15 दिवस के भीतर कर्मचारियों को देय बीमाधन की उचित धनराशि प्राप्त करायी जाये। 4.चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को देय ग्रीष्मकालीन एवं शीतकालीन वर्दियों का मय धुलाई भत्ते के तुरन्त भुगतान किया जाये। 5.कर्मचारियों को देय एश्योर्ड कैरियर प्रोन्नयन (।ब्च्) का तुरन्त भुगतान किया जाये। 6.कर्मचारियों से वेतन खातों से कटौती कर भविष्यनिधि खातों से बनी (थ्क्) को तुरन्त अवमुक्त कर सम्बन्धित खातों में जमा करायी जाये। 7.कर्मचारियों को आवंटित सरकारी आवासों को खाली किये जाने एवं किराया वृद्धि हेतु जारी किये गये पत्रों को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाये। इसके अतिरिक्त उक्त सरकारी आवासों में कराये जाने वाले मरम्मत कार्य को प्राथमिकता के आधार पर कराया जाये। 8. कर्मचारियों को देय पारिवारिक पेंशन तथा एरियर का तत्काल भुगतान किया जाये। 9.मृतक आश्रितों की भर्ती प्रकिया प्राथमिकता के आधार पर की जाये। जिससे कि मृतक आश्रितों आर्थिक हितों की रक्षा करते हुए मानसिक उत्पीडन से बचाया जा सके। 10.उपार्जित अवकाश की अनिवार्य स्वीकृति 15 दिवस के भीतर करायी जाये एवं आकस्मिक अवकाश स्वीकृति की अनिवार्यता समाप्त की जाये। 11.समस्त कर्मचारियों को प्रतिमाह वेतन स्लिप व फंड में जमा धनराशि की स्लिप जारी की जाये। 12.कर्मचारियों को अन्य देय बकाया देयकों का तुरन्त भुगतान किया जाये। 13.कर्मचारियों को देय चिकित्सा अवकाश एव प्रतिपूर्ति धनराशि का तुरन्त भुगतान किया जाये। 14. आउटसोर्स कर्मचारियों के मानदेय से कटौती कर (म्च्थ्) की धनराशि तुरन्त खातों में हस्तान्तरित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया जाये।

## अशासकीय विद्यालय प्रबंधक एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने

# समस्याओं को लेकर सीईओ से की समाधान की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** अशासकीय विद्यालय प्रबंधक एशोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्य शिक्षा अधिकारी से वार्ता की तथा विद्यालयों में रिक्त पड़े सैकड़ो पदों को भरने की अनुमति न देने पर उनके कार्यालय में धरना, प्रदर्शन एवं घेराव करने की चेतावनी दी।

एशोसिएशन के जनपदीय संरक्षक राजकुमार चौहान एडवोकेट एवं जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में शिष्ट मंडल ने मुख्य शिक्षा अधिकारी के के गुप्ता को बुके भेंट कर उनका स्वागत करते हुए शिष्टाचार भेंट की। अशासकीय विद्यालयों की उपेक्षा किए जाने तथा नियुक्ति प्रक्रिया पर किसी प्रकार की रोक न होने के उपरांत शिक्षकों की भर्ती की अनुमति न देने पर प्रतिनिधि मंडल द्वारा सीईओ कार्यालय में धरना, प्रदर्शन एवं घेराव की चेतावनी दी गई। शिस्ट मंडल की मांग पर मुख्य शिक्षा अधिकारी के के गुप्ता द्वारा डेढ दर्जन अनुदानित विद्यालयों के पदों के सततीकरण एवं स्थाईकरण का प्रस्ताव तत्काल निदेशालय को प्रेषित करने के निर्देश पटल प्रभारी पूर्णिमा बिष्ट



को दिए गए। 2016 के बाद जनपद में कार्यरत 28 पीटीए अध्यापकों की सूचना निधारित प्रारूप पर निदेशालय को प्रेषित किए जाने की बात मुख्य शिक्षा अधिकारी ने शिष्ट मंडल को बताई जिसके लिए प्रतिनिधिमंडल द्वारा उनका आभार व्यक्त किया गया।

जिला मंत्री अरविंद राठी तथा प्रांतीय पदाधिकारी दुष्यंत त्यागी ने अनेक विद्यालयों में वर्षों से काबिज प्रबंध संचालकों को शीघ्र प्रबंध समिति चुनाव कराकर समिति को पदारुढ करानेके निर्देश जारी करने की मांग रखी जिस पर सीईओ के के गुप्ता ने पटल प्रभारी प्रियांशु को प्रबंध संचालकों के नाम पत्र निर्गत करने के निर्देश दिए। डॉ घनश्याम गुप्ता, चौधरी बारू सिंह एवं शिवराज सिंह सैनी ने विद्यालयों में रिक्त चतुर्थ श्रेणी एवं सफाई कर्मचारियों का मुद्दा उठाया जिस पर मुख्य शिक्षा अधिकारी ने बताया कि आउटसोर्स एजेंसी निर्धारित होने के उपरांत ही सफाई एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की व्यवस्था की जा सकेगी। प्रतिनिधिमंडल ने शीघ्र ही रिक्त पदों की भर्ती सहित अनेक समस्याओं के संबंध में शिक्षा मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत से मिलने का निर्णय लिया तथा यह उत्तरदायित्व प्रांतीय पदाधिकारी दुष्यंत त्यागी को सौपा गया।

## भयंकर गर्मी मे भी नहीं मिल रहा पीने का पानी

# जल निगम नहीं ले रहा खराब पड़े हैंड पंपों की सुध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** भीषण गर्मी पड़ रही है। लोग पानी को तरस रहे हैं। लेकिन जल निगम खराब पड़े हैंड पम्पौ की सुध लेने को तैयार नहीं है।

लकसर क्षेत्र के भीक्कमपुर में चौराहे पर इस भयंकर गर्मी में भी नल सूखा पड़ है बाहरी व्यक्तियों को वहां पर पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि यह नल करीब दो माह से खराब पड़ा हुआ है। यह पानी नहीं दे रहा है। उन्होंने बताया कि भीक्कमपुर चौराहे पर एक ही नल है और इसमें पानी नहीं आ रहा है बाहरी व्यक्ति या किसी के मेहमान यहां पर आकर पानी के लिए परेशान रहते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि संबंधित अधिकारियों से संपर्क भी किया गया संपर्क होने के बाद भी अधिकारियों ने बताया



कि इस नल में मोटर पड़ी हुई है जो ठीक नहीं हो सकता। अगर अधिकारी ही इस तरह से बताएंगे तो आम लोग पानी कहां से पीयेंगे। उन्होंने कहा कि अगर यह नल ठीक नहीं हो सकता तो इस नल की जगह दूसरा नल नया लगा देना चाहिए जिससे आम जनता को इस भयंकर गर्मी में अपनी प्यास बुझाने के लिए पानी से राहत मिल सके। उन्होंने चेतावनी भरे स्वर में कहा कि अगर अधिकारियों के द्वारा इस नल को ठीक नहीं कराया गया या इस नल की जगह नया नल नहीं लगाया गया तो हम मजबूर होकर उच्च अधिकारियों को लिखेंगे और धरना प्रदर्शन भी करेंगे जिसकी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी।

# दुकान बेचने के नाम पर दस लाख की धोखाधड़ी

## महिला सहित पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** न्यायालय के आदेश पर एक व्यक्ति की तहरीर दुकान बेचने के नाम पर दस लख रुपये ठगने ओर दुकानों में रखा सामान चोरी करने के मामले में पुलिस ने एक महिला समेत पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार यूपी के मुजफ्फरनगर गोधना निवासी परवेज आलम ने तहरीर देकर बाताया कि जाहिदा व जुनैद निवासी मुकर्रबपुर कलियर की सोहलपुर रोड पर तीन दुकानें किराए पर ले रखी थी।जिसमें उसने करीब 15 सालों से अधिक हार्डवेयर ओर शीशे का कार्य कर रहा था। जनवरी 2024 को जुनैद ओर उसकी मां जाहिदा के परिवार के रिकसाना उसके पुत्र हसीन ओर रहीस ने कहा कि वह जुनैद ओर जाहिदा से बोल कर तीनों दुकानें 25 लाख रुपये में तेरे नाम करा देंगे।उनकी बातों में आकर उसने 11 जनवरी 2024 को 5 लाख रुपये नकद दे दिए।उसके बाद 4 मार्च 2024 को 5 लाख रुपये ओर दे दिए। दस लाख रुपये देने का बाद जब बैनामा कराने के नाम पर रिकसाना ओर उसके दोनो पुत्र आनाकानी करने लगे।उसने जुनैद ओर उसकी मां जाहिदा से बात की तो उन्होंने दुकानें बेचने से इनकार कर दिया। जब पीड़ित ने उनसे अपने पैसे मांगे तो उन्होंने पैसे वापस करने से मना कर दिया। और जान से मारने की धमकी देने लगे।और 21 फरवरी 2025 को दुकानों के ताले तोड़कर उनमें रखा करीब बीस लाख रूपये का समान ट्रैक्टर ट्रॉली में भरकर ले गए।पीड़ित ने न्यायालय का दरवाजा खट खटायाथाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर रिकसाना,हसीन,रहीस निवासी मुकर्रबपुर कलियर,नोशाद निवासी कोटा मुरादनगर, जीशान निवासी सुल्तानपुर के खिलाफ धोखाधड़ी कर जान से मारने की धमकी देने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

# अवैध शराब के साथ एक तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली गंगनहर पुलिस द्वारा अवैध शराब के साथ एक तस्कर को धर दबोचा लिया गया है। आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

जानकारी के अनुसार जनपद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता अपराधिकयों/संदिग्ध व्यक्तियों/असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाए जाने हेतु निर्देशित किया गया था। आदेश के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गंगनहर द्वारा अलग-अलग पुलिस टीम का गठन करने त्वरित कार्यवाही हेतु क्षेत्र में रवाना किये गये। पुलिस टीम द्वारा शान्ति व्यवस्था ड्यूटी, चौकिंग संदिग्ध वाहन / व्यक्ति के दौरान मुखबिर की सूचना पर 01 अभियुक्त को अवैध देशी शराब माल्टा मार्का के 64 पव्वो के साथ सुनहरा आम का बाग वाले रास्ते से हिरासत पुलिस लिया गया। जिसके विरूध्द थाना हाजा पर अभियोग पंजीकृत कर अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है। नाम पता अभि0गण स्वराज पुत्र कर्म सिंह निवासी ग्राम सालियर साल्हापुर कोतवाली गंगनहर जनपद हरिद्वार है। मुकदमा अपराध संख्या 254/25''धारा' 60 आबकारी एक्ट'बरामदगी' देसी शराब माल्टा मार्का 64 पव्वे बरामद किये है। पुलिस टीम में कांस्टेबल प्रीतम सिंह, कांस्टेबल अमित सोलंकी शामिल रहे।

# कृष्णा नगर की निधि हत्याकांड में एक आरोपी को फांसी, तो दूसरे को उम्रकैद की सजा

**रुड़की।** चार वर्ष पूर्व रुड़की के कृष्णानगर इलाके में हुई निधि नामक युवती की हत्या के मामले में अदालत ने एक आरोपी को फांसी व एक को उम्रकैद की सजा सुनाई है।तो तीसरा आरोपी नाबालिग होने के चलते किशोर न्यायालय में विचार दिन है। पीड़ित पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता संजीव वर्मा के मुताबिक 21 अप्रैल 2021 को कृष्णानगर क्षेत्र में रहने वाली निधि की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में एडीजे प्रथम रमेश सिंह की अदालत मैं आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चल रहा थापीड़ित पक्षमें आरोपी पक्ष के अधिवक्ताओं कीवह सुनने के बाद न्यायालय ने निधि की हत्या में नामजद आरोपी हैदर को फांसी और सारिक उर्फ आरिफ को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। जबकि तीसरा आरोपी रेहान घटना के समय नाबालिग होने के कारण उसके मामले में अभी किशोर न्यायालय में सुनवाई चल रही है। आरोपियों को उम्र कैद में फांसी की सजा मिलने के बाद निधि के परिवार वालों ने न्याय की जीत बताते हुए कहा कि उन्हें न्यायालय पर पूरा भरोसा था कि उनकी बेटी के हत्यारे को कड़ी सजा मिलेगी और उन्हें इंसाफ मिलेगा।

# शांति भंग में दो पक्षों के 10 लोग अलग-अलग स्थान से गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली रुडकी पुलिस द्वारा शांति भंग मे दो पक्षों के 10 व्यक्तियो को अलग-अलग स्थान से गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी के अनुसार दिनाँक 12.06.2025 को पुलिस गस्त पार्टी को सूचना मिली की टोडा एहतमाल में दो पक्षों में पैसे के लेन देन को लेकर आपस में झगड़ा हुआ है जिस सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को समझने का प्रयास किया तो दोनों पक्ष लड़ने पर आमादा रहे और आपस में लड झगड़कर शांति भंग करने का प्रयास किया जा रहा था। शांति भंग के दृष्टिगत पुलिस द्वारा सभी 7 व्यक्तियों को अंतर्गत धारा 170 मैं गिरफ्तार किए गए।

दूसरी झगड़े की सूचना पर पुलिस पर पुलिस मौके पर ढन्डेरा पहुंच कर समझाने का प्रयास किया तो मार पीट पर उतारू रहे जिस पर दोनों पक्षों को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त गण को माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है ''गिरफ्तार अभियुक्त में 1.राकेश पुत्र सुरेश 2.सुनील पुत्र सुरेश 3.गौरव पुत्र सुरेश4.सुलेमान पुत्र असलम5.सनोवर पुत्र रिजवान 6.अमजद पुत्र मुर्तजा7. शहजाद पुत्र मुबारक निवासी गन टोडाएतमाल कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार 8.अमन गोस्वामी पुत्र रमेश गिरी निवासी धूमनगली थाना हस्तिनापुर तहसील मवाना जिला मेरठ उत्तर प्रदेश 9.रोहतास पुत्र बलराम निवासी देव एनक्लेव गली नंबर 5 ढदेरा कोतवाली रुड़की 10.भोला उर्फ अर्जुन पुत्र निर्धन निवासी मलकपुर माजरा कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार शामिल रहे। वहीं आरोपियों को पकडने वाली पुलिस टीम में 1.उप निरीक्षक सूरत शर्मा 2. हेड कांस्टेबल मेजर सिंह 3. कांस्टेबल शोबन सिंह 4.कांस्टेबल विकास त्यागी 5.कांस्टेबल प्रदीप भंडारी6. कांस्टेबल अनुप 7. कांस्टेबल अमित 8.कांस्टेबल शूरवीर 9.होमगार्ड ईश्वर लाल 10. पीआरडी आनंद आदि शामिल रहे।

# लीची तोड़ने पर युवक से मारपीट के आरोप में तीन गिरफ्तार

**रुड़की।** मंगलौर क्षेत्र से सोशल मीडिया पर विगत दिनों एक वीडियो वायरल हो रहा था,जिसमें एक युवक पर चोरी का इल्जाम लगाते हुए उक्त युवक को लीची के बाग में पेड़ पर बांधकर उससे मारपीट की जा रही थी। वायरल वीडियो कस्बा मंगलौर के पास का होने की बात प्रकाश में आने पर एसएसपी हरिद्वार के निर्देश पर कार्यवाही करते हुए कोतवाली मंगलौर पुलिस ने वीडियो में नजर आ रहे युवकों को चिन्हित करते हुए 03 आरोपियों को हिरासत में लिया। अपने कृत्य के लिए क्षमा याचना करने वाले तीनों युवकों को धारा 170 बीएनएसएस के तहत न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। विधिक कार्यवाही प्रचलित है। पकड़े गए आरोपितों में माजिद पुत्र जाहिद निवासी मौ0 इस्लामनगर,इरफान पुत्र सुलेमान निवासी उपरोक्त,कैफ पुत्र लईक निवासी उपरोक्त शामिल हैं। उधर एसएसपी के अपराध नियंत्रण संबंधी आदेश के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गंगनहर द्वारा अलग-अलग पुलिस टीम का गठन कर त्वरित कार्यवाही हेतु क्षेत्र में रवाना किये गये।

# गंगनहर में नहाते समय हुड़दंग मचा रहे 19 गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** गंगनहर में लगातार जायरीनों के डूबने के बाद कलियर पुलिस हरकत में आ गई और गंगनहर में नहाने पर हुड़दंग करने वाले युवकों को गिरफ्तार कर पुलिस एक्ट में कार्रवाई की है। पिछले कुछ दिनों में पिरान कलियर गंगनहर में डूबने के सिलसिला जारी हैं। लोग गर्मी से राहत पाने के लिए नहाने के लिए गंगनहर का रुख कर रहे हैं ऐसे में लगातार हादसे भी हो रहे हैं।पुलिस ने गंगनहर घाट पर नहाने के दौरान हुड़दंग करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर गिरफ्तार कर पुलिस एक्ट में कारवाई की है। थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि गंगनहर में स्नान के दौरान श्रद्धालुओं के डूबने की घटनाओं की सूचना लगातार प्राप्त हो रही थी। जिस पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देशों पर सघन अभियान चला कर ऑपरेशन लगाम अभियान के अंतर्गत पुलिस टीमों ने गंगनहर एवं अन्य सार्वजनिक जलस्रोतों के किनारों पर निगरानी रखते हुए कुल 19 व्यक्तियों को हुड़दंग मचाने, अशांति फैलाने और सुरक्षा व्यवस्था भंग करने के आरोप में हिरासत में लेकर उनके खिलाफ 81 पुलिस एक्ट में कारवाई करते हुए चार हजार सात सौ पचास रुपये का संयोजन शुल्क वसूला गया। साथ ही भविष्य में ऐसी गतिविधियों से दूर रहने की कड़ी चेतावनी भी दी गई है।और जनता से गंगनहर नदी या अन्य जलस्रोतों पर शांति बनाए रखें, सुरक्षित दूरी रखें, प्रशासन के निर्देशों का पालन और धार्मिक पर्यटन को गरिमामयी बनाए रखने की अपील की हैं।

# पुलिस ने फरार वारंटी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** वारंटियो के विरुद्ध कोतवाली गंगनहर पुलिस की धर पकड़ लगातार जारी है। इसी के तहत न्यायालय के आदेशानुसार लगातार फरार चल रहे 01 वारंटी को गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी के अनुसार न्यायालय से प्राप्त गैर जमानतीय वारण्टो की शत प्रतिशत तामील किये जाने हेतु एसएसपी हरिद्वार महोदय' द्वारा निर्देशित किया गया है। आदेश के अनुपालन में कोतवाली गंगनहर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए दिनांक 11-06-2025 को दबिश देकर 01 वारंटी' को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारंटी को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। नाम पता गिरफ्तार वारंटी विकास कुमार पुत्र रामलाल उर्फ श्यामलाल निवासी चौहान डेरी से पहले गली में नीम के पेड़ के पास कोतवाली गंगनहर है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक राजीव उनियाल, हेड कांस्टेबल रघुवीर सिंह, कांस्टेबल संदीप सिंह आदि शामिल रहे।

## एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल व गंगनहर पुलिस की स्पा सेंटरों पर छापेमारी से मचा हड़कंप

# स्पा सेंटरों की आड़ में जिस्मफरोशी का चल रहा था खेल

## चार महिलाओं सहित एक पुरुष गिरफ्तार, कई मोबाइल व आपत्तिजनक सामग्री बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** शहर में स्पा सेण्टरों में अवैध देह व्यापार की सूचना पर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल व गनर पुलिस ने संयुक्त रूप से छापा मार कार्रवाई करते हुए चार महिलाएं व एक पुरुष को गिरफ्तार किया है । पुलिस की कार्रवाई से स्पा सेंटर स्वामियों में हड़कंप मचा रहा हुआ है

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देश पर आज दिनांक 11/6/25को एंटी ह्यूमन ट्रैफिक सेल और थाना गंगनहर पुलिस की संयुक्त छापामारी में रामनगर चौक स्थित स्पा सेंटर 20-20 से पुलिस द्वारा 4महिला और । पुरुष को अनैतिक देह व्यापार आधि



नियम के तहत गिरफ्तार किया है पकड़े गये पुरुष का नाम सौरभ सेनी पुत्र अचपाल सिंह निवासी ग्राम हलवान मस्त थाना फतेहपुर सहारनपुर है।जबकि पुलिस द्वारा मलिक गुरमीत सिंह पुत्र मदन निवासी सहारनपुर को भी अनैतिक देह व्यापार का आरोपी बनाया है जो फरार है ।स्पा

**❖लंबे वक्त से मिल रही थी स्पा सेंटर पर देह व्यापार के धंधे की शिकायत, मालिकों में मचा हड़कंप**

से गिरफ्तार महिलाओं में गुरमीत की मंगेतर भी है मौके पर आरोपियों से नकदी कंडोम मोबाइल फोन भी बरामद हुए है। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल व गनर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई से आज शहर के पास सेंटर मालिकों में हड़काम मचा रहा।

गौर तलब है कि आजकल बड़े शहरों में स्पा सेंटर की आड़ में जिस्मफरोशी के धंधे जोरो से चल रहे हैं जिसमें रईस जादे व कई बड़े घराने के युवा भी स्पा सेंटर की आड़ में खुलकर अय्याशी करने जाते हैं जिसे समाज में बुरा असर पड़ रहा है अब से पहले भी कई बार स्पा सेंटर पर छापेमारी हुई है और वहां से कई रईस



जादे उद्यमी व महिलाएं गिरफ्तार भी हो चुकी है। टीम उपनिरीक्षक राखी रावत उप निरीक्षक देवेंद्र रावत, जयराज, दीपक डबराल, मुकेश, रणवीर आदि शामिल रहे।

# विमान सुरक्षा पर गंभीर सवाल

गुरुवार का काला दिन, जिसने दो सौ से भी ज्यादा जिंदगी लील ली, लेकिन हमने अभी तक ऐसी घटनाओं से सबक नहीं लिया है। आखिर कब तक ऐसे ही निर्दोष लोगों की जान जाती रहेगी। गुजरात के अहमदाबाद एयरपोर्ट पर एयर इंडिया का बो. इंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन क्रैश हुआ है। इसमें गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी समेत 242 यात्री सवार थे सभी की मौत हो गई। अभी तक देखने में आया है कि घटना होने के बाद ही शासन-प्रशासन हरकत में आता है। इससे पहले भी ऐसी ही घटनाएं हुई हैं, लेकिन उनसे हमारी सरकार ने कोई सबक नहीं सीखा है। भारत में विमान हादसों का लंबा इतिहास रहा है, जिन्होंने देश को झकझोर दिया। इन हादसों ने न केवल सैकड़ों जिंदगियों को छीना, बल्कि विमानन सुरक्षा पर भी गंभीर सवाल खड़े किए। इससे पहले विमान का मलबा देखकर नहीं लगता है कि इस हादसे में कोई व्यक्ति जीवित बचा होगा। भारत में विमान हादसे का लंबा इतिहास रहा है, जिन्होंने देश को झकझोर दिया। इन हादसों ने न केवल सैकड़ों जिंदगियों को छीना, बल्कि विमानन सुरक्षा पर भी गंभीर सवाल खड़े किए। इससे पहले हरियाणा के चरखी दादरी में सऊदी अरब एयरलाइंस और कजाकिस्तान एयरलाइंस के विमानों की मिड-एयर टक्कर हुई थी ,जिसमें 349 लोगों की मौत हुई थी, जबकि अटलांटिक महासागर, आयरलैंड तट पर विमान में खालिस्तानी आतंकी हमले में बम विस्फोट हुआ था, जिसमें 329 लोगों की जान गई थी। मुंबई में अरब सागर पर एयर इंडिया फ्लाइट में जनवरी 1978 में टेकआफ के बाद फेल्योर होने के कारण 213 लोगों की मौत हुई थी और भी ऐसे हादसे हैं, जिन्होंने देश को झकझोरा है, लेकिन नागरिक उड्डयन विभाग ने कोई सबक नहीं सीखा है। आखिर ये हादसे क्यों होते हैं, ये जानना भी जरूरी है। कई बार देखने को मिलता है कि विमान का इंजन फेल हो जाता है, नेविगेशन सिस्टम में खराबी हो जाती है या लैंडिंग गियर या विंग्स में गड़बड़ी हो जाती है, जिसकी वजह से विमान क्रैश होता है। कई बार पायलट की गलती या एयर ट्रैफिक कंट्रोल में हुई चूक की वजह से प्लेन क्रैश हो जाता है। इसके अलावा कई बार प्लेन उड़ा रहे पायलट के अनुभव की कमी की वजह से उसके द्वारा लिए गए गलत निर्णय के चलते प्लेन क्रैश होता है। कई बार प्लेन में ईंधन ठीक से न भरा जाना, टायर प्रेशर की निगरानी में हुई चूक या टेक्निकल स्टाफ से हुई चूक भी विमान के क्रैश होने की संभावना को काफी ज्यादा बढ़ा देती है। तेज आंधी तूफान, बिजली, भारी वर्षा खराब मौसम में टर्बुलेंस की वजह से विमान नियंत्रण से बाहर चला जाता है, जिसकी वजह से वह हादसे का शिकार हो जाता है। जब भी कोई विमान हादसा होता है, तो संबंधित जांच विभाग दुर्घटना के कारणों की जांच में जुट जाते हैं। हादसे के जांच होना तो लाजमी है, परंतु जब-जब विमान हादसे होते हैं और हादसों की जांच की रिपोर्ट आती है, तो क्या वास्तव में इन रिपोर्टों से सबक लिए जाते हैं कि भविष्य में ऐसे हादसे न हों। क्या विश्व भर के नागरिक उड्डयन मंत्रालय व उससे संबंधित विभाग और एयरलाइंस इन रिपोर्टों को गंभीरता से लेते हैं।

## हस्तक्षेप की सीमा और मर्यादा होनी चाहिए



ज्यूडिशियल रिव्यू (न्यायिक समीक्षा) की शक्ति का इस्तेमाल संयम से करना चाहिए, ऐसा तभी हो, जब कोई कानून संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करता हो, कई बार आप (कोर्ट) सीमाओं को पार करने की कोशिश करते हैं और वहां घुसने की कोशिश करते हैं, जहां आमतौर पर न्यायपालिका को प्रवेश नहीं करना चाहिए, ज्यूडिशियल अलर्टनेस जरूरी है, लेकिन इसे ज्यूडिशियल टेररिज्म में नहीं बदलना चाहिए, जब विधायिका और कार्यपालिका नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने में असफल रहती हैं, तब न्यायपालिका को हस्तक्षेप करना पड़ता है, लेकिन इस हस्तक्षेप की सीमा और मर्यादा होनी चाहिए।

**-जस्टिस बीआर गवई**
**चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया**

# पिता-पुत्र का रिश्ता बेजोड़ एवं विलक्षण





**ललित गर्ग**

भारतीय संस्कृति में पिता का स्थान आक. ाश से भी ऊंचा माना गया है, पिता की धर्म है, पिता ही संबल है, पिता ही ताकत है। पिता हर संतान के लिए एक प्रेरणा हैं, एक प्रकाश हैं और संवेदनाओं के पुंज हैं। इसके महत्व को दर्शाने और पिता व पिता तुल्य व्यक्तियों के योगदान को सम्मान देने के लिए हर साल जून महीने के तीसरे रविवार को अंतर्राष्ट्रीय पिता दिवस यानी फादर्स डे मनाया जाता है।

इस साल 15 जून 2025 को भारत समेत विश्वभर में यह दिवस मनाया जाएगा। फादर्स डे 2025 का आधिकारिक थीम पिता: लचीलेपन का पोषण और भविष्य को आकार देना है। यह थीम हमारे जीवन में पिताओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालती है, जो बच्चों में सकारात्मक भावनाओं और सामाजिक विकास को बढ़ावा देते हैं। दुनिया के अलग-अलग देशों में अलग-अलग दिन और विविध परंपराओं के कारण उत्साह एवं उमंग से यह दिवस मनाया जाता है। यह एक ऐसा दिन है जिसे अपने पिता के सम्मान के लिए मनाया जाता है, साथ ही पितृत्व, पैतृक बंधन और समाज में पिताओं के प्रभाव को भी याद किया जाता है। हिन्दू परंपरा के मुताबिक पितृ दिवस भाद्रपद महीने की सर्वपितृ अमावस्या के दिन होता है। पिता एक ऐसा शब्द जिसके बिना किसी के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। एक ऐसा पवित्र रिश्ता जिसकी तुलना किसी और रिश्ते से नहीं हो सकती। पिता ईश्वर का सबसे अच्छा उपहार हैं। जीवन में कोई भी पिता की जगह नहीं ले सकता। पिता अपनी संतान के सच्चे शुभचिंतक एवं हितैषी होते हैं।

सोनेरा डोड जब नन्ही-सी थी, तभी उनकी मां का देहांत हो गया। पिता विलियम स्मार्ट ने सोनेरो के जीवन में मां की कमी नहीं महसूस होने दी और उसे मां का भी प्यार दिया। एक दिन यूं ही सोनेरा के दिल में ख्याल आया कि आखिर एक दिन पिता के नाम क्यों नहीं हो सकता? इस तरह 19 जून 1910 को पहली बार फादर्स डे मनाया गया। 1924 में अमेरिकी राष्ट्रपति कैल्विन कोली ने फादर्स डे पर अपनी सहमति दी। फिर 1966 में राष्ट्रपति लिंडन जानसन ने जून के तीसरे रविवार को फादर्स डे मनाने की आधिकारिक घोषणा की। पिता ही बच्चों की सुरक्षा, विकास व समृद्धि के बारे में सोचते हैं। बावजूद बच्चों द्वारा पिता की लगातार उपेक्षा, दुर्व्यवहार एवं प्रताड़ना की स्थितियों बढ़ती जा रही है, जिन पर नियंत्रण के लिए इस दिवस की विशेष उपयोगिता एवं प्रासंगिकता है। मानवीय रिश्तों में दुनिया में सबसे बड़ा स्थान मां को दिया जाता है, लेकिन एक बच्चे को बड़ा और सभ्य बनाने में उसके पिता का योगदान कम करके नहीं आंका जा सकता। पिता नीम के पेड़ जैसा होता है उसके पत्ते भले ही कड़वे होते हैं पर वो छाया ठंडी देता है। पिता और बच्चों का रिश्ता इस दुनिया में सबसे अलग होता है। एक तरफ पिता बच्चों को डांटते हैं, तो दूसरी तरह बच्चों से बेहद प्रेम भी करते हैं। पिता अपने बेटे की चोट पर व्यथित तो होता है लेकिन उसे बेटे के सामने मजबूत बने रहना है। ताकि बेटा उसे देख कर जीवन की समस्याओं से लड़ने का पाठ सीखे, सख्त एवं निडर बनकर जिंदगी की तकलीफों का सामना करने में सक्षम हो। भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों में पिता को देवतुल्य माना गया है। हमारे ग्रन्थों में माता-पिता और गुरु तीनों को ही देवता माना गया है।

इनकी सेवा और भक्ति में कसर रह जाए तो फिर ईश्वर की प्राप्ति संभव नहीं। और अगर हमने इनकी सेवा पूरे मन से की तो भगवान स्वयं कच्चे धागे से बंधे भक्त के पीछे-पीछे चल पड़ते हैं। इस दिवस को मनाने के तरीके अलग-अलग हो सकते हैं, परन्तु सभी का मुख्य उद्देश्य यह होता है कि वे अपने पिता के योगदान को न भूलें और उनको अकेलेपन की कमी को महसूस न होने दें। इतिहास में अनेकों ऐसे उदाहरण है कि पिता की आज्ञा से भगवान राम जैसे अवतारी पुरुषों ने राजपाट त्याग कर वनों में विचरण किया, मातृ-पितृ भक्त श्रवण कुमार ने अपने अन्धे माता-पिता को कांवड़ में बैठाकर चारधाम की यात्रा कराई। फिर क्यों आधुनिक समाज में पिता और उनकी संतान के बीच दूरियां बढ़ती जा रही है। आज के पिता समाज-परिवार से कटे रहते हैं और सामान्यत: इस बात से सर्वाधिक दु:खी है कि जीवन का विशद अनुभव होने के बावजूद कोई उनकी राय न तो लेना चाहता है और न ही उनकी राय को महत्व देता है। समाज में अपनी एक तरह से अहमियत न समझे जाने के कारण हमारे पिता दु:खी, उपेक्षित एवं त्रासद जीवन जीने को विवश है। पिता को इस दु:ख और कष्ट से छुटकारा दिलाना आज की सबसे बड़ी जरूरत है। मां ममता का सागर है पर पिता उसका किनारा है। मां से ही बनता घर है पर पिता घर का सहारा है। मां से स्वर्ग है मां से बैकुंठ, मां से ही चारों धाम है पर इन सब का द्वार तो पिता ही है। उन्हीं पिता के सम्मान में पितृ दिवस मनाया जाता है।

आधुनिक समाज में पिता-पुत्र के संबंधों की संस्कृति को जीवंत बनाने की अपेक्षा है। हर पिता अपने पुत्र की निषेधात्मक और दुष्प्रवृत्तियों को समाप्त करके नया जीवन प्रदान करता है। वरुण जल का देवता होता है। जैसे जल वस्त्र आदि के मैल को दूर करता है, वैसे ही पिता पुत्र की मान. सिक कलुषता को दूर कर सद्संस्कारों का बीजारोपण करता है एवं उसके व्यक्तित्व को नव्य और स्वच्छ रूप प्रदान करता है। चन्द्रमा सबको शांति और प्रदान करता है, वैसे ही पिता की प्रेरणाएं पुत्र को मानसिक प्रसन्नता और परम शांति देती है। जैसे औषधि दुख, दर्द और पीड़ा का हरण करती है, वैसे ही पिता शिव शंकर की भांति पुत्र के सारे अवसाद और दुखों का हरण करते हैं। पय का अर्थ है-दूध। जैसे माता का दूध पुष्टि प्रदान करता है, वैसे ही पिता पुत्र के आत्मिक बल को पुष्ट करते हैं। मेरे लिए मेरे पिता स्व। रामस्वरूपजी गर्ग देवतुल्य एवं गहन आध्यात्मिक- धार्मिक जीवट वाले व्यक्तित्व थे। उनकी जैसी सादगी, उनकी जैसी सरलता, उनकी जैसा समर्पण, उनकी जैसी धार्मिकता, उनकी जैसी पारिवारिक नेतृत्वशीलता और उनकी जैसी संवेदनशीलता को जीना दुर्लभ है। उन्होंने परिवार एवं समाज को समृद्धशाली और शक्तिशाली बनाने की दृष्टि से उल्लेखनीय कार्य किया। मेरे लिए तो वे आज भी दिव्य ऊर्जा के केन्द्र हैं। मेरे पिता मेरे आदर्श हैं, मेरे पिता संघर्ष की आंधियों में हौंसलों की उड़ान रहे तो आत्मविश्वास की दीवार रहे। पिता आंसुओं और मुस्कान का एक समुच्चय है, जो बेटे के दुख में रोता तो सुख में हंसता है। उसे आसमान छूता देख अपने को कद्दावर मानता है तो राह भटकते देख अपनी किस्मत की बुरी लकीरों को कोसता है। पिता गंगोत्री की वह बूंद है जो गंगा सागर तक एक-एक तट, एक-एक घाट को पवित्र करने के लिए धोता रहता है। पिता वह आग है जो घड़े को पकाता है, लेकिन जलाता नहीं जरा भी। वह ऐसी चिंगारी है जो जरूरत के वक्त बेटे को शोले में तब्दील करता है। वह ऐसा सूरज है, जो सुबह पक्षियों के कलरव के साथ धरती पर हलचल शुरू करता है, दोपहर में तपता है और शाम को धीरे से चांद को लिए रास्ता छोड़ देता है।

पिता वह पूनम का चांद है जो बच्चे के बचपने में रहता है, तो धीरे-धीरे घटता हुआ क्रमश: अमावस का हो जाता है। पिता समंदर के जैसा भी है, जिसकी सतह पर असंख्य लहरें खेलती हैं, तो जिसकी गहराई में खामोशी ही खामोशी है। वह चखने में भले खारा लगे, लेकिन जब बारिश बन खेतों में आता है तो मीठे से मीठा हो जाता है। बचपन में चॉकलेट, खिलौने दिलाने से लेकर युवावर्ग तक बाइक, कार, लैपटॉप और उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजने तक संतान की सभी मांगों को पिता ही पूरा करते रहते हैं।

**बशीर बद्र साहेब का एक शेर है-**
**लोग टूट जाते हैं एक घर बनाने में। तुम तरस नहीं खाते बस्तियां जलाने में।**
**आज यह बस्तियां तोड़ दीं ये मजलूमों की भीड़ फिर किसी और शहर की ओर रवाना हो जाएगी-**
**हटो कांधे से आंसू पोंछ डालो वो देखो रेल-गाड़ी आ रही है। मैं तुम को छोड़ कर हरगिज न जाता गरीबी मुझ को ले कर जा रही है।**
**अज्ञात**
**गरीब तो वह जंगली जानवर हैं कि वो दीपावली के दिए में बचे तेल से निवाले निकाल लिया करते हैं। लखनऊ से फरीदाबाद, दिल्ली से नोएडा और गुड़गांव तक, धारावी से लेकर जयपुर और मध्य प्रदेश तक। जहां-जहां यह बस्तियां मिलें इन्हें नेस्तनाबूद किया जाना चाहिए क्योंकि गरीबों का मर जाना ही अच्छा है। स्मार्ट सिटीज पर मलिन बस्तियों का पैबंद रहे तो रहे क्यों?**

# आज तक आग ने कोई रिश्ता नहीं निभाया



**पवन सिंह**

एक सरकारी कवयित्री का एक भजन कभी बहुत चर्चित हुआ था। मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे वो आएंगे। झोपड़ी वालों ने सावन के काले-कजरारे बादलों की तरह झूम-झूमकर कर खूब भजन गाए और अपनी झोपड़ियों के दरवाजे खुले रखे लेकिन वो नहीं आए उन्होंने बुल्डोजर भिजवा दिया। लाखों की संख्या में गरीबों की झोपड़ियां, टीन शेड्स, तिरपाल के घर। सब कुछ तबाह कर दिए गए। मानवीय मूल्यों, संवेदनाओं और एक इंसान होने की सलाहियत तक को बुल्डोजर के लौह पंजों ने रौंद डाला। लोग रोते रहे।

चीखते रहे। आंखों में आंसुओं का सैलाब। सुबकते दों होठों के बीच जुड़े और कांपते हुए दोनों हाथ। दर्द और पीड़ा इतनी कि होंठ कुछ कहने के लिए कांपते रहे लेकिन कह न सके। एल्यूमिनियम का पतीला और चंद थालियां, कुछ ग्राम या बमुश्किल एक किलो अनाज समेट कर। सब कुछ धूलधूसरित हो जाने की वह पीर, वही जान सकता है जिसने अपनी आंखों के सामने सब कुछ कतरा-कतरा बिखरते हुए देखा है। कभी ये झोपड़ पट्टियां भी सांसे लेती थीं। जिंदगी यहां भी चलती थी। इन बस्तियों में लाशें नहीं रहती थीं। तुम्हारी हिकारत भरी नजरों के बावजूद कभी उन्होंने तुमसे शिकायत भी न की, लेकिन फिर भी तुमने दशकों-दशक से बसे घरौंदों को जमींदोज कर दिया। माना वह घरौंदे अवैध थे, लेकिन लोग तो इंसान थे। बिल्कुल वैसे ही, जैसे हम और आप हैं।

इन लेच्छ जानवरों ने कभी राह चलते आपकी मर्सिडीज नहीं रोकी और न अपनी बांसी रोटी को आपके पिज्जा से टकराया। न कभी आपके फ्राइड राइस और मशरूम पनीर भरी प्लेट से सूखे चावल की टुटही एल्यूमिनियम की थाली टकराई, लेकिन आपने उसके टीन शेड, पालीथीन और ईंट के घरों को पल भर में नेस्तनाबूत कर दिया। जब आप बस्तियां धूल में मिला रहे थे तो बदहवासी देखी थी क्या? गंदे और फटे कपड़ों में घुटनों के बल बैठे, दोनों कोहनियों को घुटनों में फंसाए, उंगलियों से टपकते अश्क को पोंछते इन इंसानी जानवरों को देखा था क्या। माना कि उन बस्तियों के नीचे की जमीनें बहुत कीमती हैं। आप ले लेते जमीनें, लेकिन उनको पहले कहीं पुर्नवासित तो कर देते। ये जो बस्तियां उजाड़ी हैं, यह आपके घरों की टाइल्स और मार्बल्स की चमक थीं। दो रोटी कमाने आपके शहर आए थे। आपके घरों में झाड़ू पोंछा, आपके कमोड की सफाई, आपके कपड़ों पर प्रेस, आपकी गली की सफाई, पानी पीकर सड़क पर फेंकी गईं करोड़ों बोतलों और चिप्स खाकर फेंके गए पैक्टों को बीन कर साफ करने वालों, मंडी से सुबह 4 बजे सब्जी लाकर आप की गली में बेचने वाले। इन जानवरों के लिए बुल्डोजर ही विकल्प है। इनमें से तमाम ये इंसानी जानवर अपने-अपने शहरों, गांवों की ओर लौट जाएंगे। हो सकता है इनमें से तमाम युवा न लौटें। यह जो नहीं लौटेंगे इनकी भूख और बेबसी इन्हें अपराधी बनाएगी। यह आंच आप तक भी आएगी। भरे-अघाए पेट वालों से कहीं ज्यादा ताकतवर भूखा और बेबस आदमी होता है। भूख डर खा जाती है और बेबसी व लाचारी संवेदनाओं को चबा जाती है। किसी भी शहर की व्यवस्था को संचालित करने का एक बड़ा पहिया यह मलिन बस्तियां भी रही हैं, लेकिन बुल्डोजर इनका समाधान नहीं हो सकता। गरीबी, बेरोजगारी, मुफलिसी का बहुत गहरा याराना जरायम से है और विगत कुछ सालों में इसमें जबरदस्त इजाफा हुआ है। यह और भी भयावह होगा इसके लिए आप लोग मानसिक रूप से तैयार रहें। आज तक आग ने कभी कोई रिश्ता नहीं निभाया है। फिलहाल, झोपड़ियां, बस्तियां उजड़ गईं, आगे और उजड़ेंगी, क्योंकि आपकी झोपड़ी के भाग में वो कभी नहीं आते। जब वो धर्मस्थलों में पांच साल की बच्चियों महिलाओं के रेप पर बाहर निकल कर नहीं आते तो क्या खाक तेरी झोपड़ी में आएंगे। वो उनके साथ है जो इनको लाए थे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# वायरल और प्रसिद्ध होने के लिए कुछ भी!



**रजनीश कपूर**

आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया ने लोगों को अपनी बात दुनिया तक पहुंचाने का एक शक्तिशाली मंच प्रदान किया है। यह मंच जहां एक ओर रचनात्मकता, ज्ञान और सकारात्मक संदेशों को फैलाने का अवसर देता है, वहीं दूसरी ओर कुछ लोग इस मंच का दुरूपयोग भी कर रहे हैं। एक चिंताजनक प्रवृत्ति जो हाल के वर्षों में उभरी है, वह है सार्वजनिक स्थानों पर अश्लीलता के जरिए वायरल होने और प्रसिद्धि हासिल करने की कोशिश। यह न केवल सामाजिक मूल्यों को ठेस पहुंचाता है, बल्कि समाज में नैतिकता और संस्कृति के लिए भी गंभीर खतरा पैदा करता है।

सोशल मीडिया पर वायरल होने की होड़ ने कई लोगों को गलत रास्ते पर धकेल दिया है। कुछ लोग त्वरित प्रसिद्धि के लिए सार्वजनिक स्थानों पर अश्लील व्यवहार, अभद्र भाषा, अनुचित कपड़े या आपत्तिजनक हरकतें करते हैं और इसे रिकॉर्ड करके ऑनलाइन डाल देते हैं। उदाहरण के तौर पर, कुछ युवा सार्वजनिक स्थानों जैसे मेट्रो, बस, पार्क या बाजारों में अश्लील नृत्य, अशोभनीय टिप्पणियां या विवादास्पद कृत्य करते हैं, ताकि लोग उनकी वीडियो देखें, शेयर करें और वे रातोंरात प्रसिद्ध हो जाएं।

इस तरह की सामग्री को अक्सर क्लिकबेट के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, क्योंकि यह लोगों का ध्यान तुरंत खींचती है, लेकिन यह प्रवृत्ति समाज के लिए हानिकारक है, क्योंकि यह न केवल नैतिकता को कमजोर करती है, बल्कि युवा पीढ़ी को भी गलत संदेश देती है। यह सवाल उठता है कि क्या प्रसिद्धि के लिए नैतिकता और सामाजिक मर्यादाओं को ताक पर रखना उचित है? आज के समय में, सोशल मीडिया पर लाखों फॉलोअर्स और व्यूज को सफलता का पैमाना माना जाता है। लोग मानते हैं कि वायरल होने से उन्हें प्रसिद्धि, पैसा और अवसर मिलेंगे। इस लालच में वे अश्लीलता का सहारा भी ले लेते हैं, क्योंकि यह तेजी से ध्यान आकर्षित करता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के एल्गोरिदम विवादास्पद और सनसनीखेज सामग्री को अधिक प्रचारित करते हैं। अश्लील वीडियो या पोस्ट को ज्यादा लाइक्स, शेयर और कमेंट्स मिलते हैं, जिससे वे ट्रेंडिंग लिस्ट में आ जाते हैं। यह क्रिएटर्स को ऐसी सामग्री बनाने के लिए प्रोत्साहित करता है।आधुनिक समाज में कुछ हद तक नैतिकता और सामाजिक मूल्यों में कमी आई है। लोग व्यक्तिगत स्वतंत्रता के नाम पर अनुचित व्यवहार को सही ठहराने लगे हैं। सोशल मीडिया पर लाखों कंटेंट क्रिएटर्स हैं और उनमें से अलग दिखने के लिए कुछ लोग गलत रास्ते चुन लेते हैं। अश्लीलता एक आसान और तेज तरीका लगता है। सार्वजनिक अश्लीलता के जरिए वायरल होने की प्रवृत्ति समाज पर कई नकारात्मक प्रभाव डाल रही है। जब लोग सार्वजनिक स्थानों पर अश्लील व्यवहार करते हैं, तो यह समाज की नैतिकता और मर्यादाओं को कमजोर करता है। खासकर बच्चे और युवा जो सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं, वे ऐसी सामग्री से प्रभावित हो सकते हैं और इसे



सामान्य मानने लगते हैं। अश्लील व्यवहार सार्वजनिक स्थानों पर मौजूद अन्य लोगों के लिए असुविधा और असहजता का कारण बनता है। इससे सामाजिक तनाव और विवाद पैदा हो सकते हैं।कई बार अश्लील वीडियो में महिलाओं या बच्चों को अनुचित तरीके से दिखाया जाता है, जिससे उनकी गरिमा और सुरक्षा को खतरा होता है। भारत जैसे देश में, जहां संस्कृति और परंपराओं का विशेष महत्व है, ऐसी गतिविधियां सांस्कृतिक मूल्यों को नुकसान पहुंचाती हैं। यह सामाजिक एकता और सम्मान को कमजोर करता है।

भारत में सार्वजनिक अश्लीलता को रोकने के लिए कई कानून मौजूद हैं। भारतीय न्याय संहिता के तहत, सार्वजनिक स्थान पर अश्लील कृत्य या शब्दों का उपयोग दंडनीय अपराध है। इसके अलावा, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत भी ऑनलाइन अश्लील सामग्री को फैलाना भी गैरकानूनी है। फिर भी, इन कानूनों का सख्ती से पालन नहीं हो पाता, क्योंकि सोशल मीडिया पर सामग्री की मात्रा इतनी अधिक है कि हर पोस्ट की निगरानी करना मुश्किल है। इस समस्या से निपटने के लिए समाज, सरकार और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को मिलकर काम करना होगा। सार्वजनिक अश्लीलता और ऑनलाइन अश्लील सामग्री के खिलाफ कानूनों का सख्ती से पालन करना जरूरी है। दोषियों को उचित सजा मिलनी चाहिए, ताकि दूसरों के लिए नजीर बने।सोशल मीडिया कंपनियों को अपने एल्गोरिदम में बदलाव करना चाहिए, ताकि अश्लील और विवादास्पद सामग्री को बढ़ावा न मिले। ऐसी सामग्री को तुरंत हटाने और क्रिएटर्स के अकाउंट पर प्रतिबंध लगाने की नीति लागू करनी चाहिए।समाज में नैतिकता और सामाजिक मर्यादाओं के महत्व को समझाने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए। स्कूलों और कॉलेजों में युवाओं को सोशल मीडिया के सही उपयोग के बारे में शिक्षित करना जरूरी है। वहीं माता-पिता को अपने बच्चों के सोशल मीडिया उपयोग पर नजर रखनी चाहिए और उन्हें सही-गलत का अंतर समझाना चाहिए। सोशल मीडिया पर सकारात्मक, रचनात्मक और प्रेरणादायक सामग्री को बढ़ावा देना चाहिए। सरकार और गैर-सरकारी संगठन ऐसी पहल शुरू कर सकते हैं, जो युवाओं को सही दिशा में प्रेरित करें। सार्वजनिक अश्लीलता के जरिए वायरल होने और प्रसिद्धि हासिल करने की प्रवृत्ति एक गंभीर सामाजिक समस्या है, जो न केवल व्यक्तिगत नैतिकता को प्रभावित करती है, बल्कि समाज और संस्कृति पर भी गहरा असर डालती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अहमदाबाद एयर क्रेश पर बोले ब्रिटिश पीएम: हादसे के विजुअल बहुत भयानक

## दुर्घटनाग्रस्त जहाज में 61 विदेशी यात्री थे शामिल

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में एयर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन क्रैश हो गया। इस प्लेन में 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक समेत 242 पैसेंजर सवार थे। हादसे की जगह से अब तक 100 शव मिलने की खबर है।

एयर इंडिया की फ्लाइट नंबर एआई-171 ने दोपहर 1:38 बजे अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। दोपहर 1:40 बजे यह प्लेन क्रैश हो गया। ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने इस हादसे पर दुख जताया है। कीर स्टार्मर ने संसद में कहा कई ब्रिटिश नागरिकों को लेकर लंदन जा रहे प्लेन के अहमदाबाद में क्रैश होने के कई विजुअल बहुत भयानक हैं। मुझे हर अपडेट के बारे में जानकारी दी जा रही है। मेरी संवेदनाएं पीड़ितों के साथ है। वहीं, ब्रिटिश सांसद लूसी पावेल ने कहा कि ब्रिटिश सरकार एयर इंडिया विमान में सवार लोगों को 'हर संभव मदद' मुहैया कराएगी। संसद में बोलते हुए पावेल ने कहा कि कई परिवार हैं, जो अपने लोगों के आने का इंतजार कर रहे हैं। यह बहुत चिंता की बात है। हम उन सभी परिवारों के लिए अपनी गहरी संवेदना जताते हैं। ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वह भारत में लोकल अधिकारियों के साथ मिलकर हादसे के हर पहलू को पता करने और इसमें शामिल लोगों को मदद देने की कोशिश कर रहा है। अगर किसी ब्रिटिश नागरिक को कान्सुलेट से मदद चाहिए या उन्हें अपने दोस्तों या परिवार की चिंता है, तो वे 020 7008 5000 नंबर पर काल कर सकते हैं। वहीं, पुर्तगाल के समुदाय मामलों के राज्य सचिव एमिडियो सूसा ने कहा कि प्लेन क्रैश में दोहरी राष्ट्रीयता वाले 7 पुर्तगाली नागरिक सवार थे। पुर्तगाली अधिकारी उन सभी लोगों के बारे में जानकारी जुटाने की कोशिश कर रहे हैं।






पटना। बेरोजगारी के मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

## पाकिस्तान ने आईएमएफ की मांगों के अनुरूप बजट को अंतिम रूप दिया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की मांगों के अनुरूप अपने बजट को अंतिम रूप देने में कामयाबी हासिल की है। पाकिस्तान के वित्त सचिव इमदादुल्लाह बोसल ने मंगलवार को यह जानकारी दी। 'समा टीवी' की रिपोर्ट के अनुसार बोसल ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आईएमएफ ने कृषि क्षेत्र पर कर न लगाने के पाकिस्तान के अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने इसे पाकिस्तान के लिए 'बड़ी उपलब्धि' बताया। उन्होंने कहा कि उर्वरकों और कृषि रसायनों पर कर मूल रूप से पिछले वित्तीय वर्ष (2024) के लिए निर्धारित किया गया था, लेकिन प्रधानमंत्री के निर्देश के तहत हमने इसे स्थगित करने के लिए आईएमएफ के साथ बातचीत की।

# अमेरिका में भारतीय फैकल्टी की नियुक्ति 45 प्रतिशत तक घटी

## स्टूडेंट की संख्या 1 लाख तक कम हुई

**वाशिंगटन।** अमेरिकी यूनिवर्सिटी- कालेज में भारतीय फैकल्टी की नियुक्ति में 45 प्रतिशत तक की कमी आई है। इस साल सिर्फ 380 भारतीय प्रोफेसरों को नौकरी मिली, जबकि पिछले साल यह संख्या 700 से ज्यादा थी।

अमेरिका में विदेशी फैकल्टी की नियुक्तियां भी कम हुई हैं, इस साल 2500 को नौकरी मिली, जो पिछले साल बाइडेन के समय दोगुनी से अधिक थी। साथ ही, अमेरिका जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या में भी कमी दर्ज की गई है। इस साल 2.31 लाख छात्रों ने ही दाखिला लिया, जबकि 2024 में 3.31 लाख छात्र अमेरिका गए थे। इसके दो बड़े कारण यूनिवर्सिटी का एडमिशन आफर वापस लेना और अमेरिकी दूतावास की ओर से वीजा जारी नहीं करना माना जा रहा है। ट्रम्प ने अमेरिका में विविधता, समानता और समावेशी (डीईएल) प्रोजेक्ट को खत्म कर दिया।

### ■ यूनिवर्सिटी ने छात्रों के एडमिशन आफर वापस लिए

इसके के तहत भारतीयों और अन्य अश्वेत फैकल्टी का कोटा तय होता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। यह कोटा खत्म होने से श्वेत प्रोफेसरों की एंट्री आसान हो गई। ट्रम्प ने कालेज-यूनिवर्सिटी को दिए एग्जीक्यूटिव आर्डर में श्वेत प्रोफेसरों को अहमियत देने के निर्देश दिए हैं।

## इराक से अमेरिकी दूतावास के कर्मचारियों की वापसी

**ह्यूस्टन।** इराक में अमेरिकी दूतावास के गैर-जरुरी कर्मचारियों और उनके आश्रितों को अनिर्दिष्ट सुरक्षा जोखिमों के कारण देश छोड़ने का आदेश दिया गया है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी है। विदेश विभाग ने बुधवार को एक बयान में कहा कि हमारे नवीनतम विश्लेषण के आधार पर हमने इराक में अपने मिशन का दायरा कम करने का फैसला किया है। हम अपने सभी दूतावासों में उचित कर्मियों की स्थिति का लगातार आकलन कर रहे हैं। रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने मध्य पूर्व से अमेरिकी सैन्य कर्मियों के परिजनों की स्वैच्छिक वापसी की मंजूरी दी है।








with you hamesha | xmart by mahindra | *Price indicated is Ex-Showroom price of MX1 petrol variant (All India). Terms of offer may be altered/amended/withdrawn without prior notice. Accessories shown are not part of standard equipment. *T&C apply. To book online visit auto.mahindra.com.

DEHRADUN PREMIER MOTORS: DEHRADUN 9711614830, 9634091119 | RISHIKESH 9711614830 | KOTDWAR 9711614830 | VIKASH NAGAR 9711614830 | TEHRI 9711614830 | RUDRAPRAYAG 9711614830 | UTTARKASHI 9711614830 | CHAMOLI 9711614830 | CHAMBA 9711614830 | SRINAGAR 9711614830

DOON MIGHTY AUTOWHEELS PVT. LTD.: DEHRADUN 9719355666, 7217062101, 7217044772

MIGHTY MOTORS: HARIDWAR 9711615062, 7055009890 | ROORKEE 9711615062 | BHAGWANPUR 9711615062